मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.1 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 28.3 | 13.8 |
| डालटनगंज | 27.2 | 11.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | मंगलवार, 26 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष पूर्णिमा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 248 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र






**सुर्खियां**

**इंटरनेशनल**
- कोरोना के नए वैरिएंट से सारी दुनिया परेशान
- ईरान : नौसेना में क्रूज मिसाइल हुईं शामिल
- जयशंकर मास्को पहुंचे सेंट पीटर्सबर्ग भी जाएंगे
- रूसी परमाणु पोत सेवमोर्पुट में लगी आग

**नेशनल**
- आज मनेगा वीर बाल दिवस, पीएम करेंगे शिरकत
- पुंछ में तीन नागरिकों की मौत, जांच शुरू
- थल सेना प्रमुख ने किया जम्मू-कश्मीर का दौरा
- 'सलार' ने तीन दिन में 402 करोड़ की कमाई की

**स्टेट**
- दो पावर प्लांटों से मिलेगी 1020 मेगावाट बिजली
- झारखंड पुलिस को आवंटित हुए 107 करोड़
- प्री मिच्योर रिटायरमेंट के आदेश पर लगी रोक
- लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते बीडीओ और सीओ

**स्पोर्ट्स**
- योगा गर्ल निधि ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत पदक
- दक्षिण अफ्रीका में विशेष हासिल करना है : रोहित
- कमिंस ने गाजा संकट पर 'लोगों' का समर्थन किया
- पीसीबी ने अराफात को 'हाई परफार्मेंस' कोच बनाया


## किसने क्या कहा

- विपक्षी सांसदों का सामूहिक निलंबन पूर्व नियोजित था : -मल्लिकार्जुन खरगे
- आप मीडिया वालों पर नियंत्रण किसी और का है. हम आपकी इज्जत करते हैं और करते रहेंगे- नीतीश
- डब्ल्यूएफआई के निलंबन का स्वागत, फैसला पहले ही कर लेना चाहिए था - शरद पवार

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,200 |
| चांदी (किलो) | 79,000 |

## ब्रीफ खबरें

### ईसाइयों के साथ मेरा बहुत पुराना नाता: मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को क्रिसमस के मौके पर अपने आधिकारिक आवास पर ईसाई समुदाय के लोगों से संवाद किया और कहा कि उनके साथ उनका बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है. उन्होंने कहा कि देश के विकास में सबकी भागीदारी है. सरकार सबका ध्यान रख रही है.

### एमपी में 28 मंत्रियों ने ली पद की शपथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने सोमवार को राजभवन में एक समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल के 28 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल थे.

### निलंबन को हथियार बना रहा है सत्तापक्ष

**नयी दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति जगदीप धनखड़ को लिखे पत्र में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि सत्तापक्ष लोकतंत्र को कमजोर करने, संसदीय परंपराओं को नष्ट करने और संविधान का गला घोंटने के लिए निलंबन को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है.

### ग्लोबल टेररिस्ट ने भी पाक में उतारे प्रत्याशी

**लाहौर।** मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड आतंकी हाफिज सईद के एक नए राजनीतिक संगठन ने पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए अधिकांश राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं.

### बलिदान दे रहे सैनिकों को न भूलें: सीजेआई

**नयी दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि क्रिसमस मनाते समय हमें अपने सशस्त्र बलों के उन जवानों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए जो सीमा पर देश की रक्षा के लिए अपनी जान दे रहे हैं. वही हमारे असली हीरो हैं.

## उपायुक्त के निर्देश पर धनबाद में ताबड़तोड़ छापेमारी

# 57 ट्रक कोयला जब्त

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

अमित सिन्हा। धनबाद

उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर जिले में छापेमारी अभियान चला कर अवैध कोयले से लदे 57 ट्रक पकड़े गए हैं. झारखंड के लोकप्रिय अखबार **शुभम संदेश** के सोमवार के अंक में प्रकाशित खबर में दर्शाया गया था कि किस तरह बिना कागजात अवैध कोयले से लदे ट्रक जीटी रोड के विभिन्न पेट्रोल पंपों में खड़े हैं. खबर पर संज्ञान लेते हुए डीसी के निर्देश पर राजगंज से हरिहरपुर थाने तक पेट्रोल पंपों पर खड़े ट्रकों को जब्त किया गया. धनबाद के इतिहास में पहली बार एक दिन में इतनी बड़ी कार्रवाई की गई है. जिला खनन टास्क फोर्स की यह कार्रवाई **शुभम संदेश** में छपी खबर के बाद की गई है.

**54 ट्रकों पर केस दर्ज, 3 के कागजातों की हो रही जांच :** तोपचांची थाना क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों से कोयला लदे 44 ट्रक व हरिहरपुर क्षेत्र के पेट्रोल पंपों से 10 ट्रकों को जब्त किया गया. खान निरीक्षक बिनोद प्रमाणिक ने बताया कि इन 54 गाड़ियों के कागजात नहीं मिले हैं. जिसके बाद सभी 54 गाड़ियों पर केस दर्ज कर थाने को सुपुर्द कर दिया गया. जब्त गाड़ियों पर करीब 1350 टन कोयला लदा है, जिसे जब्त किया गया है. वहीं 3 ट्रकों पर पर्ल कोक लोड था. जिनके कागजात की जांच के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया है.

**कोयलांचल के अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप :** कार्रवाई के बाद कोयला माफिया में हड़कंप मचा हुआ है. बता दें कि तोपचांची से हरिहरपुर थाने के बीच पड़ने वाले विभिन्न पेट्रोल पंपों व अन्य जगहों में भी ट्रकों को कागज के इंतजार में खड़ा किया गया था. मालूम हो कि अवैध कोयला लदे ट्रक को फर्जी कागजातों के सहारे बिहार यूपी भेजा जाने वाला था. गिरिडीह पुलिस ने एक खास सिंडिकेट द्वारा जारी फर्जी कागजों के सहारे पार होने वाले गाड़ियों पर रोक लगा दी है.

-शेष पेज 13 पर

**54** गाड़ियों पर लदा 1350 टन कोयला हुआ जब्त

**05** चालक और खलासी किये गये गिरफ्तार


गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई से धनबाद के कोयला तस्करों में हड़कंप

जीटी रोड पर खड़ी है कोयले लदी 100 गाड़ियां

25 दिसंबर को छपी थी खबर

### लाइट और लेजर फेंसिंग की थी प्लानिंग

कोयला चोरी रोकने के लिए कोलियरी क्षेत्र में ड्रोन के साथ सीसीटीवी से लेकर स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट और लेजर फेंसिंग लगाने की प्लानिंग थी, लेकिन सभी योजनाएं फाइलों में ही कैद होकर रह गई है. बीसीसीएल मुख्यालय से कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के चेयरमैन को प्रस्ताव भेजा गया था. प्रस्ताव पर मुहर नहीं लगने से कोयला चोरी रोकने के लिए सबी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकी है. पदाधिकारी और कर्मी कहते हैं कि कोयला चोरी के लिए योजनाएं तो बनती है, लेकिन फाइलों में ही दम तोड़ देती है. लेजर फेसिंग कोयला चोरी रोकने में अहम भूमिका निभाती है. लेजर फेसिंग के क्षेत्र में कोई भी चोर प्रवेश करेगा तो सायरन बजने लगेगा. यह कोयला चोरी रोकने के लिए कारगर है. हाई फ्रिक्वेंसी ड्रोन से 5 से 10 किमी की दूरी से भी कोयला चोरी पर निगरानी रख सकते हैं.

### कर्मियों के लिए जारी करना था पहचान पत्र

जानकारी के अनुसार आउटसोर्सिंग कंपनी के ठेकेदार, चालक और कर्मियों के लिए पहचान पत्र जारी करना था. ताकि बीसीसीएल क्षेत्र में आनेवालों की पहचान हो सके. पहचान पत्र नहीं होने से कोयला चोर व माफिया भी पदाधिकारियों व जवानों को बचने के लिए कह देते हैं कि वे संबंधित कंपनी के ठेकेदार व कर्मी है. कंपनी के भी कई लोग माफिया व चोर से मिले होते हैं, जो कह देते हैं कि कंपनी का ही आदमी है. सबसे अधित रात में ही कोयले की चोरी होती है.

### बीसीसीएल कोयला चोरी रोकने के लिए उड़ाने वाला था ड्रोन

बीसीसीएल क्षेत्र में कोयला चोरी रोकने के लिए प्रबंधन की ड्रोन उड़ाने की योजना फाइलों में कैद होकर रह गई. एक साल पहले मुख्यालय में बीसीसीएल के वरीय अधिकारियों ने बैठक कर योजना बनायी थी कि बीसीसीएल में 12 एरिया है, जहां से रोजाना कोयले की चोरी होती है. पदाधिकारियों की मिलीभगत से साइकिल, ट्रक बाइक, डंपर समेत अन्य गाड़ियों से चोरी का कोयला ढोया जाता है. चोरी का कोयला ले जाने के लिए तस्कर कई रास्तों का उपयोग करते हैं. चोरी से सरकार को रोजाना लाखों-करोड़ों की क्षति हो रही है. इस पर शिकंजा कसने के लिए हाई फ्रिक्वेंसी का ड्रोन उड़ाना था, ताकि खनन स्थल से अनधिकृत व्यक्ति कोयला चोरी न कर सके. अवैध उत्खनन भी न कर सके. बंद मुहाना या नए स्थल पर भी खुदाई कर कोयला चोरी न कर सके. कोयला चोर काफी संख्या में बंद मुहाना और नए स्थल से खुदाई तक भारी मात्रा में कोयला चोरी करते हैं.

## राहा को लेकर सामने आए रणबीर-आलिया



**कपूर खानदान की क्रिसमस पार्टी में राहा ने लूट ली महफिल :** अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट सोमवार को क्रिसमस पर पहली बार अपनी बेटी राहा को लेकर लोगों के सामने आए. राहा राज कपूर की परपोती है. रणबीर और आलिया अपनी 13 महीने की बेटी राहा के साथ कपूर परिवार की क्रिसमस पार्टी के लिए पहुंचे थे. 6 नवंबर को एक साल की हुई राहा ने सफेद और गुलाबी रंग की फ्रॉक और लाल रंग के जूते पहने हुई थे. आलिया ने एक कार्यक्रम में कहा था, मैं ऐसा नहीं दिखाना चाहती, जैसे मैं अपनी बेटी को छिपा कर रख रही हूं. मुझे उस पर गर्व है.

## पीएम मोदी देंगे अमृत भारत ट्रेन की सौगात

**नयी दिल्ली।** देश में वंदे भारत ट्रेन खूब लोकप्रिय हो गई है और अब इन्हें जनरल ट्रेनों की तुलना में ज्यादा पसंद किया जा रहा है. वदे भारत ट्रेन के बाद अब रेलवे अमृत भारत ट्रेन चलाने की तैयारी में जुटी हुई है.अमृत भारत को आम यात्रियों को ध्यान में रख कर डिजाइन किया गया है. अमृत भारत से कम किराए में अच्छी सुविधा वाली ट्रेन का सफर कर सकेंगे. इस ट्रेन को बिहार से हरी झंडी दिखाने की तैयारी की जा रही है. पूर्व मध्य रेल के हाजीपुर हेडक्वार्टर में इसके लिए काफी उत्साह नजर आ रहा है. मुख्यालय अमृत भारत ट्रेन के स्वागत को लेकर तैयारियां कर रहा है. अमृत भारत में 22 बोगियां होंगी, ट्रेन स्लीपर और जनरल कोचों से युक्त होगी. इसमें वंदे भारत की तरह ही सारी सुविधाएं होंगी, जो इस ट्रेन को स्पेशल बनाती हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे. यह ट्रेन बिहार के दरभंगा से शुरू होकर वाया अयोध्या नयी दिल्ली को जाएगी.

## 28 को रैली से इंडिया के मिशन 2024 का आगाज

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में सभी सभी दल जुटे हैं. मुख्य मुकाबला राजग और इंडिया गठबंधन के बीच है. वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि हम नागपुर में 28 को रैली करेंगे, जिसका नाम होगा- हैं तैयार हम. इस रैली में लोकसभा चुनाव का शंखनाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे. इंडिया के घटक दलों में सीट शेयरिंग पर जयराम ने कहा कि खुले मन और बंद मुंह से बात आगे बढ़ेगी. कहीं दिक्कत नहीं आनेवाली, सब कुछ आराम से हो जाएगा. 2024 में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ हम सभी एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा. नागपुर रैली में इंडिया के सभी नेताओं के शामिल होने की संभावना है. उल्लेखनीय है कि हाल ही में इंडिया गठबंधन की बैठक में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बैनर्जी ने पीएम उम्मीदवार फेस के लिए मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रस्तावित किया था, जिसका दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने समर्थन किया था. लेकिन खरगे ने यह बोल कर उन्हें चुप करवा दिया कि पहले चुनाव तो जीत कर तो आइए.

## हाईकोर्ट ने कहा- ईडी के पास प्रेम प्रकाश के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य

# ट्रायल कोर्ट का आरोप गठन सही

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज याचिका झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि ईडी के पास प्रेम प्रकाश के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं, जिससे यह साबित होता है कि वह साहिबगंज में अवैध खनन और उसके जरिए हुई अवैध कमाई की मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल थे.

झारखंड हाईकोर्ट ने कहा कि अपराध की कमाई में प्रेम प्रकाश की सांठगांठ का खुलासा हुआ है. उसके अकाउंट में लाखों रुपये कैसे आये, वह अब तक नहीं दिखा पाया है. इसका मतलब कि आरोपी पर लगाये गये सारे आरोप सही हैं.

### स्पेशल कोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती



दरअसल रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने प्रेम प्रकाश के खिलाफ आरोप गठित कर ट्रायल शुरू कर दिया है. आरोप गठित किये जाने के आदेश को प्रेम प्रकाश ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने सुनवाई की.

### जेल में भी प्रेम प्रकाश का रुबाब नहीं हुआ कम

बता दें कि अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के साथ-साथ प्रेम प्रकाश को ईडी ने लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी आरोपी बनाया है. प्रेम प्रकाश को ईडी ने पिछले साल गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में हैं. ईडी की अब तक की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि जेल के अंदर भी प्रेम प्रकाश का रुबाब कम नहीं हुआ है और जेल के अधिकारियों की मिलीभगत से उसे जेल में सभी सभी सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है.

## धर्म परिवर्तन के बाद भी आरक्षण का लाभ लेने वालों पर कार्रवाई संभव

**मुंबई।** धर्म परिवर्तन करने के बाद भी आरक्षण का लाभ लेने वालों पर कार्रवाई संभव है. इसे लेकर सरकार ने जांच समिति गठित की है.समिति की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. यह मामला महाराष्ट्र से जुड़ा हुआ है. कई भाजपा एमएलसी ने आरोप लगाया कि कई छात्रों ने कथित तौर पर इस्लाम या ईसाई धर्म अपना लिया है. हालांकि एसटी आरक्षण का लाभ उठाया है. इसकी शिकायत के बाद सरकार ने आईटीआई में धर्म परिवर्तन करनेवाले एसटी छात्रों के बारे में जांच के लिए पैनल बनाया है. सरकार उन छात्रों के बारे में पूछताछ कर पता लगाएगी जो वर्तमान में आईटीआई में आरक्षण के माध्यम से नामांकित हैं और ईसाई या इस्लाम में परिवर्तित हो गए हैं.

# लापता बच्चा सकुशल बरामद

## हजारीबाग में बच्चा चोर गिरोह का खुलासा, 2 लाख 95 हजार में बेचा था बच्चा

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड में इन दिनों बच्चा चोर गिरोह सक्रिय है. इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब हजारीबाग के ओकनी मुहल्ले से 19 दिसंबर से लापता चार वर्षीय पप्लू को पुलिस ने आठ दिनों के बाद कोडरमा से बरामद किया. बच्चे को 2 लाख 95 हजार रुपए में बेच दिया गया था.

पुलिस ने तकनीकी के आधार पर लापता बच्चे को बरामद किया है. वहीं, अपने बच्चे को सही सलामत पाकर माता-पिता के चेहरे खुशी से चमक उठे. हालांकि, पुलिसिया तफ्तीश में जो बात सामने आई है, वह चौंकाने वाली है. दरअसल, बच्चा चोरी करने के लिए गिरोह के लोगों द्वारा पिछले 4 -5 महीने से रेकी की जा रही थी. जिस दंपति को बच्चा बेचा गया था, उन्हें बच्चा नहीं है. यह भी कहा जा रहा है कि कुछ महीने पहले उनके बच्चे की मौत हो गई थी. ऐसे में वह दंपति बच्चे की चाहत रखता था. इसे लेकर वे लोग बच्चा चोर गिरोह के संपर्क में आए थे. -शेष पेज 13 पर



**सफल उद्भेदन**

- पिछले चार-पांच महीने से की जा रही थी रेकी
- बच्चे को देख माता-पिता के चेहरे पर लौटी खुशी

### रांची में होटल से हुई दो लोगों की गिरफ्तारी

गुमशुदा बच्चे के संबंध में पूछने पर ज्योति और कन्हैया ने बताया कि नूतन और करीना के सहयोग से कोडरमा में गीता देवी पति रोहित रविदास को 2 लाख 95 हजार रुपये में बच्चे को बेच दिया है. इस आधार पर पुलिस टीम ने संलिप्त आरोपियों को साथ लेकर कोडरमा जिला अंतर्गत तिलैया थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी मुहल्ला में छापेमारी की. वहां से गुमशुदा बच्चा पप्पुल कुमार को सकुशल बरामद कर लिया गया. इस मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है. वहीं, वारदात में उपयोग किए गए 6 मोबाइल भी जब्त किए गए हैं. हालांकि, इस सफलता ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में बच्चा चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है. पुलिस तफ्तीश कर रही है कि इसके तार कहां तक फैले हुए हैं. आसपास के इलाके में अगर बच्चा चोरी हुई है, तो कहीं इनका तो हाथ नहीं है.

## उपलब्धि झारखंड की अर्थव्यवस्था लगातार हो रही मजबूत, ऋण भुगतान में भी आयी भारी तेजी


# अगले साल तक एक लाख तक हो सकती है प्रति व्यक्ति आय

रवि भारती। रांची

कोरोना की मार से उबरने के बाद झारखंड की अर्थव्यवस्था पटरी पर दौड़ने लगी है. फाइनांशियल मैनेजमेंट भी दुरुस्त हो रहा है. राज्य की वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय एक लाख रुपए तक होने का अनुमान लगाया गया है. मॉनसून की कम बारिश होने के बावजूद कृषि के क्षेत्र में चार से पांच फीसदी ग्रोथ रेट की संभावना जताई गई है. उद्योग के क्षेत्र में भी जबरदस्त उछाल आएगा. इसमें आठ फीसदी तक ग्रोथ की संभावना है. इसकी वजह एमएसएमएन की पॉलिसी को माना जा रहा है. वहीं सर्विस सेक्टर, ट्रांसपोर्ट और कंस्ट्रक्शन में भी ग्रोथ की संभावना जताई गई है.

### कर्ज वापस कर सरकार कम कर रही ब्याज दर

सरकार महंगी ब्याज दर पर लिए गए कर्ज को वापस लौटा रही है. ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि सभी राज्यों को 50 साल के लिए बिना ब्याज के कर्ज दिए जाएंगे. इसके बाद झारखंड सरकार ने भी महंगी ब्याज दर वाले कर्ज को लौटाना शुरू कर दिया है. इस कड़ी में झारखंड सरकार ने रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को 136 करोड़ रुपए लौटा दिए गए हैं. वहीं हुडको को 200 करोड़ रुपए लौटाने की प्रक्रिया चल रही है. जो राशि लौटाई गई है, उसमें 13 फीसदी की दर से राज्य सरकार ब्याज दे रही थी




*अर्थशास्त्री हरिश्वर दयाल के अनुसार राज्य की विकास दर 7.5 फीसदी तक हो सकती है. वहीं इंडस्ट्रीज, एग्रीकल्चर, पर्यटन, ट्रांसपोर्ट, कंस्ट्रक्शन में बेहतर ग्रोथ की संभावनाएं हैं. वहीं प्रति व्यक्ति आय भी एक लाख रुपए तक हो सकती है. झारखंड की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत होती जा रही है.*



### सरकार पर 96406 करोड़ का कर्ज

राज्य सरकार पर 96406 करोड़ का कर्ज है. इस कर्ज की एवज में सालाना 7400 करोड़ का ब्याज दिया जा रहा. ब्याज के भार को कम करने के लिए सरकार अधिक ब्याज वाले ऋणों को चुकता कर रही. आने वाले समय में राज्य पर सिर्फ वही कर्ज बचेगा, जिसकी ब्याज दर 6 से 7% के बीच होगी. कुल ब्याज अदायगी अभी कुल राजस्व प्राप्ति का करीब 9% है.

### झारखंड मारेगा छलांग

वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास दर भी छलांग मारेगी. राज्य की विकास दर 7.5 फीसदी तक हो सकती है. फिलहाल राज्य की विकास दर 6.8 फीसदी है. इसकी वजह यह बताई जा रही है कि राज्य में कृषि, उद्योग, पर्यटन, कंस्ट्रक्शन, सर्विस सेक्टर और ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में काफी ग्रोथ की संभावनाएं हैं.

# धनबाद जेल पर छापा, 9 कैदी दूसरे जेल भेजे गए

संवाददाता। धनबाद

अमन हत्याकांड के बाद प्रशासनिक अमला जेल की व्यवस्था की पड़ताल में जुटा है. सोमवार को भी डीसी वरुण रंजन के नेतृत्व में टीम ने जेल में औचक छापेमारी की. इस दौरान बंदियों को मिलने वाले भोजन समेत कई अन्य चीजों की पड़ताल हुई.

इधर अमन की हत्या के बाद जेल में कैदियों के दो गुटों में झड़प हुई थी, इसके बाद प्रशासन ने कैदियों को अन्य जेल भेजने का इरादा किया था. जिसके तहत सोमवार को नौ कैदी अन्यत्र जेल भेजे गए, जबकि दो अन्य को अन्य जेल भेजने की प्रक्रिया जारी थी. निरीक्षण में कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला. इधर कैदियों को मिलने वाले भोजन के बारे में उनसे पूछा गया, तो कैदियों ने बताया कि भोजन की गुणवत्ता में पहले से सुधार है. कैदियों को पर्याप्त मात्रा में भोजन भी मिल रहा है. टीम ने निरीक्षण के दौरान जेल की रसोई, गोदाम आदि की पड़ताल की. डीसी ने बताया कि पूरे जेल परिसर में पांच घंटे तक सघन जांच की गयी, कोई भी आपत्तिजनक चीज बरामद नहीं हुई. टीम में उपायुक्त के साथ सिटी एसपी, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय कुमार रजक के साथ बड़ी संख्या में पुलिस जवान भी शामिल थे.

**खास बातें**

- डीसी ने भोजन, रसोईघर, गोदाम आदि को खंगाला
- कैदियों ने बताया- भोजन की गुणवत्ता में सुधार, मात्रा भी सही

### पिछले 4 सालो में पेंशन योजना के लिए मिलने वाला केंद्रीय सहायता अफसरों के कारण 293 करोड़ हुए वापस

# सरकार पेंशन देना चाहती है, पर लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते बीडीओ और सीओ

**प्रवीण कुमार। रांची**

राज्य सरकार जरूरतमंद गरीबों को पेंशन तो देना चाहती है, लेकिन इसके बाद भी लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है. पेंशन के मामले में सरकार का लक्ष्य पूरा करने की जिम्मेदारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के पास है, जो जिलों को लक्ष्य आवटंन करते हैं. लाभुको से मिले आवेदनों का सत्यापन और स्वीकृति देने का काम प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी की होती है. राज्य के कई जिलों के अंचल में पेंशन रिकार्ड भी मौजूद नही है, जिसमें कांके, मेदिनीनगर, चैनपुर, बेड़ो, पोड़ैयाहाट सहित 17 प्रंखंड हैं. लेकिन 2017 से 21 के दौरान पेंशन योजना का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सका. पेंशन योजना के लिए केंद्र और राज्य सरकार नें क्रमशः 2017-18 में 960.73और 358.58 करोड़, 2018-19 में 955.18 और 383.78 करोड़,2019-20 में केंद्र ने 1763.38 और राज्य ने 926.67 करोड़, वहीं 2020-21 में केंद्र ने 1805.25 और राज्य सरकार ने 931.78 करोड़ की राशि पेशन योजना के बजट के लिए रखा थी. जिसमें से 293.43 करोड़ रुपए वापस हो गए. बता दें कि अनुच्छेद 41 राज्य को अपने नागरिकों को बेरोजगारी, बुढ़ापे और बीमारी और क्षमता के मामले में सार्वजनिक सहायता प्रदान करने का निर्देश देता है. भारत सरकार भी चिन्हित केंद्रीय पेंशन योजनाओं के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करती है, जबकि राज्य सरकार निराश्रित और आर्थिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों को राज्य विशिष्ट विशिष्ट पेंशन योजना के लिए लक्षित समूहों के रूप में आयु मापदंड पूरा करने पर विचार करता है.

**151.36**
**करोड़ रुपए राज्य पेंशन योजना के भी बच गये**



**योजनाओं का लक्ष्य और उपलब्धि**

| | 2019-20 | | 2020-21 | |
|---|---|---|---|---|
| योजना | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| आईजीएनओएपीएस | 014800 | 1032430 (102%) | 1059712 | 101659 (96%) |
| एमएमआरवीएसपीवाई | 272108 | 271933 (100%) | 272108 | 271933 (98%) |
| आईजीएनडब्ल्यूपीएस | 31286 | 25605 (82%) | 31286 | 268537 (85%) |
| एमएमएमओएपीवाई | 350000 | 347171 (99%) | 365000 | 348459 (95%) |
| एमएमआरवीएसपीवाई | 157000 | 172508 (110%) | 182000 | 175285 (96%) |
| एसवीएनएसपीवाई | 282958 | 101459 (36%) | 150000 | 147056 (98%) |
| एमएमआरएजेजेपीवाई | 65000 | 52432 (81%) | 65000 | 53667 (83%) |

**केंद्र की तरफ से चलाई जा रही पेंशन स्कीम**

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (आईजीएन ओएपीएस)
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस)
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस)
- राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस)

**राज्य सरकार की तरफ से चल रही पेंशन स्कीम**

- मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना (एमएमएमओएपीवाई)
- मुख्यमंत्री राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना (एमएमआरवीएसपीवाई)
- स्वमी विवेकानंद नि :शक्त स्वालंबन प्रेत्साहन योजना (एसवीएनएसपीवाई)
- मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन येजना (एमएमआरएजेजेपीवाई)


### एनएचआई का अलर्ट : 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज दौड़ते हैं वाहन

# घाटी में तेज रफ्तार पर लगाएं ब्रेक

**अमित सिंह। रांची**

रामगढ़ की तुटूपाली घाटी में तेज रफ्तार की वजह से लगातार सड़क हादसे होते रहते हैं. घाटी (पहाड़ी भू-भाग) से गुजरने वाले वाहनों को डिजाइन के अनुरूप निर्धारित गति सीमा 40 किलो मीटर प्रति घंटा की गति से गुजरना है. परंतु वाहनों द्वारा गति सीमा क प्रायः उल्लंघन किया जाता है, जिसके परिणाम स्वरूप दुर्घटनाएं होती हैं. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक ने होनेवाली दुर्घटनाओं को लेकर यह जानकारी दी है.

बता दें कि रामगढ़ चुटूपालू घाटी में आये दिन सड़क हादसों की सूचना मिलती है. ये हादसे रोड डिजाइन की वजह से नहीं हो रहे. दुर्घटना की सबसे बड़ी वजह तेज रफ्तार है. एनएचआई ने चुटूपालू घाटी में हो रहे सड़क हादसों पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है. सड़क हादसों का लेकर संजय मेहता ने एनएचआई को पत्र लिखा था. उस पत्र के जवाब में एनएचआई के परियोजना निदेशक ने बताया है कि हादसों के लिए रोड डिजाइन नहीं, तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालक दोषी हैं.




**सड़क डिजाइन नहीं है दुर्घटना की वजह**

एनएचएआई ने कहा है कि रामगढ़ स्थित पटेल चौक से लेकर चुटुपालू घाटी की लगभग 5 .50 किलोमीटर की पहाड़ी भू-भाग सड़क अंतर्गत आता है. इसका डिजाइन भी पहाड़ी भू-भाग हेतु निर्धारित मानक के अनुरूप किया गया है. सड़क निर्माण से पूर्व इसकी डिजाइन को लेकर अनक प्रकार की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है. साथ ही सड़क निर्माण से जुड़े कुशल असैनिक अभियंता द्वारा इसकी प्राक्कलन और डिजाइन तैयार की जाती है. भारतीय रोड कांग्रेस मानकों में दिए गए निर्देशों का अनुपालन किया जाता है.

**डिजाइन के अनुसार गति का नहीं होता पालन**

एनएचआई ने बताया है कि चुटूपालू घाटी खंड एनएच-33 के पहाड़ी भू-भाग पर स्थित खंड है, जिसके दोनों ओर वन भूमि अवस्थित है. इस कारण चुटूपालू घाटी में सड़क निर्माण पहाड़ी भू-भाग के आधार पर डिजाइन की गई है. इस खंड में सड़क की रूपरेखा जिस प्रकार तैयार की गई है, उसमें वाहनों द्वारा डिजाइन गति का अनुसरण करना अनिवार्य है.

**पहाड़ी भू-भाग पर आते ही बढ़ जाती है गति**

एनएचआई ने बताया है कि कोई भी वाहन जैसे ही समतल भू-भाग से पहाड़ी भू-भाग में आता है, वहां वाहनों की गति सीमा बदल जाती है. एनएच-33 के किमी (41.500 से 115.00) के बीच सड़क और परिवहन मंत्रालय तीन स्थान, चुटूपालू पटेल चौक और कोठार पुल को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर चुका है. एनएचएआई इसका उन्मूलन कार्य पूरा किया है और कर रहा है.

**चुटूपालू घाटी : 5 साल में 85 लोगों की हुई मौत**

रामगढ़ जिले से गुजरने वाला नेशनल हाइवे (एनएच) जानलेवा कहलाने लगा है. आए दिन चुटूपालू घाटी में सड़क दुर्घटना की सूचना आती है. वर्ष 2019 (जनवरी) से 25 दिसतंबर 2023 तक 995 सड़क हादसे हुए है. इन हादसों में 775 लोगों की जान जा चुकी है. 800 से ज्यादा लोग घायल हुए. इस समयावधि में सबसे ज्यादा हादसे रांची से रामगढ़ जाने के क्रम में चुटूपाली घाटी में 75 से ज्यादा हादसे हुए. जिसमें 85 लोगों की मौत हो चुकी है. 60 से ज्यादा लोगों के घायल होने की सूचना है. रोड सेफ्टी कमेटी द्वारा तैयार आकड़ों के बाद सामने आया है कि रोड की ग्रेडिएंट में खामियों की वजह से हादसे हो रहे हैं.

## हटिया एर्नाकुलम अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन आज

**संवाददाता। रांची**

जेडआरयूसीसी के सदस्य अरुण जोशी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रेन संख्या 06132 हटिया एर्नाकुलम अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन 26 दिसंबर को दिन में 11.30 बजे हो रहा है. दक्षिण भारत की ओर जानेवाली इस ट्रेन के परिचालन की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से 22 दिसंबर को दी गयी. किंतु समय से इस ट्रेन का प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण झारखंड के यात्रियों को इसकी जानकारी नहीं मिली. ट्रेन का प्रचार प्रसार नहीं होने से यात्रियों को ट्रेन का सही फायदा नहीं हो पाएगा और वे इस ट्रेन के लाभ से वंचित होंगे, जो चिंतनीय है. यात्रियों को जानकारी नहीं होने के कारण यह ट्रेन खाली जाएगी. आगे इस तरह की कोई भी स्पेशल ट्रेन चलाने की सूचना दक्षिण पूर्व रेलवे और रांची रेल मंडल समय पर दी जानी चाहिए.

**भाजपा आज मनाएगी राष्ट्रीय वीर बाल दिवस**

**रांची।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस घोषित किया है. यह भारत के सिख गुरुओं की महान बलिदान परंपरा का दिन है. दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत इसी दिन हुई थी. प्रदेश भाजपा इस दिवस को जिला और मंडल स्तर मनाएगी. यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक गुरविंदर सिंह सेठी ने दी. उन्होंने बताया कि वीर बाल दिवस लोगों को देश के सम्मान की रक्षा के लिए दस सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा के बलिदान का स्मरण कराएगा. सभी जिलों में मंडल स्तर पर पार्टी द्वारा संगोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा.

**ब्रीफ खबरें**

**प्री मैच्योर रिटायरमेंट के आदेश पर लगी रोक**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से वरीय आईपीएस अधिकारी प्रिया दुबे के पति और धनबाद के तत्कालीन आरपीएफ सीनियर कमांडेंट संतोष कुमार दुबे को बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने कार्यवाही पर रोक के आदेश के बाद भी उन्हें प्रीमैच्योर रिटायरमेंट देने के आदेश पर रोक लगा दी है. संतोष दुबे फिलहाल आरपीएफ के डीआईजी के पद पर लखनऊ में पदस्थापित हैं.

**होटवार जेल अधीक्षक ने प्रभार से किया इनकार**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार जेल) के अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट ने धनबाद जेल का प्रभार लेने से इनकार कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, बेसरा निशांत रॉबर्ट को धनबाद मंडल कारा का अधीक्षक बनाये जाने की अधिसूचना जारी हुई थी. लेकिन बेसरा निशांत रॉबर्ट धनबाद जेल का प्रभार लेने में असमर्थता जतायी है. उन्होंने बताया कि धनबाद जेल काफी संवेदनशील है.

### झारखंड में है 2500 मेगावाट बिजली की जरूरत


# अगले साल से राज्य के दो पावर प्लांटों से मिलेगी 1020 मेगावाट बिजली

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में अगले साल 2024 से भरपूर बिजली मिलेगी. राज्य में स्थापित पावर प्लांटों से 1020 मेगावाट बिजली मिलेगी. नॉर्थ कर्णपुरा पावर प्लांट 340 मेगावाट बिजली मिलेगी. नॉर्थ कर्णपुरा थर्मल प्लांट से 660 मेगावाट की तीन यूनिटों से कुल 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन होना है. पहली यूनिट से करीब 170 मेगावाट बिजली झारखंड को मिलती है. दूसरी यूनिट से अगले साल फरवरी तक और 170 मेगावाट बिजली मिलनी है. प्रोजेक्ट पूरा होने पर झारखंड को 500 मेगावाट बिजली मिलेगी.

**पतरातू से 680 मेगावाट मिलेगी बिजली :** पतरातू थर्मल पावर प्लांट से अगले साल अप्रैल जून में पहली यूनिट से 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू होगा. राज्य सरकार और एनटीपीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार को मिलेगी. इस हिसाब से झारखंड को पहली यूनिट से 680 मेगावाट बिजली मिलेगी. झारखंड में फिलहाल 2500 से 2600 मेगावाट बिजली की डिमांड है. वर्तमान में बिजली की मांग का 70 फीसदी से अधिक सेंट्रल पूल से खरीद पर निर्भर रहना पड़ता है. अभी राज्य सरकार के उपक्रम टीवीएनएल से 350 मेगावाट बिजली मिल रही है. टीवीएनएल में 210 मेगावाट की दो यूनिटें हैं.

**सेंट्रल पूल से ली जा रही है 900 मेगावाट बिजली**



**कहां से कितनी बिजली खरीदी जा रही**

- सेंट्रल पूल -900 मेगावाट
- डीवीसी- 600 मेगावाट
- पवन ऊर्जा- 100 से 300 मेगावाट ( मांग के अनुसार)
- सौर ऊर्जा- 250 से 400 मेगावाट ( मांग के अनुसार)
- स्थानीय निजी प्लांट- 150 से 200 मेगावाट

### सिक्योरिटी रिलेटेड एक्सपेंडिचर फंड के तहत किया गया आवंटन

# झारखंड पुलिस को 107 करोड़ हुए आवंटित

**सौरभ सिंह। रांची**

एसआरई (सिक्योरिटी रिलेटेड एक्सपेंडिचर) फंड के तहत झारखंड पुलिस को 107 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है. वित्तीय वर्ष 2023-24 को लेकर केंद्र द्वारा एसआरई फंड के लिए 124.92 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी. इसके विरुद्ध गृह विभाग की ओर से झारखंड को 107 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं. गौरतलब है कि एसआरई फंड उग्रवाद से गंभीर रूप से प्रभावित राज्यों को दी जाती है. केंद्र सरकार, राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करके अपने पुलिस बलों को पूरी तरह से आधुनिक बनाने और आधुनिक उपकरणों से लैस करने के लिए सहायता प्रदान करती है.



**एसआरई फंड से ये होगा कार्य**

- उग्रवादी हिंसा में मारे गए नागरिकों/सुरक्षाबल के परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान.
- सरेंडर करने वाले नक्सलियों को मुआवजा.
- फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन का निर्माण.
- सिविक ऐक्शन प्रोग्राम


**उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क का निर्माण**

- नक्सलरोधी अभियानों के लिए हेलीकॉप्टर मुहैया कराना.
- चार पहिया और दो पहिया वाहन के लिए फंड
- पुलिस पिकेट बनाने के लिए फंड
- उग्रवाद से प्रभावित राज्यों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती.

**झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिले**

झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं. वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं.

CLASSIFIED


































www.lagatar.in | मंगलवार, 26 दिसंबर 2023 | मार्गशीर्ष पूर्णिमा, संवत 2080 | पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 | वर्ष : 1, अंक : 248 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




### आज भी आश्चर्य में डालती है पानी सप्लाई की तकनीक

झील अंग्रेजी तकनीक की जिंदा मिसाल है. यहां से 35 किमी दूर झरिया तक यहीं से पानी सप्लाई होता था और वो भी बिना मोटर पंप के. यह आश्चर्यजनक है, क्योंकि इतनी दूरी तक जमीन के अंदर से नाला बना कर पानी का पहुंचाना वाकई हैरान करने वाला है. आज भी इसी तरीके से ही पानी की सप्लाई होती है कतरास को.

### ऐसे पहुंचें

जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 35 किमी है. सड़क से पर्यटक आराम से पहुंच सकते हैं. रेल से आने वालों को गोमो स्टेशन उतरना होगा. वहां से ऑटो से 8 किमी की दूरी तय करके पहुंचा जा सकता है. जीटी रोड पर कई होटल हैं, जहां पेट पूजा कर सकते हैं. खाने-पीने की भी बेहतरीन व्यवस्था है.

### कतई ये नहीं करें

1. झील में स्नान के लिए नहीं उतरें
2. वन्य जीवों से छेड़छाड़ नहीं करें.
3. शाम होने के बाद झील के दूसरे किनोर पर न रहें
4. डीजे आदि बजा कर यहां का शांत वातावरण खराब न करें

## आइए करें तोपचांची झील का दीदार : फिल्म निर्माताओं से लेकर विदेशी पक्षियों को भी खूब भाती है झील की मनोरम शांति

**अक्षय कुमार। तोपचांची**

सर उठाएं तो ऊंचे-ऊंचे पहाड़, नजर दौड़ाएं तो चारों तरफ हरियाली और फिर प्रकृति की गोद में एक बिलकुल शांत-सी झील, ये नजारा कोई शिमला-मनाली का नहीं बल्कि हमारे धनबाद का ही है. शुभम संदेश की जारी कड़ी में चलेंगे प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर, मन को अथाह शांति प्रदान करने वाले तोपचांची झील की तरफ. जहां हरे-भरे जंगलों और पहाड़ों से घिरी ऐसा झील जो आज नहीं बल्कि अंग्रेजों के जमाने से ही अपनी खूबसूरती को लेकर ध्यान खींचती रही है. ये झील न सिर्फ अपनी खूबसूरती नहीं बल्कि कई ऐतिहासिक कारणों से भी चर्चित है. सिनेमा वालों को भी इसके लोकेशन खूब भाते हैं. यहां तक कि इसके सौंदर्य से मंत्रमुग्ध होकर हजारों किलोमीटर का सफर तय कर विदेशी पक्षी भी हर साल यहां आते हैं और सुकून का कुछ लम्हा गुजार कर वापस चले जाते हैं. तो फिर उठाइए कदम और चलिए तोपचांची झील.

### इन नजारों का होगा दीदार

पानी से लाबालब झील, उत्तरी छोर का पेवेलियन, झील गृह, रेस्ट हाउस, वॉच टावर से विहंगम दृश्य, पारसनाथ मंदिर की चोटी का अद्भुत दृश्य, गुरुत्वाकर्षण से पानी का आकर्षण, लीची बगान, पहाड़ी की तरफ से आने वाले कई झरने देखने के लायक हैं.

### 99 वर्ष हो गई है डैम की उम्र

तोपचांची बांध के निर्माण का कार्य 1923 में शुरू हुआ था. 15 नवंबर, 1924 को ओडिशा, बंगाल और बिहार के गवर्नर हेनरी व्हीलर ने जनता को समर्पित किया. तब धनबाद इलाका पश्चिम बंगाल के मानभूम जिले का हिस्सा था. जानकारों की मानें तो तोपाचांची खंड की दुमदुमी पंचायत के कानाडीह, पीपराटांड, धर्मदाहा, राजदाहा व कुसुमडीहा बस्ती को इस झील के लिए अपनी जमीन की कुर्बानी देनी पड़ी थी.

### विदेशी परिंदों के आने से झील गुलजार

झील की खूबसूरती पर विदेशी पक्षी भी फिदा रहते हैं. हर साल दिसंबर महीने में यहां हजारों की संख्या में साइबेरियन पक्षी हजारों किलोमीटर उड़कर आते हैं. पूरी ठंड गुजारने के बाद मार्च माह के अंत में अपने देश की ओर लौट जाते हैं. ये साइबेरियन पक्षी झील की प्राकृतिक सुंदरता चार चांद लगा देते हैं. यह स्थान सदियों से आम से लेकर खास लोगों तक हमेशा आकर्षण का केंद्र रहा है. इस साल भी भीड़ जुटेगी.

### एक्टर-निर्माताओं की पसंदीदा जगह

डैम की सुंदरता एवं यहां की प्राकृतिक छटा देख कर बंगाल के सुप्रसिद्ध अभिनेता और फिल्म निर्माता उत्तम कुमार ने यहां आधा दर्जन फिल्मों की शूटिंग की. अभिनेता अशोक कुमार, मजहर खान, गिरिश कर्नाड, सुचित्रा सेन, सुप्रिया चौधरी, धर्मेंद्र पर भी कई फिल्मों की शूटिंग हुई है. अक्सर खोरठा और भोजपुरी एल्बम और फिल्मों की शूटिंग होती रहती है. हिंदी फिल्म 'संपर्क' जो रिलीज नहीं हो पाई, मुहब्बत जिंदगी है, भोजपुरी फिल्म सोलह श्रृंगार करे दुल्हिनिया, बांग्ला फिल्म अग्निश्वर, हॉस्पिटल, नूतन तीर्थ समेत कई फिल्मों के अंश यहां फिल्माए गए हैं.

---

### ब्रीफ खबरें

#### गड्ढे में गिरी वोल्वो हुई खाक, चालक की मौत

**झरिया।** झरिया के भौंरा ओपी क्षेत्र में सोमवार अहले सुबह दर्दनाक हादसा हो गया. यहां एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग में चल रही वोल्वो अचानक करीब सौ फीट नीचे गड्ढे जा गिरी. नीचे गिरते ही वोल्वो में आग लग गयी और देखते ही देखते जल कर राख हो गयी. इस हादसे में वोल्वो ऑपरेटर (चालक) की मौत हो गयी. मृतक की पहचान वासेपुर निवासी मो. साहिल अंसारी के रूप में हुई है. सूचना पाकर उसके परिजन वहां पहुंचे और शव लेकर चले गये.

#### नहाने के दौरान तालाब में डूबा छात्र, हुई मौत

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के पराशी पंचायत का 10वी का छात्र विनय मंडल सोमवार को तालाब में डूब गया. जानकारी के अनुसार, विनय मंडल सुबह करीब छह बजे घर के नजदीक तालाब में नहाने गया था. इसी दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई. सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से छात्र को तालाब से बाहर निकाला. आनन-फानन में उसे एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

#### साहिबगंज जेल में डीसी-एसपी ने की छापेमारी

**साहिबगंज।** समाहरणालय के समीप स्थित मंडल कारा में डीसी रामनिवास यादव व एसपी नौशाद आलम के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस ने छापेमारी की. छापेमारी में जिले के वरीय पदाधिकारी व भारी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे. डीसी और एसपी को जेल के अंदर मोबाइल के प्रयोग व नशीले पदार्थों के सेवन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं. वहीं, जेल से बंदियों की ओर से गवाहों को प्रभावित करने का मामला भी आया था. इसे देखते हुए छापेमारी की गयी. हालांकि कोई आपत्तिजनक सामान बरामद होने की सूचना नहीं है.

## सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं को मिलेगी साइकिल की राशि

**कौशल आनंद। रांची**

राज्य की हेमंत सरकार ने सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए बड़ा फैसला किया है. इसके तहत प्रथम चरण में विभिन्न जिलों में चयनित 10 हजार सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को भी सरकार साइकिल देगी. राज्य सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के बाद विभिन्न जिलों में 10 हजार के करीब छात्रों का चयन किया गया है. जल्द ही आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण करके छात्रों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जाएगी. सरकार ने साइकिल खरीदने के लिए 3500 रुपए तय किया है.

**आठवीं पास सामान्य वर्ग के छात्रों को छात्रवृति भी दी जाएगी :** सरकार प्रथम चरण में आठवीं पास छात्रों को यह राशि देगी. इतना ही सरकार के द्वारा सामान्य वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति राशि भी दी जाएगी. प्रथम चरण में सामान्य वर्ग के 1.20 लाख छात्रों को छात्रवृति मिलेगी. गत 17 दिसंबर को इसके लिए परीक्षा आयोजित की गयी थी. अब अंतिम सूची तैयार का जा रही है. चयनित छात्रों को सरकार छात्रवृत्ति प्रदान करेगी. इसके लिए सरकार ने विशेष छात्रवृत्ति योजना चलाने का निर्णय लिया है. इसके अंतर्गत क्लास 1 से 4 तक के बच्चों को 500 रुपए, क्लास 6 से 7 तक के बच्चों को एक हजार रुपए, क्लास 7 से 10 तक के बच्चों को एक हजार और क्लास 11 वीं और 12 वीं के छात्रों को प्रति वर्ष 2300 रुपए छात्रवृत्ति प्रदान करेगी. यह राशि दिसंबर से जनवरी तक भेज दी जाएगी.

**मुख्य बातें**

- सरकार के निर्णय के बाद विभिन्न जिलों से 10 हजार सामान्य छात्रों का हुआ चयन
- साइकिल खरीदने के लिए प्रति छात्र मिलेगी 3500 रुपए की राशि
- सामान्य वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति भी मिलेगी, चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में
- एसटी-एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के 4.90 लाख स्टूडेंट्स के बैंक खातों में 220 करोड़ राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी चुकी है

### मेधा छात्रवृत्ति की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में



राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति के तहत भी छात्रवृत्ति प्रदान करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं. इसके लिए विगत 17 दिसंबर को परीक्षा आयोजित हुआ था. अब मेधा सूची तैयार की जा रही है. चयनित छात्रों को क्लास 9 वीं से 12 वीं तक हर वर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलती है. परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों का वर्ष 2022-23 में 55 फीसदी अंक के साथ सातवीं का परीक्षा पास होना व वर्ष 2023-24 में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत होना अनिवार्य है. एससी और एसटी के विद्यार्थियों को अंक में पांच फीसदी की छूट दी प्रदान की जाएगी. छात्रों के माता-पिता की वार्षिक आय 3.50 लाख अधिक नहीं हो उन्हें इसका लाभ मिलेगा.

### 4.90 लाख छात्रों साइकिल खरीदी के लिए मिल गयी राशि शेष को 29 तक 3.10 हजार छात्रों को राशि भेजी जा रही है

झारखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों के 4.90 लाख छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीदी के लिए राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में ट्रांसफार किया जा चुका है. अब तक कुल 220 करोड़ रूपए ट्रांसफर किया जा चुके हैं. जिसमें सत्र 2020-21, 2021-22 और 22-23 के 8 वीं कक्षा के छात्र-छात्राएं शामिल हैं. इन सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हजार छात्रों को 29 दिसंबर तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है. सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण के लिए सभी जिलों के डीसी द्वारा सूची भेजी गई है. सभी जिलों को मिलाकर कल्याण विभाग को लगभग 8 लाख पात्र लाभार्थी बच्चों की सूची मिली थी. एसटी, एससी, बीसी एवं अन्य वर्ग के वैसे पात्र बच्चे जो वर्ष 2020-21 में आठवीं क्लास में अध्यनरत थे. वर्तमान वर्ष में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं. इसी प्रकार 2021-22 में आठवीं तथा वर्तमान वर्ष में दसवीं तथा 2022-23 में 8 वीं एवं वर्तमान वर्ष में नौवीं कक्षा के छात्राएं हैं. जिनकी सूची जिला द्वारा विभाग को भेजी गई है.

## जेजेएमपी का दो उग्रवादी व समर्थक पुलिस के हत्थे चढ़े



**आशीष टैगोर। लातेहार**

पुलिस ने जेजेएमपी के दो उग्रवादी एवं समर्थक को पकड़ा है. एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर उनकी गिरफ्तारी हुई. सोमवार को जेल भेज दिया गया. एसपी ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी. बताया कि रविवार की रात उन्हें सूचना मिली कि नरेशगढ़ में जेजेएमपी के समर्थक कमलेवर सिंह के घर में उग्रवादी सुप्रियो पप्पू लोहरा, सब जोनल कमांडर लवलेश गंझू अपने हथियार बंद दस्ते के जितेन्द्र, प्रभात जी, सूरज व अनिल आदि के साथ रुके हैं. वह वहां लेवी वसूलने एवं लेवी नहीं देने वालों पर फौजी कार्रवाई करने की योजना बना रहे हैं. सत्यापन के बाद छापेमारी दल बना कर कमलेश्वर सिंह के घर से ये गिरफ्तारियां की गयीं. पप्पू लोहरा आदि भाग गये. पुलिस ने सूरज, अनिल व समर्थक कलेश्वर सिंह को गिरफ्तार कर लिया. इन्हें सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया.

#### बरामद सामग्रियां

पुलिस ने गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से कई हथियार व अन्य सामान बरामद किये हैं. पुलिस ने उनके पास से एक मैग्जीन लगा पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, 11 मोबाइल, वॉकी-टॉकी, वर्दी, पिट्ठू, आधार कार्ड, राउटर व सिम के अलावा दो बाइक व एक उजले रंग का बोलेरो (जेएच03 एफ-1754) बरामद किया है.

#### छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी

छापामारी में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा, दिवाकर धोबी, सअनि कुबेर प्रसाद देव व नागेश्वर महतो के अलावा सैट-1 के उमापद महतो व सैट-1 के जवान व महिला पुलिस शामिल थीं.

## बच्चों के विवाद में चाकूबाजी एमजीएम में भी भिड़े दोनों पक्ष

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के कदमा थाना अन्तर्गत शास्त्री नगर में बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद चाकूबाजी हुई. इस घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल गए. इधर, दोनों पक्ष इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचे, जहां एक बार फिर दोनों में झड़प हो गई और देखते ही देखते पत्थरबाजी होने लगी.

घायलों में एक पक्ष से नेहाल और मुस्कान शामिल हैं जबकि दूसरे पक्ष से नजमा खातून और नुरेशा शामिल हैं. नेहाल अहमद पर चाकू से वार किया गया है. उनके शरीर पर बाएं हाथ और कमर पर चाकू से हमला किया गया. नेहाल को एमजीएम अस्पताल से टीएमएच रेफर कर दिया गया था. परिजन नेहाल को टीएमएच लेकर गए पर टीएमएच में भी उनका इलाज नहीं हुआ जिसके बाद नेहाल को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया.

#### शहनवाज ने चाकू से किया हमला

नेहाल वाहनों में पेंटिंग का काम करता है. उनकी चार बेटियां है. बीती रात उसकी बेटी और पड़ोस की नुरेशा में विवाद हो गया. मामले की थाने में लिखित शिकायत की गई. सोमवार सुबह गुड्डू, शहनवाज, इम्तियाज, नुरेशा और नजमा खातून समेत 10-12 लोग उसके घर में घुसे और मारपीट शुरू कर दी. इसी बीच शहनवाज ने चाकू से हमला कर दिया. वहीं मामले को लेकर दूसरे पक्ष से नजमा खातून ने बताया कि सुबह नेहाल और उसके परिवार वाले घर आए और मारपीट शुरू कर दी जिसमे उनकी बेटी नुरेशा और वह घायल हो गई. मामले को लेकर कदमा थाने में लिखित शिकायत की गई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### चंदनकियारी में हादसा, गुस्साए लोगों ने की सड़क जाम, पुलिस मनाने में जुटी

## ट्रक की चपेट में आकर दो लोगों की मौत, हंगामा

**संवाददाता। बोकारो**

जिले के चंदनकियारी थाना क्षेत्र के शहीद चौक के पास सोमवार दोपहर बाद तेज रफ्तार एक ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गयी. मृतक की पहचान सहारजोरी पंचायत के पगारबांध निवासी मुकेश रजवार एवं उसी गांव की रूपा देवी के रूप में हुई है.

जानकारी के अनुसार वे दोनों बाइक पर सवार होकर चंदनकियारी हटिया जा रहे थे, इसी बीच तेज रफ्तार से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को चपेट में ले लिया, जिससे मुकेश रजवार एवं रूपा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़ कर मौके से फरार हो गया. इधर सड़क दुर्घटना से नाराज मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया. सूचना के बाद चंदनकियारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया. 5 घंटे से ज्यादा समय से सड़क जाम थी. समाचार लिखे जाने तक भी सड़क जाम नहीं टूटा था. मृतक के परिजन, ग्रामीण समेत अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेता की अगुवाई में परिजनों को मुआवजा दिलाने को लेकर वार्ता का दौर चल रहा था. सभी लोग मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से कर रहे थे.




दुर्घटना के बाद सड़क जाम लगा कर बैठे स्थानीय लोग.

### हेमंत सरकार के 4 साल | 29 को सीएम करेंगे सरकार आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण का समापन

## आज मुख्य सचिव सभी जिलों के डीसी के साथ करेंगे मीटिंग

**विशेष संवाददाता। रांची**



राज्य की हेमंत सोरेन सरकार 29 दिसबंर को अपने चार साल पूरा करेगी. इस मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में मेगा कार्यक्रम की तैयारी चल रही है. 29 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद सरकार आपके द्वार अभियान के तीसरा चरण का समापन रांची में करेंगे. इस मौके पर सीएम 13 अहम योजनाओं का लाभ लाभुकों को देंगे. इसको लेकर सभी जिले के डीसी को निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि वे अपने-अपने जिलों से लाभुकों को लेकर रांची पहुंचे. तैयारी को लेकर मुख्य सचिव मोरहाबादी मैदान में ही डीसी के साथ वीडियो क्राफेंसिंग के जरिए मीटिंग करेंगे. बतातें चलें कि सरकार आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ सीएम ने 15 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान से ही किया था.

### इन 13 योजनाओं का लाभ, लाभुकों को सीएम देंगे

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के चार साल पूरे होने पर वे 13 योजनाओं के आवेदकों को लाभ मिलेगा. आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, फूलो- झानो आर्शीवाद योजना, साइकिल के लिए डीबीटी, सामुदायिक व व्यक्तिगत वन पट्टा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कंबल योजना, धोती- साड़ी- लुंगी वितरण योजना, मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ग्रीन राशन कार्ड का वितरण किया जाएगा.

**रांची में 13 योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिलेगा**

### कई नयी योजनाओं को होगा शुभारंभ, रांची में भव्य आयोजन

कार्यक्रम में हेमंत सोरेन सरकार कई योजनाओं का शुभारंभ करेगी. नयी परियोजनाओं का शिलान्यास, पूर्ण हो चुकी योजनाओं का उदघाटन, नियुक्ति पत्र का वितरण व फोकस्ड स्कीम के लाभार्थियों के परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा. सभी जिलों के डीसी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने जिले के लाभुकों का चयन कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें. लाभुकों को सुरक्षित रूप से रांची लाने व ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था व पर्याप्त संख्या में नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का आदेश भी दिया गया है.

## जमशेदपुर भाजपा महानगर दो फाड़!

**रांची/जमशेदपुर।** भाजपा महानगर दो फाड़ हो गयी है. महानगर अध्यक्ष और उनके पदाधिकारी अलग राह पर चल रहे. सोमवार को पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर भी दूरी देखी गयी. अध्यक्ष गुंजन यादव ने जहां कदमा में कार्यक्रम का आयोजन किया. वहीं पदाधिकारी और वरिष्ठ नेताओं ने अध्यक्ष के कार्यक्रम से दूरी बनाते हुए समानांतर कार्यक्रम महानगर कार्यालय साकची में किया. पिछले कुछ दिनों से महानगर भाजपा में कुछ ठीक नहीं चल रहा है. आक्रोश रैली से पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष गुंजन यादव ने पदाधिकारी की बैठक बुलाई. मगर कुछ लोग अध्यक्ष से मिलने रांची चला गया. सोमवार को कदमा में निर्मल महतो की समाधि पर उपवास से पदाधिकारी असहमत थे. ये कार्यक्रम से दूर रहे. निर्मल महतो की समाधि उनके निजी जमीन पर बनी है. इसलिए किसी के घर पर जाकर ऐसा करना सही नहीं है.

## जयंत ने मजदूरों की वतन वापसी के लिए विदेश मंत्री को लिखा पत्र

**संवाददाता। विष्णुगढ़**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने सऊदी अरब में फंसे विष्णुगढ़ समेत गिरिडीह व बोकारो के कुल 45 मजदूरों की स्वदेश वापसी के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के 25, गिरिडीह जिले के 16 तथा बोकारो जिले के 4 प्रवासी मजदूर सऊदी अरब के अल-हरिक शहर में फंसे हुए हैं.

इन मजदूरों को एजेंट ने इसी साल मई में कॉमर्शियल टेक्नोलॉजी प्लस कंपनी (सीटीपी) में काम करने के लिए साऊदी अरब भेजा था. वहां सात महीना काम करने के बदले उन्हें महज दो महीने का भुगतान हुआ. अब उनके पासपोर्ट जब्त कर उन्हें बंधक बना लिया गया है. खाने के लाले पड़ गए हैं. पीने के लिए स्वच्छ पानी भी नहीं मिल रहा है. बहुत प्रतिकूल परिस्थिति वे दिन काट रहे हैं. सांसद ने पत्र में उन मजदूरों की घर वापसी कराने की दिशा में हर मुमकिन प्रयास करने का विदेश मंत्री से अनुरोध किया है. वहीं, मांडू विधायक जेपी पटेल भी मजदूरों की वापसी के लिए केंद्र को पत्र लिख चुके हैं. इधर, मजदूरों ने सोशल मीडिया पर चौथी बार वीडियो जारी कर केंद्र सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है.

**खास बातें**

- सऊदी अरब में फंसे हैं झारखंड के तीन जिलों के 45 मजदूर
- मजदूरों ने चौथी बार वीडियो जारी कर सरकार से लगाई गुहार

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई जयंती

**चक्रधरपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सोमवार को चक्रधरपुर में मनाई गई. इस अवसर पर चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के समीप पूर्व सांसद स्वर्गीय लक्ष्मण गिलुवा के आवास में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह झारखंड राज्य अल्प संख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डाला. मौके पर भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारी सदस्य मालती गिलुवा, पवन शंकर पांडेय, शेष नारायण लाल, सुरेश साव, संजय पासवान, राजेश गुप्ता, अशोक दास, मदन विश्वकर्मा, रवि बांकिरा, तीरथ जामुदा, शिवलाल रवानी समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

### दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नोवामुंडी।** शनिवार को नवयुवक संघ सरवाई पेटेता समिति द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. आयोजनकर्ता के अध्यक्ष रामचरण पूर्ति एवं सचिव जुरा पूर्ति ने मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव सह जगन्नाथपुर विधानसभा प्रभारी मंगल सिंह सुरेन को एवं नोवामुंडी प्रखंड अध्यक्ष शनि लोहार को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया. मौके पर केंद्रीय सचिव मंगल सिंह सुरेन ने कहा की कोल्हान में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए कोल्हान फुटबॉल अकादमी जैसे संस्था का होना बहुत जरूरी है. वर्तमान सरकार को इस विषय में सोचना चाहिए और खेल को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के संस्था का निर्माण होना चाहिए.

### गणेश महाली के नेतृत्व में मनी शहीद निर्मल की जयंती

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर चावला मोड़ में मजदूरों के मसीहा झारखंड आंदोलनकारी वीर शहीद निर्मल महतो के जयंती पर भाजपा नेता गणेश महाली ने उनके चित्र पर मल्यार्पण किया. इस दौरान उन्होंने वीर शहीद निर्माण महतो के विचारों पर प्रकाश डाला और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. मौके पर छोटू महतो, राज किशोर महतो, बीकू महतो, असित महतो, रंजीत महतो, बाबू तिवारी, निवारण गोप, कमल गोप, अखिलेश महतो आदि उपस्थित थे.

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे सवार

**किरीबुरु।** किरीबुरु के बिरसा स्मारक के समीप शाम लगभग सवा छः बजे टाटा टियागो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुई. इस दुर्घटना में किसी को कोई चोट नहीं लगी है बल्कि, वाहन को थोड़ा नुकसान पहुंचा है. सूत्रों का कहना है कि उक्त वाहन की लाईट में खराबी आने की वजह से लाईट जलना बंद हो गया था. इसी दौरान चालक का संतुलन वाहन पर से हटा एवं वाहन सड़क से किनारे उतर एक पोल से टकराकर रुक गई. घटनास्थल से वाहन को निकालने का प्रयास किया जा रहा है.

### चालक संघ की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**मनोहरपुर।** झारखंड चालक मनोहरपुर महासंघ की बैठक सोमवार को मनोहरपुर स्थित मनीपुर आमबगान में आयोजित की गई. जिसमें मनोहरपुर चालक महासंघ के चट्टानी एकता एवं संगठनहीत से जुड़े विभिन्न विंदुओं पर चर्चा हुई. वहीं मनोहरपुर चालक संघ के मुख्यवक्ता पवन खलखो ने बताया कि मनोहरपुर चालक संघ का विधिवत् रजिस्ट्रेशन किया गया है. जिसका लाभ संघ के सभी सदस्यों को मिलेगा. उन्होंने संघ से जुड़ने के लिए सभी चालको को जुड़ने की अपील की.

---

12 बजते ही चर्च की घंटियां घनघना उठीं, श्रद्धालुओं ने यीशु के जन्मदिन की दी बधाई

# यीशु के संदेश से जीवन को सुदृढ़ बनाएं: फादर निकोलस

संवाददाता | चाईबासा

क्रिसमस पर चाईबासा के विभिन्न चर्चों में ईसाई समुदाय ने हर्षोल्लास से यीशु ख्रीस्त जन्मदिन मनाया. रविवार को चर्च में क्रिसमस के पूर्व संध्या में प्रार्थना सभा की गई. वहीं रात के 12 बजते ही चर्च की घंटियां घनघना उठी और सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को यीशु के जन्म दिन की बधाई दी.

रोमन कैथोलिक चर्च में पल्ली पुरोहित निकोलस केरकेट्टा, सीएनआई चर्च में पादरी निकोलस नाग और जीइएल चर्च में पादरी प्रभु सहाय चांपिया की अगुवाई में प्रार्थना सभा हुई. रोमन कैथोलिक चर्च में फादर निकोलस केरकेट्टा ने अपने संदेश में कहा कि यीशु मसीह ने एक गरीब परिवार में जन्म लेकर सादगी का परिचय दिया. यीशु ने दुनिया में प्रेम, शांति और भाई-चारा की भावना जन-जन में फैलाया. चूंकि ये सारी चीजें हमें प्रगति के राह पर ले चलता है. प्रेम और शांति हमें स्वच्छ मन से जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है. लिहाजा हम ईसा मसीह के संदेश के साथ जीवन को सुदृढ़ बनाएं. प्रार्थना सभा में संजीव बलमुचू, रोबिन बलमुचू,रोयलेन तोपनो अमातुस तोपनो, कमल किशोर मिंज की कोयर दल की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने 'मुक्तिदाता यीशु राजा जन्मा है...' गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बनाया. प्रार्थना सभा समाप्ति के बाद बालक यीशु को सभी श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से चूमा और केक बांटे गए और सामूहिक नृत्य किया गया.





**खास बातें**

- लोगों ने एक-दूसरे को यीशु के जन्म दिन पर दी बधाई
- यीशु को श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से चूमा और केक बांटे

### फादर अगस्टिन ने की 'हो भाषा' में मिस्सा पूजा

इधर, सोमवार सुबह की प्रार्थना सभा में फादर यूजिन एक्का और फादर जोन पूर्ति ने हिंदी में और फादर अगस्टिन कुल्लू ने हो भाषा में मिस्सा पूजा किया. प्रार्थना सभा में फादरों ने सभी श्रद्धालुओं को क्रिसमस की बधाई दी. सिस्टर नीलिमा और सिस्टर गुलाबी की अगुवाई में भक्ति गीत 'ईश्वर के मेमना यीशु हमारा तारनहार...' गाया गया और हो भाषा में डडका चेतन रे गोवां ओव : रे यीशु इ जोनोम लेना, अबु बनचव लगिड यीशु इ जोनोम लेना गाए गए.

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- अकबर ने कब दिन-ए-इलामी धर्म चलाया था – 1582 ई
- सर्वाधिक न्यूनतम ज्वलनशील रेशा – **कपास सूत**
- भारत के समुद्री मार्ग की खोज किसने की थी – **वास्को-डी-गामा**
- पश्चिम घाट को भारत में क्या कहा जाता है – **सह्याद्रि**
- स्थायी बंदोबस्त किससे संबंधित है – **लॉर्ड कार्नवालिस**
- टाइगर स्टेट किस राज्य को कहा जाता है – **मध्य प्रदेश**
- ट्विंकल खन्ना की नई पुस्तक का नाम – **वेलकम टू पैराडाइज**
- त्रिपिटक साहित्य किस धर्म से संबंधित है – **बौद्ध धर्म**
- वेस्टइंडीज के क्रिकेटर ने संन्यास लेने की घोषणा की – **शेन डॉरिच**

---

क्रिसमस पर्व पर सभी चर्चों में प्रार्थना सभा हुई आयोजित

# जिंगल बेल, जिंगल बेल की गीतों से गुलजार हुए चर्च

संवाददाता | किरीबुरु

क्रिसमस पर्व को लेकर किरीबुरु-मेघाहातुबुरु समेत सारंडा के गांवों में उत्साह है. किरीबुरु स्थित जीईएल, सीएनआई और संत जोसेफ रोमन चर्च में सोमवार की सुबह से ही ईसाई समुदाय के लोग भारी तादाद में प्रार्थना सभा में शामिल हुये. तमाम चर्चों को बेहतर तरीके से सजाया व रंग-रोगन किया गया था. सभी चर्चों में प्रभु यीशु मसीह का चरणी बनाया गया था. यीशु के जन्मउत्सव पर केक काटे गये. प्रायः लोग अपने-अपने घरों से केक, अरसा व अन्य पकवान लेकर आये थे एवं एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई देकर पकवानों को आपस में बांटकर खाये. इस दौरान पारम्परिक नृत्य व नाच-गान का सिलसिला भी चलता रहा.

**परमेश्वर के पास वापस लाने का एकमात्र मार्ग :** क्रिसमस पर सीएनआई चर्च, किरीबुरु के प्रचारक नरेश लुगुन ने प्रभु यीशु का संदेश जनता को देते हुये कहा कि यीशु का बलिदान हमें परमेश्वर के पास वापस लाने का एकमात्र मार्ग है, क्योंकि पाप हमें उनसे अलग करता है. लेकिन यीशु हमारे पापों को अपने ऊपर लेने के लिए तैयार थे. उन्होंने हमारे दंड को अपने ऊपर लिया और वह क्रूस पर उसके लिए चढ़ गए. प्रभु यीशु ने अपने जीवन में लोगों को सत्य, एक-दूसरे से प्रेम व मदद करने, दुश्मनों को क्षमा करने की शिक्षा दी. वह सिर्फ एक जाती या धर्म के लिये नहीं बल्कि सभी का उद्धार करने हेतु धरती पर आयें. प्रभु यीशु को जिसने ग्रहण किया वह अनंत जीवन पाया. उनकी प्रेम, करुणा, और कमजोरों की मदद करने की शिक्षाएं, आसपास के लोगो से बेहतर संबध बनाकर सहयोग करने आदि मानवजाति के लिये अहम संदेश दिये.



**खास बातें**

- चर्चों को बेहतर तरीके से सजाया गया
- प्रार्थना सभा में शामिल हुए कई श्रद्धालु
- एक-दूसरे को बधाई देकर खाये पकवान



**प्रभु यीशु का जन्म पूरी मानव जाति के लिए :** संत जोसेफ, रोमन, किरीबुरु चर्च के फादर संतोष डिसूजा ने कहा कि यीशु ने कहा जिस तरह से मेरे पिता ने मुझसे प्रेम किया है उसी तरह मैंने भी तुमसे प्रेम किया है. प्रभु यीशु मसीस का जन्म न सिर्फ ईसाई जाति के लोगों के लिये हैं, बल्कि पूरी मानव जाति व समुदाय के लिए हैं. उन्होंने इस धरती पर आये एवं यह संदेश दिया की जो जहां पर रहता है वह आसपास में रहने वाले सभी समुदायों के साथ प्रेम व भाईचारा के साथ रहे.

### यीशु मसीह लोगों के लिए शांति का दूत

जीईएल चर्च के फादर जे सुरीन ने कहा कि यीशु मसीह सभी लोगों के लिए शांति का दूत व दाता है. वह दुनिया में आपसी प्रेम व भाईचारा, लोगों के बीच शांति, समृद्धि का संदेश लेकर आया. सभी लोगों को शांति व समृद्धि मिले. जबकि दुनिया में कहीं भी शांति व समृद्धि नही है, मगर हम यीशु के माध्यम से शांति के साथ-साथ समृद्धि भी पायेंगे.

# गुवा के तीन चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने मनाया क्रिसमस पर्व

संवाददाता | नोवामुंडी

गुवा के तीन चर्च जीईएल चर्च, आरसी चर्च एवं सीएनआई चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन के अवसर पर क्रिसमस पर्व मनाया. इस दौरान मसीही भाई-बहन काफी संख्या में अपने-अपने गिरजाघरों में उपस्थित होकर प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर उसकी आराधना व उपासना की. इस दौरान जीईएल चर्च के चेयरमैन रैम सुशील कुमार बागे ने उपासना की अगुवाई कर बाइबल कि वचन को उल्लेख किया. उसने कहा कि प्रभु यीशु का जन्म एक ईश्वरीय योजना थी. जिसके द्वारा संसार में शांति प्रेम और भाईचारा का संदेश लाता है. जिसमें मसीह लोग उद्धारकर्ता व शांति का राजकुमार के रूप में स्वीकार करते हैं. क्रिसमस के उपलक्ष में क्रिश्चियन एसोसिएशन गुवा के विभिन्न टोला में के रोल के लिए भ्रमण करते हैं.इस दौरान मौके पर प्रभु यीशु के जन्मदिन को लेकर जिला परिषद सदस्य सुश्री देवकी कुमारी एवं गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने आरसी चर्च में केक काटा गया. इस मौके पर पंचम जॉर्ज सोय, मंगलदास पूर्ति, हरजीवन कश्यप, मनोज बाखला, नोएल मिंज, जेम्स मिंज, कुमुद पूर्ति, ललीता सुरीन, मरसा बागे, आमुस भुइयां, मार्शल लुगून, प्रदीप सुरीन, डेजी गोडार्ड सहित काफी संख्या में मसीही समुदाय के लोग उपस्थित थे.



### कांग्रेसी नेता की पुण्य तिथि पर बांटे गए कंबल

**मनोहरपुर।** पूर्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी स्व.भोला चौधरी की पहली पुण्य तिथि सोमवार को मनाया गया. इस मौके पर उनकी तस्वीर पर परिजनों समेत स्थानीय लोगों ने उन्हें याद कर भावभीनी श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस दौरान उनके परिजनों के द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं मरिजों के बीच फल, ब्रेड आदि का वितरण किया गया. साथ ही सामूहिक भोज का आयोजन कर लोगों को खाना खिलाया गया. इस मौके पर स्व.भोला चौधरी की धर्मपत्नी साम्राजी देवी, सुपुत्र सतीश चौधरी, शिव शंकर यादव, राज यादव, पुत्रबधू रेणुका कुमारी, गायत्री देवी प्रपौत्र भोला यादव, कुमार शेष, राघव राज, ऋषित राज, प्रपौत्री आराध्या,आरोही एवं समस्त परिजन समेत अन्य लोग मौजूद थे.

# प्रभु यीशु ने मानव जाति को कल्याण का मार्ग दिखाया

संवाददाता | चाईबासा

क्रिसमस पर्व के अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी, पश्चिम सिंहभूम का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह संत जेवियर, सीएनआई, जीईएल चर्च, चाईबासा पहुंचकर पल्ली पुरोहित फादर निकोलस केरकेट्टा, रेभ निकोलस नाग एवं पीएस चंपिया को पुष्प गुच्छ देकर क्रिसमस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है.

कांग्रेसियों ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन सबके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए. प्रभु यीशु ने सामाजिक समानता पर बल दिया और मानव जाति को कल्याण का मार्ग दिखाया. उन्होंने सत्य, करूणा और प्रेम की शिक्षा दी और कमजोर और गरीबों की मदद के लिए प्रेरित किया. यीशु के संदेश दीन-दुखियों की मदद और समाज के उत्थान के लिए अनुकरणीय है. प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय, प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां, अजय कुमार, लक्ष्मण हासदा, सुरसेन टोपनो शामिल थे.

**खास बातें**

- यीशु मसीह के संदेश ने दीन-दुखियों की मदद की
- कमजोर और गरीबों की मदद के लिए प्रेरित किया

---

रोलाडीह स्कूल परिसर में सातवें दिन भी जारी रहा अनशन

# अनशनकारियों की मांगें होंगी पूरी: डीईओ

संवाददाता। चाईबासा

जन रक्षा संघर्ष समिति की ओर से रोलाडीह हाई स्कूल मैदान परिसर में प्लस टू की पढ़ाई आरंभ और शिक्षक की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन अनशन सोमवार को भी जारी रहा. सातवां दिन भी मेडिकल टीम पहुंचकर सभी अनशनकारियों का मेडिकल जांच किया. मेडिकल के पदाधिकारी ने अभी तक सामान्य स्थिति बताया है. हालांकि कमजोरी होने की बात पदाधिकारी की ओर से कही गई. अनशन पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार की ओर से आश्वासन दिया गया था कि हमारे मांगों को पूरी कर दिया जाएगा. अब मंगलवार का समय आ गया है, जिला शिक्षा पदाधिकारी से मांग है कि अपनी बातों को लेकर गंभीरता दिखाएं और हमारी मांगे को पूरी कर दे.




**शिक्षा का स्तर घट रहा है : पंडित**

जन रक्षा संघर्ष समिति के संयोजक पंडित कुमार महतो ने कहा कि लगातार शिक्षा विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का स्तर घटते जा रहा है. लेकिन इसको बढ़ाने के लिए कोई भी आगे नहीं आ रहा है. यहां के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति अन्य स्कूलों में किया जा रहा है जो एक दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार से मांग है कि रोलाडीह हाई स्कूल में प्लस टू आरंभ किया जाए और शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति अविलंब रद्द करें. ताकि यहां के विद्यार्थी का शिक्षा सुचारू रूप से चल सके. अनशन पर बैठे जन रक्षा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक तांती ने कहा कि रोलाडीह हाई स्कूल में 1000 से अधिक विद्यार्थी अध्यनरत है. लेकिन यहां पर शिक्षकों की भारी कमी है.

# भवन निर्माण विभाग में टेंडर मैनेज का खेल जारी

संवाददाता | किरीबुरु

भवन निर्माण विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा जारी संकल्प आदेश को नहीं माना जा रहा है. इसका असर विभाग के कार्यकारी एजेंसी भवन प्रमंडल चाईबासा में डीएमएफटी फंड से स्वीकृत की गई योजनाओं में आमंत्रित निविदा प्रकाशन को देखने से होता है. भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सैफुल्लाह अंसारी द्वारा राजनीतिक संरक्षण प्राप्त संवेदकों को टेंडर मैनेज करने के उद्देश्य से ऑनलाइन पद्धति ई टेंडर आधारित ऑन लाईन टेंडर में फीस और इएमडी की राशि ऑनलाइन जमा करने का जिक्र प्रकाशन में नहीं किया गया है. जबकि बीते 16 अक्टूबर के बाद हार्ड कॉपी जमा करने का प्रक्रिया समाप्त कर दिया गया है. विदित हो कि टेंडर मैनेज में भारी कमिशन वसूला जाता है. हार्ड कॉपी जमा करने यानी टेंडर मैनेज करने का मामला हमेशा से चर्चा में रहा है. हार्ड कॉपी जमा नहीं करने से दबंग नेता और उनके संरक्षण प्राप्त ठेकेदार का वर्चस्व खत्म हो जायेगा.



**गड़बड़ झोल**

- टेंडर मैनेज में भारी कमिशन वसूल किया जाता है
- टेंडर मैनेज करने का मामला हमेशा से चर्चा में रहा

### भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा पार : बोबोंगा

पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि यहां भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा को विभागीय अधिकारी व सरकार मिलकर पार कर चुकी है. इस मामले में उपायुक्त अनन्य मित्तल टेंडर मैनेज पर चुप्पी साधे हुए हैं. 16 अक्टूबर के बाद हार्ड कॉपी जमा लेने पर कार्यकारी एजेन्सी पर कोई करवाई नहीं करने से उपायुक्त की विश्वसनीयता पर भी उंगली उठने लगा है. तत्कालीन डीडीसी संदीप बक्शी के तीन साल के कार्यकाल में टेंडर मैनेज का खेल चरम सीमा पर रहा था. अब देखना है कि नये डीडीसी श्री मीना के समय में भी सरकारी आदेश को नज़र अंदाज कर हार्ड कॉपी जमा लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर के बाद हार्ड कॉपी जमा लेने से टेंडर मैनेज का आरोप सिद्ध होता है. इसके खिलाफ वह जिला प्रशासन, कार्यकारी एजेंसी, कार्यपालक अभियंता के टेंडर मैनेज कर करोड़ों की वसुली किए जाने की जानकारी ईडी को देने को पूरे प्रमाण के साथ निष्पक्ष जांच हेतु जल्द देंगे. उल्लेखनीय है कि डीएमएफटी में लूट व भारी भ्रष्टाचार का मामला चाईबासा ये केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता लगातार उठाते आ रहे हैं, लेकिन लूट बंद नहीं हो रहा है.



---

**आक्रोश** जंगली सूअर के शिकार मामले में, तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था

# वन विभाग और काशिया-पेचा के ग्रामीणों के बीच विवाद बढ़ा

संवाददाता | किरीबुरु

सारंडा वन प्रमंडल अन्तर्गत गुवा वन क्षेत्र के काशिया-पेचा गांव निवासी मंगता सुरीन को ग्रामीणों ने वन विभाग को घेरकर जबरन मुक्त कराया. यह घटना 25 दिसंबर की सुबह लगभग 10-11 बजे के बीच की बताई जा रही है.

घटना के बाबत मंगता सुरीन ने बताया कि वह और अन्य ग्रामीण अपनी जमीन पर लगी धान, मक्का की फसल को काट रहे थे. तभी वन विभाग की टीम एक वाहन से पहुंची एवं हमारे पास आकर हमें पकड़ कर अपने साथ ले जाने लगी. हमें पकड़ कर ले जाते देख लगभग 50-60 ग्रामीण, जिसमें महिलाएं भी थी, वन विभाग का रास्ता रोक हमें छुड़वाया. इस दौरान वन विभाग गांव की कुछ महिला व पुरुष का फोटो भी मोबाईल में खिंचा गया है, जिससे किसी मामले में फंसाने का भय बना हुआ है.



**जमीन पर हो रही है वर्षों से खेती :** एक सवाल के जवाब में मंगता सुरीन ने बताया कि जिस जमीन पर वह व अन्य ग्रामीण खेती कर रहे हैं. वह वन विभाग की जमीन है. वर्ष 1980 के दशक में झारखंड आंदोलन के दौरान उनके दादा आदि ने काटकर खेत बनाया था. इस जमीन पर वह वर्षों से खेती करते आ रहे हैं. फिर वन विभाग हमें क्यों पकड़ कर ले जा रही थी. इसका कारण मुझे समझ नहीं आया.

**तीन ग्रामीण को वन विभाग पकड़ कर ले गई थी :** सुरीन ने बताया कि वन विभाग हम ग्रामीणों को इस क्षेत्र से भागने और दुबारा इधर नहीं आने की बात बोली. अगर वन विभाग ऐसा करेगी, निर्दोष लोगों को फंसायेगी तो तमाम ग्रामीण वन विभाग के गुआ कार्यालय का घेराव करने हेतु बाध्य होंगे.

उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर को मृत जंगली सुअर के साथ तीन ग्रामीण को वन विभाग पकड़ कर ले गई थी. उन्होंने कहा कि बीते 19 अक्टूबर को गांव के 5-6 किसानों के रैयत भूमि पर लगे धान की फसल को हाथी खा गया था तथा एक बकरी को मार डाला था, जिसका मुआवजा हेतु आवेदन वन विभाग को दिया गया है. लेकिन, मुआवजा नहीं मिला.

### गिरफ्तारी के लिए वन विभाग की टीम नहीं गई: डीएफओ

दूसरी तरफ, सारंडा डीएफओ अभिरुप सिन्हा से संपर्क करने पर उन्होंने बताया की उक्त क्षेत्र में जंगल काटने, जंगली जानवरों को मारने हेतु फंदा लगाने की सूचना मिली थी. इसका सत्यापन व जंगल कटाई तथा जंगली जानवरों का शिकार में शामिल लोगों को उक्त जंगल क्षेत्र से हमारी टीम भगाने हेतु गई थी. मंगता सुरीन या अन्य किसी ग्रामीण की गिरफ्तारी हेतु वन विभाग की टीम नहीं गई थी. उन्होंने बताया कि इसी जंगल क्षेत्र में बीते 21 दिसंबर को काशिया-पेचा गांव के ग्रामीणों द्वारा तार का फंदा लगाकर एक जंगली सुअर का शिकार कर उसके मांस काटने की सूचना मिली थी. सूचना पाकर गुवा वन विभाग की टीम छापेमारी कर मौके से तीन ग्रामीण सुरदन सुरीन, चरण सुरीन व गंगाराम सुरीन को मृत जंगली सुअर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था. उन्होंने कहा कि वनों में रहने वाले तमाम ग्रामीणों का कर्त्तव्य है कि वह जंगल व जंगल में रहने वाले तमाम वन प्राणियों का रक्षा करें, न कि उनका शिकार व जंगलों को काटे. वन विभाग ग्रामीणों का सदैव से दोस्त व सहयोगी रही है. ग्रामीण भी जंगल, वन प्राणियों का नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ वन विभाग की कार्यवाही में सहयोग करें.

# हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस लोगों ने लिया प्रार्थना में भाग

संवाददाता। चक्रधरपुर

प्रभु यीशु के जन्मोत्सव का त्योहार क्रिसमस सोमवार को चक्रधरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मसीही समाज के लोगों ने अपने घरों को आकर्षक तरीके से सजाया था. क्रिसमस के अवसर पर सोमवार देर शाम तक चर्च व गिरजाघरों देर शाम तक भीड़ रही.

गिरजाघरों में क्रिसमस ट्री, झालर लाइट, लेंप आदि आकर्षक के केंद्र बने थे.रविवार रात के 12 बजते ही मेरी क्रिसमस और जिंगल बेल-जिंगल बेल से गिरजाघर गूंज उठे. वहीं, सोमवार को प्रभु यीशु के जन्मदिन पर मसीही समुदाय लोग गिरजाघर पहुंचकर विशेष प्रार्थना सभा में भाग लिया. प्रार्थना सभा के बाद एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी. शहर के पोटका स्थित ख्रीस्त राजा चर्च, लाल गिरजाघर, न्यू बस स्टैंड समीप स्थित जीइएल चर्च, बुढ़ीगोड़ा चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई. सभी गिरजाघरों में प्रवेश गान, महिमा गान के साथ विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर प्रभु यीशु मसीह के बाल रूप को चरणी में रखकर प्राण प्रतिष्ठा की गयी. ख्रीस्त राजा चर्च में पल्ली पुरोहित फादर पौलुस बोदरा, फादर एस पुथुमय राज, लाल गिरजाघर में फादर शिमोन नाग, जीईएल चर्च में फादर सीके मरांडी समेत अन्य गिरजाघरों में विभिन्न फादरों की अगुवाई में प्रार्थना सभा की गयी. देश-दुनिया की खुशहाली के लिए कामना की गयी. पुरोहितों ने प्रभु यीशु मसीह के संदेश व बाइबल पाठ किया. गांवों में भी चहल पहल देखी गयी.

### शहीद निर्मल महतो के समाधिस्थल पर भाजपाइयों की पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की, नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत

# सीएम को वादा याद दिलाने के लिए उपवास पर बैठे भाजपाई

संवाददाता | जमशेदपुर

झारखंड के जनक और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं झारखंड आंदोलन के नायक शहीद निर्मल महतो की जयंती पर सोमवार को भाजपाई पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल पर एक दिवसीय उपवास पर बैठे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 8 अगस्त 2019 को जमशेदपुर में किए गए वादे को याद दिलाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने उपवास पर बैठने की घोषणा की थी. इसी क्रम में भाजपाई समाधिस्थल पर जुटे और शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वहीं, उपवास पर बैठ गए. लेकिन पुलिस ने उन्हें समाधिस्थल के पास



समाधिस्थल पर उपवास में बैठे भाजपा कार्यकर्ता.

धरना-उपवास करने से रोक दिया और जबरन उक्त स्थान से बाहर कर दिया. इस दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बहस और धक्का-मुक्की भी हुई. इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता समाधिस्थल के बाहर आ गए और पेड़ के नीचे बैठ कर विरोध प्रदर्शन किया.

**खास बातें**

- पेड़ के नीचे बैठ कर विरोध किया विरोध प्रदर्शन
- पुलिस की वजह से कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई



**विपक्ष हो गयी है मुद्दा विहीन : चम्पई सोरेन**

जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उन्होंने रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन उसे आज तक पूरा नहीं किया. अब एक बार फिर शहर आने की घोषणा कर वे नहीं आये है. वे लगातार शहीदों का अपमान करते हैं. वहीं, इस मामले पर मंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन है. हेमंत सोरेन के कार्य को देखकर भाजपा की पेट में दर्द शुरू हो गया है. गांव-गांव में सरकार की योजना पहुंच रही है. रांची से नहीं बल्कि गांव से हेमंत सरकार चल रही है, एक-एक परिवार की समस्या जानकार उनका समाधान हो रहा है. झारखंड बनने के बाद सबसे ज्यादा समय भाजपा ने राज किया, लेकिन प्रदेश को विकास की जगह विनाश की ओर धकेल दिया. झारखंड में आज हर जगह खुशहाली है. विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ाई के लिए मॉडल स्कूल खुलवा दिया गया. कई युवाओं को नियुक्ति पत्र मिला इसी से विपक्ष को तकलीफ हो गई है.

**तनावपूर्ण बनी रही स्थिति :** शहीद निर्मल महतो की जयंती पर कदमा में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी शामिल होना था, लेकिन वे किसी कारणवश नहीं आ सके. इसके बावजूद भाजपाइयों ने अपना विरोध जारी रखा. इस दौरान झामुमो कार्यकर्ता जिस मार्ग से नारेबाजी करते हुए समाधिस्थल पर पहुंच रहे थे. वहीं, भाजपा कार्यकर्ता भी उपवास पर बैठकर अपना विरोध जता रहे थे. इस दौरान स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई थी.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- काली चाय का सबसे बड़ा उत्पादक देश – भारत
- हर्ष ने घाटों पर कौन सा कर लगाया था – खेवा कर
- सांग कहां का लोक नृत्य है – हरियाणा
- प्रबुद्ध भारत पत्रिका की शुरुआत किसने की थी – स्वामी विवेकानंद
- जयचंद किस वंश का शासक था – गहड़वाल
- किस साल म्यांमार भारतवर्ष से अलग हुआ था –1937
- टिक्का रोग किस फसल से संबंधित है – मूंगफली
- पौधे के किस भाग से हल्दी मिलती है – तना
- अशोक का साम्राज्य कितने राज्यों में था – पांच
- मानव का वैज्ञानिक नाम क्या है – होमोस्पेनिश
- यूपीएससी की प्रथम महिला अध्यक्ष – रोज बैथ्यू

## ब्रीफ खबरें

### स्वाती सुमन को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएन (एसिया) के उपाध्यक्ष उद्यमी सुधीर सिंह की पुत्री को डॉक्टरेट की उपाधि मिली है. रविवार को कोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी के 66वें वार्षिक दीक्षांत समारोह मे सुधीर सिंह की इकलौती पुत्री स्वाती सुमन को इलेक्ट्रिक विभाग से डॉक्टरेट की उपाधि मिली. उन्हें यूनिवर्सिटी के कान्वेंशन स्टेडियम मे कुलपति के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है. बतौर स्वाति ने बताया कि वो इन दिनों विदेश में वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत पर रिसर्च भी कर रही हैं.

### नारी शिक्षा के लिए समर्पित थीं कविता भकत: जगदीश

**घाटशिला।** कुंभकार प्रगतिशील समिति के मार्गदर्शक स्व. कविता भकत की सोमवार को छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पोटका प्रखंड कलिकापुर में किया गया. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कुंभकार प्रगतिशील समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जगदीश भकत ने कहा कि स्व. कविता भकत विशेष रूप से समाज में नारी शिक्षा के प्रति समर्पित भावना से काम करती थी. उन्होंने समाज में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को सहयोग कर शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दिए थे. उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भगवान से आत्मा शांति की प्रार्थना की गई. पुण्यतिथि पर विशेष रूप से जरूरतमंद ग्रामीण के बीच 50 कंबल वितरण किया गया.

### लोगों को दी गई कानून की जानकारी

**चांडिल।** अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, चांडिल की ओर से सोमवार को सौ दिवसीय आउटरीच एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतिम दिन ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाया गया. ईचागढ़ के पीएलवी कार्तिक गोप के अगुवाई में डोर टू डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम में आम जनता को पाक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार, प्रायोजन एवं पालन पोषण योजना, बाल विवाह, बाल श्रम, डायन कुप्रथा, नशा उन्मूलन, महिला के अधिकार, बाल तस्करी आदि से संबंधित जानकारी दी गई. इस दौरान गांव के गलियारों में और खेत-खलिहानों में भी लोगों को कानून, आम जनता के अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी गई.

### सेवाश्रम संघ में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**घाटशिला।** भारत सेवाश्रम संघ बड़ाजुड़ी में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. संघ के सचिव स्वामी प्रभाकरानंद महाराज के नेतृत्व में बालक व बालिका वर्ग के लिए खेलकूद की विविध स्पर्द्धाओं का आयोजन किया गया. इससे पहले स्वामी प्रणवानंद जी महाराज के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. 100 मी रेस, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो समेत 33 तरह के स्पर्धा का आयोजन किया गया. जेवलिन थ्रो में रानी सबर ने प्रथम स्थान हासिल किया. जबकि, पायल सामाद ने द्वितीय व देवी सिंह ने तृतीय स्थान हासिल की. डिस्कस थ्रो में निशा सामाद ने प्रथम, रीना हेम्ब्रम ने द्वितीय व पूजा हांसदा ने तृतीय स्थान हासिल किया.

### भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में बनना था 25 शैय्या अस्पताल

# प्राइवेट डॉक्टरों को कमरे देकर हो रहा व्यवसायीकरण

संजीव मेहता | आदित्यपुर

साकची स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर भवन में 25 शैय्या का अस्पताल बनना था. लेकिन, इस करार का उल्लंघन कर इस भवन में प्राइवेट चिकित्सकों को कमरे आवंटित कर दिया गया है, जिससे खुलेआम व्यवसायीकरण की बू आ रही है. इस संबंध में राज्य के राज्यपाल और पूर्वी सिंहभूम के डीसी को पत्र लिखकर शिकायत की गई है. शिकायतकर्ता आदित्यपुर के एक प्रबुद्ध और वरिष्ठ नागरिक सुरेंद्र कुमार महतो ने की है. उन्होंने शिकायत पत्र में लिखा है कि रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी सिंहभूम शाखा को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड द्वारा पत्रांक 1990/रा० दिनांक 06-06-08 द्वारा निर्गत पत्र के आधार पर आवंटित भूखंड जिसका क्षेत्रफल 0.362 एकड़ है. इसी विभाग के संशोधित पत्रांक 2988/रा० दिनांक 16.7.08 द्वारा आवंटित इस सोसाइटी को आवंटित भूखंड क्षेत्रफल 0.373 एकड़ पर 25 शैय्या अस्पताल के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई थी. इसके बजाए उक्त भूखंड पर एक भवन बनाकर व्यवसायीकरण कर दिया गया है, जो सब लीज का उल्लंघन है.

**निजी दवा दुकान खुलवाकर भाड़ा वसूल किया जा रहा है :** महतो ने कहा कि निजी चिकित्सकों को कुछ कमरे एवं केबिन भाड़े पर देकर वहां आनेवाले गरीबी-अमीर सभी मरीजों/रोगियों से विभिन्न कंसलटेंसी फी 800-1000 लेकर उन्हें परामर्श दिया जाता है. इस भवन के कुछ भाग में पैसे लेकर निजी दवा दुकान खुलवाकर भाड़ा वसूल किया जा रहा है. कुछ कमरे में पैसे लेकर भाड़े पर वैक्सीनेशन सेंटर एवम पैथोलोजिकल टेस्ट सेंटर खोलवाया गया है. आम नागरिकों के आईवाश के लिए 'चिमन लाल भलोटिया' नामक एक अस्पताल का नेम प्लेट लगा दिया गया है.





**25 शैय्या वाले अस्पताल का नहीं हुआ निर्माण**

शिकायत पत्र महामहिम राज्यपाल, झारखंड सह अध्यक्ष, झारखंड राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम सह अध्यक्ष, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) शाखा से की गई है. महतो ने कहा है कि पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड के द्वारा जिला अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सह उपायुक्त के नाम 0.373 एकड़ टाटा स्टील की सबलीज जमीन लोक कल्याण हेतु पाइप लाइन रोड जुबिली पार्क गेट के सामने पूर्वी ओर साकची में 25 शैय्या वाले असपताल के निर्माण हेतु मिली थी, लेकिन 15 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक उक्त जमीन/भूखंड पर कोई भी 25 शैय्या वाले अस्पताल का निर्माण स्थानीय जिला रेड क्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर द्वारा नहीं किया जा सका है. बल्कि उक्त भूखंड पर एक भवन तथा इसमें कुछ कुछ कमरे एवं केबिन बनाकर उसे भाड़े पर देकर उसका पूर्ण व्यवसायीकरण किया जा रहा है.

**राज्य सरकार से भूमि सब लीज पर दिया गया है**

महतो ने उपायुक्त सह अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर तथा महामहिम राज्यपाल सह अध्यक्ष राज्य शाखा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी से पूछा है कि जिस उद्देश्य से आम नागरिकों के कल्याणार्थ पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी को 25 शैय्या वाले अस्पताल खोलने के लिए राज्य सरकार से 0.373 एकड़ भूमि सब लीज पर दिया गया है. क्या उसका निर्माण कराकर सोसाइटी द्वारा आम नागरिकों को मुफ्त लाभ पहुंचाया या उपलब्ध कराया जा रहा है ?

**खास बातें**

- राज्यपाल व डीसी को पत्र लिखकर की गई शिकायत
- मानद सचिव पर लगाया गंभीर आरोप, जांच की मांग

**भवन से प्राप्त आय-व्यय की हो शीघ्र जांच**

महतो ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि राज्य सरकार द्वारा स्थनीय रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई को सरकारी भूमि देने का का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका है, बल्कि आम नागरिकों का खून चूसकर इसका पूर्ण व्यवसायीकरण हो रहा है. अत: महामहिम राज्यपाल झारखंड एवम उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम से अनुरोध है कि इस रेड क्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर भवन से प्राप्त आय-व्यय की शीघ्र जांच कराने की कृपा करेंगे तथा विजय कुमार सिंह, मानद सचिव इन्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम शाखा की संदिग्ध भूमिका की जांच कराकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से इसके/ इसके परिवार की चल अचल संपत्ति की जांच कराई जाए.

### बड़ाजुड़ी हाटतोला में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मनी जयंती

## झारखंड राज्य वाजपेयी की देन: देवयानी

संवाददाता | घाटशिला

बड़ाजुड़ी हाटतोला में दामपाड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश भकत की अध्यक्षता में सोमवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गई. कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से वाजपेयी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य अटल बिहारी वाजपेयी की देन है. झारखंड के आदिवासी और मूलवासी के दर्द को समझते हुए राज्य का पहला आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में बाबूलाल मरांडी को बनाया. इसलिए झारखंड सदैव वाजपेयी का ऋ़णी रहेगा. कार्यक्रम मे भाजपा नेता नंदलाल भकत, अनिल भकत, मुखिया मुखिया फागु सोरेन ने भी अपने विचार रखे. इस मौके पर उपमुखिया बिशु टुडू,भादो माण्डी, दुर्गा दण्डपाट, जुनू विषई, सजंय मन्ना, हरिपद भकत, अजय भकत, कंचन भकत, गोकुल भकत, चंचल दास, अर्चना भकत समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.



### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश ने मनाई अटल की जयंती

**बहरागोड़ा।** झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने अपने आवासीय कार्यालय पर मनाये अटल बिहारी वाजपेयी जी के 99तम जन्मजयंती. उन्होंने सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्प व माल्लार्पण करके श्रद्धांजलि दिए. इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री सह भारत रत्न से सम्मानित वाजपेयी जी के जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला. साथ ही बढ़ते ठंड को देखते हुए असहाय गरीब सैकड़ों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया.

### भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की मनाई जयंती

**बहरागोड़ा।** सोमवार को भाजपा बहरागोड़ा मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर के अध्यक्षता में मंडल कार्यालय एवं शक्तिकेंद्रों पर भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अर्पित जन्मजयंती मनाई गयी. इस कार्यक्रम में बरिष्ट नेता रंजीत बाला, जिला महामंत्री बापतु साव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीबत्स घोष, एस सी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महादेब बैठा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दीपंकर साव आदि उपस्थित थे.

### फिजियोथेरेपिस्ट को एम्स में मिला फिजियो रत्न अवॉर्ड



**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ हिमांशु शेखर भारती को एम्स दिल्ली में फिजियो रत्न अवार्ड से नवाजा गया है. डॉ हिमांशु ने बताया कि उन्हें यह सम्मान उनके 21 वर्ष के एक्सपीरियंस के उपरांत मिला है. उन्होंने बताया कि वे आदित्यपुर, गम्हरिया और जमशेदपुर में जीवन ज्योति फिजियोथेरेपिस्ट क्लीनिक खोलकर अपनी सेवा दे रहे हैं. इस कार्य में उनके छोटे भाई भी प्रशिक्षणोपरांत सहयोग कर रहे हैं.

## पीजी में नामांकन के लिए 31 तक कर सकते हैं आवेदन : प्राचार्य

संवाददाता | घाटशिला

घाटशिला कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2023-2025 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है. इसकी अंतिम तिथि कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा 31 दिसंबर तक निर्धारित है. इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने बताया कि पीजी में नामांकन को लेकर महाविद्यालय द्वारा 12 दिसंबर को ही सूचना जारी किया गया है. नामांकन को लेकर प्रथम सूची 6 जनवरी को जारी किया जाएगा तथा सूची के अनुसार 6 से 12 जनवरी तक नामांकन लिया जाएगा.

इसकी दूसरी सूची 16 जनवरी को प्रकाशित किया जाएगा तथा 20 जनवरी से कक्षा प्रारंभ कर दिया जाएगा. प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि पीजी में नामांकन हेतु विद्यार्थी इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, संताली एवं वाणिज्य विषयों में ही आवेदन करेंगे. नामांकन संबंधी विशेष जानकारी के लिए विद्यार्थी नामांकन प्रभारी डॉ एस पी सिंह तथा हेल्प डेस्क प्रभारी समीर कुमार राय से संपर्क कर सकते हैं.

## जयंती पर याद किए गए शहीद निर्मल महतो

संवाददाता | जमशेदपुर

झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता व झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती सोमवार को मनाई गई. इस दौरान कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी.

बिष्टुपुर स्थित चमरिया गेस्ट हाउस में शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि देने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी. सभी ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इसके साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर नमन किया. इसमें झारखंड सरकार के मंत्री चंपई सोरेन, विधायक सह जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, सविता महतो, झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, झामुमो के वरिष्ठ नेता मोहन कर्मकार, सांसद विद्युत् वरण महतो समेत कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता शामिल थे.



### शहीद निर्मल महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंहपुरा में सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर मुखिया कन्हाईलाल माहली और पंचायत समिति सदस्य पुष्पा महतो ने सिंहपुरा स्थित शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्हें नमन किया गया. मौके जेबीकेएसएस कार्यकर्ता भुषण चंद्र महतो, लव महतो, सुखमय महतो, रविंद्र नाथ महतो, धरनीधर महतो, हिमांशु महतो आदि उपस्थित थे.

## छह माह से खराब है एंबुलेंस, लोग परेशान

संवाददाता | चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र का कुकड़ू प्रखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है. पूरे प्रखंड क्षेत्र में एक भी सरकारी चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, जबकि प्रखंड में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ पांच उप स्वास्थ्य केंद्र हैं. लंबे अरसे से की जा रही ग्रामीणों की मांग पर स्वास्थ्य विभाग ने चांडिल के दो महिला चिकित्सकों को दो-दो दिन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिरुलडीह में प्रतिनियुक्त किया है. चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, लेकिन इतने में कुकड़ू प्रखंड के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है. विभाग की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को दी गई एंबुलेंस पिछले करीब छह माह से खराब है. इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है; खासकर गर्भवती महिलाओं को.



**कब मिलेगी एंबुलेंस की सुविधा**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिरुलडीह में करीब 6 माह से 108 एंबुलेंस खराब है. 108 एंबुलेंस खराब होने के कारण क्षेत्र में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने में लोगों को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है. 108 एंबुलेंस के अभाव में दुर्घटनाओं में घायल लोग अस्पताल में देरी से पहुंचते हैं, जिसकी वजह से उनकी हालत और अधिक खराब हो जाती है. एंबुलेंस खराब रहने के कारण गर्भवती महिलाओं को प्राइवेट वाहन का सहारा लेना पड़ रहा है, जिसके लिए उन्हें मोटी रकम चुकानी पड़ रही है.

**लोगों को सुविधा दे सरकार :** भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य सुग्रीव महतो ने कहा कि कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट है. लोगों की सामूहिक मूलभूत सुविधाएं क्षेत्र में नदारत है और सरकार विकास की बात करती है. तिरुलडीह में एंबुलेंस खराब रहने के संबंध में कई स्थानीय लोगों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है. लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं.

**महोत्सव** प्रभु यीशु मशीह के जन्म के साथ ही संसार में प्रेम फैलाने का दिया गया संदेश

# क्रिसमस के उल्लास में डूबा शहर, चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना

संवाददाता | जमशेदपुर

क्रिसमस पर शहर के सभी प्रमुख गिरजाघरों में उत्साह के साथ प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया गया. लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी. प्रभु यीशु का जन्मोत्सव सोमवार को बड़ा दिन के रूप में मनाया गया. उनके जन्म के साथ ही संसार में प्रेम फैलाने का संदेश दिया गया. शहर में हर तरफ जश्न का माहौल रहा. कई चर्च में सुबह से प्रार्थना सभा व प्रवचन का दौर शुरू हो गया था. इसमें प्रभु यीशु के प्रेम संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया. क्रिसमस पर बड़ों से लेकर बच्चे तक पूरे उत्साह में थे. वैसे तो रविवार की रात में ही जन्मोत्सव मनाने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन मुख्य प्रार्थना सोमवार की सुबह हुई.



**चर्च में दिनभर रही लोगों की भीड़ :** क्रिसमस पर गोलमुरी संत जोसेफ चर्च, टेल्को लुपिता चर्च, बिरसानगर ज्ञान दीप चर्च, बारीडीह मर्सी चैपल, मानगो संत एंथोनी चर्च, परसुडीह संत रॉबर्ट चर्च, बिष्टुपुर में संत मेरी चर्च, लोयला परिसर में इंस्टेंट जीजस चर्च, बिष्टुपुर सेंट जॉर्ज चर्च व भिलाई पहाड़ी अस्पताल चर्च समेत शहर के सभी चर्चो में प्रभु यीशु के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी. इस दौरान प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जहां लोगों ने प्रभु यीशु से पूरे विश्व के कल्याण की कामना की. इस दौरान दिनभर चर्च में लोगों की भीड़ रही, जिसमें सभी वर्ग के लोग शामिल हुए. कहीं-कहीं कार्यक्रम के दौरान जिंगल बेल-जिंगल बेल जिंगल ऑल बेल जैसे क्रिसमस गीतों पर बच्चे झूमते नजर आए. वहीं सांता क्लॉज के वेश में युवकों ने बच्चों के बीच मिठाइयां व उपहार भी बांटे.

**खास बातें**

- शहर में हर तरफ जश्न का माहौल रहा
- चर्च में सभी वर्ग के लोग हुए शामिल

**पूरी दुनिया में क्रिसमस की धूम**


25 दिसंबर को पूरी दुनिया में क्रिसमस धूमधाम से मनाया जाता है. क्रिसमस का पर्व ईसाई धर्म के लोगों के लिए बहुत खास है. यह हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है. मान्यताओं के अनुसार इस दिन ईसा मसीह का जन्म हुआ था. भारत में अब अन्य धर्मों के लोग भी इस पर्व को धूमधाम से मनाने लगे हैं. इस दिन गिरिजा घरों की रौनक देखने लायक होती है. क्रिसमस पर्व सिर्फ एक-दो दिन नहीं बल्कि 12 दिनों तक मनाया जाता है.

## झारखंड में 456 करोड़ निवेश करेगी वरुण बेवरेजेस लिमिटेड

संवाददाता | आदित्यपुर

आदित्यपुर की वरुण बेवरेजेज लिमिटेड कंपनी राज्य में 456 करोड़ रुपये की निवेश करेगी. यह जानकारी वरुण बेवरेजेस लिमिटेड कंपनी के एच आर अधिकारी बसंत कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि कंपनी राज्य के रामगढ़ के पतरातू में नया प्लांट स्थापित करेगी.

जहां पेप्सी, सेवेन अप, ट्रापिकाना फ्रूट जूस, एक्वाफिना पानी आदि का उत्पादन होगा. साथ ही मिल्क बेस्ड ड्रिंक, वैल्यु एडेड डेयरी प्रोडक्ट एवं ड्रिंक के लिए बोतल का उत्पादन भी करेगी. इसके साथ ही कम्पनी 4 मेगावाट सोलर पावर एनर्जी जनरेट कर आस-पास क्षेत्र में पावर भी सप्लाई करेगी. इस पूंजी निवेश से शुरुआती चरण में कंपनी आसपास के क्षेत्र के 600 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार का सृजन करेगी. इसके लिए झारखण्ड सरकार एवं पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के बीच रविवार को एमओयू सम्पन्न हुआ है.





**खास बातें**

- शहर में हर तरफ जश्न का माहौल रहा
- चर्च में सभी वर्ग के लोग हुए शामिल

## ब्रीफ खबरें

### राशन दुकान में चोरी का असफल प्रयास

**किरीबुरु ।** प्रोस्पेक्टिंग चौक स्थित राशन दुकान का ताला तोड़ चोरों के द्वारा चोरी का असफल प्रयास किया गया. इस दौरान दुकानदारों व अन्य लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ कर पुलिस को रात्रि लगभग 12 बजे सौंपा गया. पुलिस संदिग्ध युवक से पूछताछ कर रही है. दुकानदार ने बताया कि रविवार रात वह दुकान बंदकर घर पर सो रहा था. तभी दोस्तों ने फोन कर जानकारी दिया कि उसके दुकान में चोरी का प्रयास किया जा रहा है. जब वह पहुंचा तो पाया की दुकान का आगे दरवाजा का दो ताला टूटा है.

### वाहन के धक्के से एक युवक घायल

**किरीबुरु ।** बैंक मोड़ क्षेत्र स्थित हिल्टौप मार्ग पर टायर दुकान के सामने चारपहिया वाहन ने पैदल जा रहे चंद्रमोहन भंज (43 वर्ष), न्यू कैंप निवासी को धक्का मार फरार हो गया. कार के धक्के से चन्द्रमोहन सड़क पर गिरने से बेहोश हो गए. स्थानीय लोगों ने घायल को सेल अस्पताल किरीबुरु में भर्ती कराया. चंद्रमोहन के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आयी है. चंद्रमोहन ने बताया की वह मंदिर तालाब से श्राद्ध से जुड़े एक कार्यक्रम में भाग लेकर पैदल अपने घर जा रहे थे, तभी नशे में कुछ लोग वाहन चलाते हुए आए और पीछे से धक्का मारकर फरार हो गया. बताया जा रहा है कि जिस वाहन ने उसे धक्का मारा वह हिल्टौप का है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### डिपो में छापेमारी, 200 टन कोयला बरामद

**जरीडीह ।** बोकारो जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र में पिछले लंबे समय से अवैध कोयला के कई डिपो संचालित हो रहे हैं. सोमवार को थाना से महज चार किमी की दूरी पर बाराडीह के बलुआडीह में चल रहे अवैध कोयले के डिपो में जरीडीह थाना प्रभारी अमित राय ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लगभग दो सौ टन अवैध कोयला बरामद किया है. थाना प्रभारी अमीत राय ने बताया कि जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराडीह पंचायत के बलुवाडीह गांव में अवैध कोयला डिपो के संचालन की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी. जिसके तहत कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर लगभग 200 टन कोयला बरामद किया गया है.

### लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, 5 गिरफ्तार

**खूंटी ।** तपकरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. इस मामले को लेकर तपकरा थाने में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस एक महिला सहित पांच आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार तोरपा के प्रतिष्ठित स्कूल में नवीं कक्षा की छात्रा क्रिसमस की छुट्टी के बाद अपने एक मित्र के साथ भेलकी टोंगरी घूमने गई थी. वहीं से तपकरा के कुछ युवक लड़की के मित्र को धमकाकर भगा दिया और नाबालिग लड़की को तपकरा ले गए, जहां चार-पांच युवकों ने उसके साथ मुंह काला किया. पुलिस ने शहबाज खान, हसनैन, मिराज और एक महिला सहित चार-पांच लोगों को हिरासत में ले लिया.

### पिकनिक मनाने गया युवक डैम में डूबा

**पलामू ।** सोमवार को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के रानी ताल डैम के किनारे पिकनिक मनाने गए चैनपुर के एक युवक नहाने के दौरान डैम में डूब गया. मछली पकड़ने वाले स्थानीय लोग ट्यूब पर बैठकर जाल के सहारे युवक के शव को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं. बताया जाता है कि चैनपुर बाजार निवासी शिवनाथ साव का पुत्र धर्मेंद्र कमलापुरी (45) समेत चार-पांच युवक पिकनिक मनाने के लिए सोमवार को रानी ताल डैम गए थे. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### पुलिस ने एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह ।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने एटीएम मशीन में स्लीप पट्टी लगाकर पैसे की चोरी करने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधी संजीत यादव गया का रहने वाला है. जबकि उसका साथी नवादा निवासी दीपू यादव फरार होने में सफल रहा. पुलिस ने संजीत को सोमवार को जेल भेज दिया. वहीं उसके फरार साथी दीपू को दबोचने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. पूछताछ में संजीत सादव के पास से मोबाइल, बाइक आदि बरामद किया है.

# झाड़ी में छुपाकर रखी थीं लाखों की अवैध लकड़ियां, जब्त

- लकड़ियों की ढुलाई में लगे थे 20 ट्रैक्टर, बाजार मूल्य लाखों में

**संवाददाता । गोड्डा**



तस्करों द्वारा झाड़ी में छुपा कर रखे गए चोरी की लकड़ियों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है. गोड्डा जिले के तीन वन क्षेत्र बोआरीजोर सुंदरपहाड़ी एवं गोड्डा तीनों वन क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कर्मियों की संयुक्त टीम द्वारा यह छापेमारी कर लकड़ियों का बड़ा भंडार बरामद किया गया है. मामला पौडेय़ाहाट प्रखंड अंतर्गत बांझी रोड की है. वन विभाग को मिले गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने यह छापेमारी की थी. कमली मैदान में झाड़ियों को छिपाकर रखे जाने की सूचना मिली थी. इस सूचना पर जब वन विभाग की टीम पहुंची तो वह देखकर दंग रह गई. शीशम, सागवान, महुआ बरगद सहित अन्य लकड़ियों का बड़ा बोटा का इतना बड़ा जखीरा था कि उसे ढोने में बीस से अधिक ट्रैक्टर को लगाया गया. बताया जाता है कि इस क्षेत्र में लकड़ी माफिया काफी दिनों से सक्रिय है. वन विभाग को भी इस बात की जानकारी है कि लकड़ी तस्करों का यह पुराना कार्यक्षेत्र रहा है. रात के अंधेरे में प्रति रात लाखों के मूल्य की कीमती लकड़ियों को जिला से बाहर भेजा जाता है. इस इलाके में सर्वाधिक जंगल सुंदर पहाड़ी और बोआरीजोर में हुआ करते थे मगर तस्करों की बुरी नजर में जंगल के जंगल उजाड़ दिए गया अब जंगल के नाम पर सिर्फ ठूंठ बचे हुए हैं. इसमें वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत भी बीच-बीच में सामने आते रहती है. खानापूर्ति के लिए कभी कभार एक दो छोटे गरीब पहाड़िया को जेल भेज दिया जाता है. मगर जो मुख्य माफिया होते है उसके गिरेबान तक विभाग के हाथ नहीं पहुंच पाते हैं. इधर, विभागीय टीम ने जब्त किए गए लकड़ियों का कागजी कार्रवाई करते हुए परिसर में लाकर रखा गया है. अज्ञात तस्कर कभी ज्ञात नही हो सकेंगे.

## आओ जानें

### झारखंड के 1825 लोगों ने किया सुसाइड जानें बाकी राज्यों की स्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिहार | : 827 | छत्तीसगढ़ | : 7828 |
| सिक्किम | : 268 | ओडिशा | : 5651 |
| असम | : 3262 | त्रिपुरा | : 771 |
| अरुणाचल प्रदेश | : 160 | महाराष्ट्र | : 22207 |
| गुजरात | : 8789 | तेलंगाना | : 10171 |
| मध्यप्रदेश | : 14965 | गोवा | : 321 |
| झारखंड | : 1825 | कर्नाटक | : 13056 |
| पश्चिम बंगाल | : 13500 | आंध्रप्रदेश | : 8067 |
| मेघालय | : 226 | केरल | : 9549 |
| नागालैंड | : 43 | तमिलनाडु | : 18925 |
| मणिपुर | : 49 | लद्दाख | : 11 |
| मिजोरम | : 99 | जम्मू कश्मीर | : 247 |

## भौंरा पूर्वी झरिया क्षेत्र के चार नंबर 4-ए पेच में हुआ हादसा

# एटी देव प्रभा भौंरा प्रोजेक्ट में गाड़ी पलटने से चालक मरे

**संवाददाता । झरिया**



भौंरा पूर्वी झरिया क्षेत्र के 4-ए पेच में सोमवार की सुबह लगभग तीन बजे वोल्वो गाड़ी पलट जाने से चालक की मौत हो गई. बताया जाता है कि फायर प्रोजेक्ट से मिट्टी लेकर डंपिंग करने के लिए मो. सुहैल जैसे ही डंपिंग पॉइंट पर पहुंचा गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी करीब 60-70 फीट नीचे प्रोजेक्ट में जाकर गिर गई. गाड़ी के गिरते ही उसमें आग लग गई. आनन-फानन में कर्मियों ने सुहैल को किसी तरह से निकाला पर उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी. सूचना मिलते ही कंपनी के निदेशक कुंभनाथ सिंह, वार्ड 39 के पार्षद शिवकुमार यादव, परियोजना पदाधिकारी बीके पांडे घटनास्थल पर पहुंचे सुहैल को धनबाद अस्पताल भेजा गया. पार्षद ने कंपनी के नियम अनुसार मृतक के परिजन को मुआवजा देने की मांग की. कुंभनाथ सिंह ने सहमति जताते हुए 15 लाख रुपया नगद, संस्कार के लिए 20 हजार रुपया देने का आदेश कर्मचारियों को दिया. पार्षद ने कहा कि हर तरह की सुविधा उनके परिजनों को दी जाए, खबर पाकर बीसीसीएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. जांच करने आई टीम में आई. एस सोमेन राय,और टीके दास और डीजीएमएस के सेन गुप्ता और ए कुमार शामिल थे. इधर, सुहैल पांडरपाला का रहने वाला था, लगभग एक साल से वहां काम कर रहा था. घर में वह सबसे छोटा था.

### तीन लाख के आभूषण की चोरी, नगदी भी उड़ाया, थाने में शिकायत

**संवाददाता । धनबाद**

धनसार थाना क्षेत्र बेरा कालोनी में रविवार की रात सोनू कुमार मिश्रा के घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब चालीस हजार नगद और तीन लाख के आभूषण चोरी कर ली. सोनू ने धनसार थाना में शिकायत की है. सोनू ने बताया कि वह जैना फाइनेंस जमशेदपुर में काम करता है. बेरा में उसकी मां व छोटा भाई रहते हैं. मां कुछ दिन पूर्व बड़े बेटे सोनू के पास जमशेदपुर रह रही थी.

सोनू के छोटे भाई 23 दिसंबर को बेरा स्थित अपने घर में ताला बंद कर मां को लाने जमशेदपुर चला गया. चोरों ने मौका पाकर उसके घर का ताला तोड़कर दिया और घर के अंदर रखे आलमारी को कटर से काट कर उसमें रखे चालीस हजार नगद व तीन लाख के आभूषण चोरी कर ली. सोमवार को मोहल्ले के लोगों ने फोन पर इस घटना की सूचना सोनू को दी.

# गढ़वा में करंट लगने से सहायक अध्यापक की मौत



**संवाददाता । केतार (गढ़वा)**

प्रखंड के सोनबरसा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक उदय पाल की मौत करंट लगने से हो गयी. मृतक के परिजनों ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर मोटर से गेहूं पटवन के लिए खेत में गए थे. मोटर स्टार्ट करने के दौरान कटी बिजली तार की चपेट में आ गए. सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे. केतार पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया. मौके पर सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष दीनानाथ मेहता, सहायक अध्यापक धनंजय पटेल, दीपक पाल, गौरी शंकर सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सुशील पाठक, आशीष पाठक, उदय प्रसाद, विजय पाल आदि लोग उपस्थित थे.

# गिरिडीह में बाइक और हाइवा के बीच टक्कर, बाइक सवार 2 युवकों की मौत

**संवाददाता । गिरिडीह**

गिरिडीह-डुमरी पथ पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चमरखो मोड़ में सोमवार की दोपहर हाइवा और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों में एक का नाम उमेश भुइयां है, जबकि दूसरे का नाम प्रवीण है. दोनो दोस्त थे. दोनों बोकारो जिले के गोमिया के रहने वाले थे. हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. लोगों ने दोनों शवों को सदर अस्पताल गिरिडीह भेजवाया. जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली.

जानकारी के अनुसार, उमेश भुइयां अपने साथी प्रवीण के साथ मजदूरों को लेने के लिए बाइक से गिरिडीह के अकदोनी गांव में अपनी बहन के घर जा रहा था. तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गया. सूचना मिलते ही बहन और उसके परिजन सदर अस्पताल पहुंचे. भाई का शव देख बहन कर रो-रोकर बुरा हाल था.

### ऑटो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल

**गुमला ।** गुमला रायडीह रोड में करौंदी के समीप सोमवार की सुबह एक ऑटो के पलट जाने से उस पर सवार लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए . स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा . घायलों में कमला देवी, उर्सिला मिंज, अनीशा खेस, सुगंती खेस सहित अन्य लोग शामिल हैं . सभी का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है . जानकारी के अनुसार सभी सवारी ऑटो में सवार होकर गुमला से रायडीह जा रहे थे . करौंदी के समीप ऑटो अनियंत्रित हो गया और पलट गया . ग्रामीणों के अनुसार जब तक घायलों को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा था तब तक ऑटो को सीधा करने के बाद चालक ऑटो लेकर भाग गया .

# नशाखुरानी गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

## गिरफ्तार सदस्यों के साथ टैबलेट, क्रीम बिस्किट, कपड़े-पैसे बरामद

**संवाददाता । रांची**



रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से तीन नशा खुरानी के सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सदस्यों में कलीमुद्दीन, बहारुल और शमीम अख्तर शामिल है. इनके पास तीन पुड़िया में हल्का गुलाबी रंग का टैबलेट और चार पैकेट क्रीम बिस्कुट, कुछ पुराने कपड़े और पैसे बरामद हुई.

रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर सोमवार को बताया कि नशाखुरानी गिरोह को पकड़ने के लिए बनाए गए टीम फ्लाइंग टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत आरपीएफ रांची पोस्ट के अधिकारी और कर्मचारियों को साथ रांची रेलवे स्टेशन स्थित प्लेटफार्म संख्या दो तीन पर गश्त और चेकिंग कर रहे थे. इसी क्रम में तीन लोगों को पकड़ा गया. इसके बाद जांच करने पर 11 नवंबर, 16 और 17 दिसंबर का सीसीटीवी फुटेज का पुनरावलोकन करने के बाद पाया गया कि नशाखुरानी की घटना घटित हुई है. उस घटना को इन तीन लोगों ने अंजाम दिया गया है.

### मनोहरपुर में सड़क हादसे में युवक गंभीर राउरकेला रेफर

**संवाददाता । मनोहरपुर**

रविवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल व्यक्ति 50 वर्षीय नकुल महतो मनोहरपुर थाना अंतर्गत् कोलपोटका पंचायत के ग्राम जराटोली का रहने वाला है. उसे उपचार के लिए मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया. वहां स्थानीय चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर कर दिया है. घटना के बावत मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित व्यक्ति बाइक से मनोहरपुर बाजार की ओर जा रहा था. तभी संतअगस्तीन कॉलेज मोड़ के समीप पीछे से उसके बाइक को तिरला निवासी युवक ने टक्कर मार दिया जिससे वह दुर्घटना में घायल हो गया. जिससे उसका बांया हाथ फ्रेक्चर हो गया है. वहीं, मनोहरपुर पुलिस घटना को लेकर कार्रवाई कर रही है.

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**संवाददाता । चांडिल**

सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत पुराना टीओपी चौक से कपाली पुलिस ने चोरी के समान के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार व्यक्तियों को पुलिस ने सोमवार को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार एक पल्सर बाइक पर दो युवक तेज रफ्तार से जा रहे थे. पुलिस द्वारा जब बाइक रोकने की कोशिश की, तो युवक और तेजी से भागने लगे. पुलिस ने पीछा कर बहुत मशक्कत के बाद आखिरकार बाइक सवार को पकड़ लिया. पुलिस की पूछताछ में एक ने अपना नाम बाबू कच्छप कपाली टीओपी निवासी बताया जबकि दूसरा ने अपना नाम सद्दाम अंसारी, जमशेदपुर के चेपापुल निवासी बताया. तलाशी लेने पर दोनों के पास चांदी के जेवरात, तीन मोबाइल फोन समेत एक चाकू पुलिस ने बरामद किया. पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया. वहीं, दूसरी ओर पुलिस बरामद सामान का पता लगाने में जुटी है.

### चाकुलिया स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**संवाददाता । जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर ढेंगाम निवासी 27 वर्षीय हरीश नायक गंभीर रुप से घायल हो गया. घटना की सूचना पाकर रेल पुलिस ने उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम ले जाया गया.

एमजीएम में हरीश की इलाज के दौरान मौत हो गई. हरीश के परिजनों ने बताया कि हरीश चेन्नई में काम करता था. वह रविवार रात ट्रेन से खड़गपुर स्टेशन पहुंचा और फिर रात को ही लोकल ट्रेन से चाकुलिया आ रहा था. इसी बीच वह ट्रेन से गिरकर घायल हो गया. सुबह घटना की सूचना रेल पुलिस ने फोन पर दी. वे लोग सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे तब तक हरीश की मौत हो गई.

# हनुमान मंदिर में हुई हजारों की चोरी, लोगों में आक्रोश

**संवाददाता । बरोरा (धनबाद)**



बरोरा थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी लगातार हो रहे चोरी की घटना से इलाके के लोग परेशान. मकान दुकान में चोरी की घटना बाद अब चोर भगवान को भी निशाना बनाने से परहेज नहीं कर रहे है. रविवार की देर रात बरोरा थाना से महज 100 गज की दूरी पर स्थित श्री श्री 1008 संकट मोचन हनुमान मंदिर में चोरी ने धावा बोलकर पूजा सामग्री सहित पूजा की बर्तन ले भागे. मंदिर की देखरेख करने वाले रणधीर झा ने बताया कि सोमवार सुबह जब मंदिर पूजा करने पहुंचे तो देखे की मंदिर के अंदर कुछ सामान बिखड़ा हुआ था. पूजा की पीतल की बड़ी थाली एवं छोटो थाली दो घण्टी, डलिया,आरती जोत पूजन सामग्री सहित अन्य कीमत सामान गायब है. उन्होंने बताया कि पिता स्व चंद्रकांत झा व मां प्रभा झा द्वारा उक्त मंदिर की स्थापना किया गया था. मंदिर में चोरी की घटना पहली बार होने से आश्चर्य लग रहा है. आशंका व्यक्त किया कि रात को बदमाशों द्वारा मंदिर में रखे सभी पूजा के सामग्रियों पर हाथ साफ कर दिया. चोरी हुए सामानों की कीमत हजारों रुपए बताया जा रहा है. इस चोरी की घटना से लोगों में काफी रोष है एवं सभी ने चोरी की घटना की निंदा की है और पुलिस प्रशासन की सक्रियता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं.

### सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत पिंकी होटल के पास सड़क दुर्घटना में घायल 43 वर्षीय मिथलेश कुमार ठाकुर की सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई. मिथलेश ओल्ड पुरुलिया रोड के रहने वाले थे और आर्मी से सेवानिवृत थे. वे 18 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे. घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया था. जहां सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया.

**युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या :** इधर, सोमवार सुबह उलीडीह न्यू सुभाष कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय बॉबी कुमार ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना सोमवार सुबह की है. जानकारी मिलने पर परिजन उसे फंदे से उतारकर एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

## दुखद | एमजीएम थाना क्षेत्र में एनएच 33 पर हुआ हादसा, जमशेदपुर घूमने आ रहे थे दोनों

# सड़क दुर्घटना में कोलकाता के दो लोगों की मौत



- कार अनियंत्रित होकर तीन बार पलटी मारी, बाद में सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता से जमशेदपुर घूमने आ रहे दो लोगों की एनएच 33 पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. मृतकों में कोलकाता के दमदम निवासी 40 वर्षीय वजीर और 65 वर्षीय दिलीप रॉय शामिल हैं, जबकि घायलों में जहेरुल हक (43), शफीक मल्ला (35) और मुजीबुर रहमान शामिल हैं. घायलों को इलाज के लिए एमजीएम लाया गया था, जहां से शफीक और मुजीबुर को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया. घटना के प्रत्यक्षदर्शी मो नाजिर ने बताया कि वे गालूडीह से चांडिल की ओर जा रहे थे. इसी बीच एमजीएम थाना क्षेत्र में एनएच 33 पर अचानक एक कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर तीन चार बार पलटने के बाद सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरी. उन्होंने पुलिस और एंबुलेंस की मदद से सभी को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है.

**खास बातें**

- घायलों को इलाज के लिए एमजीएम लाया गया है
- घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है

**रात 11 बजे घर से निकले थे सभी :** घायल जहेरुल ने बताया कि वे लोग कोलकाता से रात 11 बजे निकले थे. प्लान था कि सोमवार को जमशेदपुर घुमने के बाद देर रात वापस कोलकाता के लिए रवाना हो जाएंगे. कार वजीर चला रहा था जबकि दिलिप रॉय आगे की सीट पर बैठे थे. अचानक कार का एक चक्का तेज आवाज के साथ फट गया जिससे कार अनियंत्रित हो गई. उन्हें होश आया तो वे अस्पताल में थे. फिलहाल पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है.

## रांची में 132 अभियुक्तों के घरों की कुर्की

# 30 दिनों में 1881 अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के अलग-अलग जिलों में पिछले 30 दिनों में 1881अभियुक्त गिरफ्तार हुए हैं. इनमें से रांची में सर्वाधिक 188 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है. वहीं सभी जिलों की पुलिस ने फरार चल रहे 132 अभियुक्तों के घरों पर कुर्की जब्ती की है. इस दौरान पुलिस ने 59 हथियार, 207 कारतूस और दो बम भी बरामद किये हैं.

**किस जिले में कितने अभियुक्त हुए गिरफ्तार**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | : 188 | लातेहार | : 46 | दुमका | : 34 |
| खूंटी | : 26 | गढ़वा | : 150 | गोड्डा | : 40 |
| गुमला | : 37 | हजारीबाग | : 104 | जामताड़ा | : 42 |
| सिमडेगा | : 30 | रामगढ़ | : 24 | देवघर | : 131 |
| लोहरदगा | : 45 | कोडरमा | : 72 | साहिबगंज | : 70 |
| चाईबासा | : 61 | चतरा | : 61 | पाकुड | : 24 |
| सरायकेला | : 62 | गिरिडीह | : 177 | रेल धनबाद | : 13 |
| जमशेदपुर | : 142 | धनबाद | : 156 | रेल जमशेदपुर | : 08 |
| पलामू | : 75 | बोकारो | : 63 | कुल | : 1881 |



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आत्मबल में वृद्धि होगी. भाई-बहन के सहयोग का समय है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**वृषभ** कोई नया कार्य करने का योग है. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी.

**मिथुन** प्रसन्नता रहेगी. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा. विवाद को बढ़ावा न दें. पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. अन्न-जल का दान करें.

**सिंह** यात्रा से लाभ होगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. भाग्य का साथ मिलेगा. किसी से कोई बहस से बचें साथ ही प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी.

**कन्या** कार्य सफल रहेगा, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. आय में वृद्धि होगी. गणेश जी का पूजन करें.

**तुला** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आपके कार्य के प्रभाव से आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं. जल दान करें.

**वृश्चिक** व्यापार से अच्छे लाभ का योग है. कुसंगति से हानि होगी. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा. हनुमानजी का पूजन-ध्यान करें.

**धनु** अपनों के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे, प्रसन्नता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. कार्य होगा और प्रसन्नता रहेगी.

**मकर** ऋण लेने से बचें. रोग से कुछ परेशानी संभव है. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. अपनों से बिगाड़ न करें.

**कुंभ** परीक्षा का सुंदर परिणाम होगा. पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. मंदिर में दर्शन पूजन करें.

**मीन** किसी से बेकार का बहस हो सकता है. माता को कष्ट होगा. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी.

### गुरुजी के आशीर्वाद से आनेवाले 10 वर्षों में हर झारखंडी की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति होगी

# निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बनाने में मेरी सरकार सफल : हेमंत



विशेष संवाददाता । रांची

**खास बातें**
- सरकार ने निर्मल दा के सपनों के अनुरूप किया काम
- शिबू सोरेन के निरंतर आशीर्वाद से हो रहे काम

वीर शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शहीद निर्मल महतो चौक पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया. रांची जिला झामुमो द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पहली बार इंडिया गठबंधन की सरकार ने शहीद निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप काम किया है. झारखंड के निर्माता गुरु शिबू सोरेन के निरंतर आशीर्वाद से मैं निर्मल दा के सपनों को साकार कर पा रहा हूं. आनेवाले 10 वर्षों में हर झारखंडियों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति हो चुकी होगी. निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाने में सफल हो चुके होंगे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने की. इस मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता सह मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, सीएम आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, समनूर मंसूरी, अंतु तिर्की,अफरोज अंसारी, डॉ हेमलाल मेहता, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, बीरु साहू, लालजय कुमार नाथ शाहदेव, आदिल इमाम, मृत्युंजय सिंह, संजय राय, रमेश साहू, मंटू लाला, आफताब आलम, डॉ तालकेश्वर महतो, कुदूस अंसारी, जीत गुप्ता, अजीत नायक, फरीद खान, कयूम अन्सारी, मो असलम, शेख सहाबुद्दीन, पुष्पा बरदेवा, राधा हेमरोम, सुषमा बरदेवा सहित कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### भाजपा ने वाजपेयी की जयंती पर 513 मंडलों में आयोजित की संगोष्ठी

# अटल ने बनाया झारखंड, संथाली को 8वीं अनुसूची में किया शामिल

विशेष संवाददाता । रांची

प्रदेश भाजपा के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को ''सुशासन दिवस'' के रूप में बूथ स्तर पर मनाया गया. बूथ स्तर पर हजारों नेता और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. राज्य के सभी 27 सांगठनिक जिलों और 513 मंडलों में अटल के व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी और काव्यांजलि का आयोजन हुआ. पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कई स्थानों पर सेवा कार्य के साथ फल और कंबल का वितरण भी किया गया.

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद में आयोजित संगोष्ठी में कहा कि अटल जी अपने ध्येय और विचारों के प्रति सदैव अटल रहें. उन्होंने कहा कि अटल जी ने विकसित और स्वाभिमानी भारत का सपना देखा. इसके लिए उन्होंने सुशासन पर बल दिया. जिसका सीधा संबंध अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच है। उन्होंने सुशासन से अंत्योदय का मार्ग प्रशस्त किया. मरांडी ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से शहर और गांव की दूरियां घटाई. स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने जीटी रोड सहित देश के प्रमुख राजमार्गों का पुनरुद्धार किया. सर्व शिक्षा अभियान ने बुनियादी शिक्षा में संसाधनों की कमी दूर की. उन्होंने कहा कि अटल ने केवल अलग राज्य ही नही बनाया बल्कि जनजाति समाज के तीव्र विकास के लिए अलग मंत्रालय बनाया, संथाली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया. उन्होंने कहा कि अटल ने विकास कार्यक्रमों के साथ देश के स्वाभिमान और गौरव को बढ़ाया. विकसित देशों के दबाव में वर्षों से लंबित परमाणु परीक्षण को पोखरण में साकार किया. साथ ही दुनिया को आश्वस्त किया कि भारत का परमाणु परीक्षण आत्म रक्षार्थ है, भारत इसका पहला उपयोग नहीं करेगा. कारगिल युद्ध में दुश्मन देश को नाकों चने चबवाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रीय सुरक्षा से कभी समझौता नहीं किया. आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार अटल जी के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है. उन्होंने कहा कि अटल अजातशत्रु रहे. विरोधी भी उनका सम्मान करते थे.



### झारखंड की जनता अटल को कभी भुला नहीं सकती : कर्मवीर

प्रदेश भाजपा कार्यालय में श्रद्धेय अटल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक राष्ट्रभक्त विराट व्यक्तित्व का नाम है अटल बिहारी वाजपेयी. ऐसा व्यक्तित्व जो कुशल संगठक हो, दूरद्रष्टा राजनेता हो, अजात शत्रु हो, कवि, लेखक हो, ओजस्वी वक्ता हो विरले ही जन्म लेते हैं. कहा कि अटल जी ने जो कहा, वह किया. झारखंड की जनता उन्हें कभी नहीं भूल सकती. उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही वर्षों पुरानी अलग राज्य के सपनों को साकार किया. विधानसभा परिसर स्थित अटल की प्रतिमा पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित महानगर जिला अध्यक्ष केके गुप्ता एवम अन्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया. प्रदेश भाजपा कार्यालय में सूर्यमणि सिंह, नवीन जायसवाल, काजल प्रधान, दीपक बंका, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, मनोज सिंह, शिवपूजन पाठक, परमा सिंह, प्रेम मित्तल, रमेश पुष्कर, अशोक बड़ाईक, तारिक इमरान, प्रतुल शाहदेव, राजश्री जयंती, गुरविंदर सिंह सेठी, संदीप वर्मा, राहुल अवस्थी, उषा पांडेय, अरुण झा, अजय राय, बबन गुप्ता, सीताराम रवि, निशि जायसवाल, आरती कुजूर, सीमा सिंह, जयश्री इंदवार, कमाल खान, काजिम कुरैशी आदि शामिल थे.



# निर्मल दा के सपनों का राज्य बनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : सुदेश

विशेष संवाददाता। रांची

**खास बातें**
- निर्मल महतो, वाजपेयी व मालवीय को किया याद
- निर्मल महतो की प्रतिमा का हुआ अनावरण

आजसू पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, मदन मोहन मालवीय को उनके जयंती पर याद किया और श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस मौके पर पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आजसू पार्टी निर्मल महतो के विचारों और सपनों का संगठन है. आंदोलन में दिए गए उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है. राज्य के प्रति उनकी परिकल्पना को यथार्थ में बदलने तक हम संघर्ष करते रहेंगे.

झारखंड अलग राज्य के निर्माण के लिए अपने बहुमूल्य जीवन का बलिदान देने वाले शहीद निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है. उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाई और एक नया मुकाम दिया. झारखंड उदय में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा. उन्होंने देश में एक श्रेष्ठ राजनेता के तौर पर खुद को स्थापित किया था. इस दौरान सुदेश महतो ने महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि मदन मोहन मालवीय जी के शिक्षा एवं समाज के हित में किए गए कार्यों को हमेशा स्मरण में रखा जाएगा. पार्टी द्वारा संस्थापक सह झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जयंती राज्य के सभी गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विधानसभा क्षेत्रों और जिलों में सभाओं का आयोजन किया गया.

निर्मल महतो की 73वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड में मुकरुडीह-हलुदबनी मोड़ पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया. प्रतिमा का अनावरण आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने किया.

## जदयू के नेताओं ने आर्च बिशप को क्रिसमस की बधाई दी



रांची। क्रिसमस के अवसर पर जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, प्रदेश महासचिव उपेंद्र नारायण सिंह, जदयू नेता महेश्वर प्रसाद चौधरी एवं मो. सरफ़राज़ ने सोमवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फादर फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की बधाई दी. इस अवसर पर फादर फेलिक्स टोप्पो ने जदयू नेताओं से कहा की राज्य में सभी समुदायों के बीच सद्भावना और भाईचारा स्थापित करने का संदेश दिया. प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा की त्याग, शांति, प्रेम एवं करुणा का प्रभु यीशु मसीह का संदेश समाज के लिए कल्याणकारी है.

## नवनियुक्त प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी का मॉर्निंग ग्रुप ने किया स्वागत



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा नियुक्त प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी का चर्च कॉम्पलेक्स स्थित मॉर्निंग ग्रुप द्वारा स्वागत किया गया. मॉर्निंग ग्रुप के अध्यक्ष अकीलुर्रहमान ने कहा कि खुर्शीद हसन हमारे बीच के कांग्रेस कार्यकर्ता हैं. रूमी ने मॉर्निंग ग्रुप के सभी पदधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया. मौके पर हाजी हलीम, नेहाल अहमद, अब्दुल मन्नान, मुस्तकीम आलम, नफीस अख्तर, मो. मीर, विजय साहू, आदिल रशीद, समर इमाम, मो नसीम, मो नईम, मो यूनुस,हाजी सरफुल आदि शामिल थे.

## सीएमपीडीआई में मनायी गयी पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जयंती



संवाददाता । रांची

बीएचयू पूर्व छात्र समागम रांची चेप्टर के तत्वावधान में सीएमपीडीआई के स्वर्णरेखा हॉल में समाज सुधारक और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जन्म जयंती मनायी गयी. मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार (पूर्व छात्र 1986 बैच, माइनिंग) ने पंडित मदन मोहन मालवीय की तस्वीर पर माल्यार्पण किया.

फिर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की विधिवत् शुरूआत की. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सीएमपीडीआई के पूर्व निदेशक (तकनीकी) और वरीय सलाहकार (पूर्व छात्र 1985 बैच, माइनिंग) एके राणा उपस्थित थे. मौके पर पूर्व छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित की. साथ ही उनके द्वारा कुलगीत का गायन भी किया गया. मुख्य अतिथि ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय जी महान शिक्षाविद्, बेहतरीन वक्ता, कर्मयोगी व कानूनविद् थे. उन्होंने समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के उन्मूलन और जाति भेदभाव को समाप्त करने में बड़ी भूमिका निभायी. वे सामाजिक समरसता के पैरोकार थे. विशिष्ट अतिथि ने कार्यक्रम की निरंतरता बनाये रखने की अपील की. इसके अलावा उपस्थित जनों से मालवीय जी के बीएचयू के स्थापना के दौरान किए गए संघर्ष को साझा किया. इस अवसर पर ऋषभ प्रभात, अनुभव सिन्हा, प्रियांकर उपाध्याय, हरीश बाबू, राकेश मोहन रॉय, आफताब आलम के अलावा पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित थे.

## एसटी में शामिल करें केंद्र सरकार नहीं तो होगा हुंकार महारैली

रांची । झारखंड कुरमी विकास परिषद का 49वां वार्षिक मिलन समारोह आर टी सी बी एड कॉलेज , बूटी, रांची में विकास परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि परिषद के मुख्य संरक्षक सह रांची लोकसभा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, समाज सेविका पद्मश्री से सम्मानित छुटनी देवी उपस्थित हुए एवं कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, कुरमी महासभा के ब्रजकिशोर गांधी आदि उपस्थित हुए. कुरमी विकास मोर्चा के अध्यक्ष सीतल ओहदार ने ऐलान किया है कि कुड़मी को एसटी में शामिल होने को लेकर 18 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में हुंकार महारैली का कार्यक्रम है. जिसमें 5 लाख कुर्मी समाज के लोगों की आने की संभावना है. हमारा संवैधानिक अधिकार है किसी के विरोध करने पर भी हम नहीं मानने वाले हैं. हम इंतजार कर रहे हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जवाब का अगर जवाब नहीं आता है तो फिर हुंकार महारैली होगी.

### रांची के उपायुक्त ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का किया निरीक्षण

# होटवार जेल का औचक निरीक्षण 200 कैदियों के बयान हुए दर्ज

**खास बातें**
- जेल में कैदियों की चिकित्सा व्यवस्था का भी लिया जायजा
- कच्चे खाद्य सामग्री का किया सैंपल कलेक्ट



संवाददाता । रांची

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सोमवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार का औचक निरीक्षण किया गया. जिसमें जेल के अंदर प्रत्येक वार्ड और सेल की जांच की गई.

जेल में कैदियों की चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया. डीसी ने अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कैदियों को उपलब्ध कराए जा रहे चिकित्सा-व्यवस्था की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान करीब 200 कैदियों का बयान दर्ज किया गया. इस संबंध में जिला स्तर से विस्तृत जांच प्रतिवेदन जेल आईजी को उपलब्ध कराया जाएगा. जांच दल में शामिल पदाधिकारियों ने जेल में कैदियों के लिए खाने की व्यवस्था की भी जानकारी ली. कैदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए बने खाद्य सामग्री और कच्चे खाद्य सामग्री का सैंपल कलेक्ट किया गया, खाद्य सामग्री का स्टॉक पंजी का भी मिलान किया गया.

**जांच टीम में ये रहे मौजूद :** टीम में अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची राजेश्वरनाथ आलोक, कार्यपालक दण्डाधिकारी संजय प्रसाद, आवासीय दण्डाधिकारी हटिया स्मृति कुमारी, डॉ अनिल कुमार खेतान, चिकित्सक सदर अस्पताल रांची, अरुण कुमार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रांची, संतोष कुमार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनगड़ा और सजल श्रीवास्तव फूड सेफ्टी कार्यालय शामिल थे. जांच में सहयोग के लिए दल में 20 सब इंस्पेक्टर और 50 पुलिसकर्मी भी शामिल थे.

**कार्यक्रम**

### 23 करोड़ की लागतवाले आधुनिक अस्पताल का शिलान्यास

# जहां वोट नहीं मिलता वहां भी विकास की गारंटी मोदी: दुबे

संवाददाता। गोड्डा



- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास
- बसंतराय तालाब बनेगा पर्यटन स्थल
- महागामा में मेडिकल कॉलेज भी होगा शुरू

ये मोदी जी का विकसित भारत है जो नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है. आप भारत के किसी भी कोने में हो किसी भी पार्टी को वोट देते हो लेकिन विकास होगा यह मोदी जी की गारंटी है. गोड्डा लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे सोमवार को विकास मामले में पिछड़े प्रखंड बसंतराय में तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे.

सांसद ने कहा कि अल्पसंख्यक बहुल इस क्षेत्र में भाजपा को हमेशा से कम वोट मिलते रहे हैं. बावजूद इसके इसे प्रखंड का दर्जा दिलाने का कार्य मेरे कार्यकाल में भाजपा के प्रयास से ही हुआ है. विकास के जितने भी महत्वपूर्ण कार्य इस इलाके में हुए हैं वह भाजपा के कार्यकाल में ही हुआ है. उन्होंने आगे विश्वास दिलाते हुए कहा कि आने वाले समय में भाजपा के सत्ता में आने पर इस क्षेत्र के ऐतिहासिक बसंतराय तालाब को देखने लायक खूबसूरत पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा. इससे पूर्व सांसद निशिकांत दुबे ने गोड्डा समाहरणालय के पुराने भवन स्थित खाली पड़े परिसर में 23 करोड़ की लागत से बननेवाले पचास बेड के क्रिटिकल स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया. मौके पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में गंभीर स्थिति में रेफर होकर आने वाले क्रिटिकल मरीज का इलाज किया जाएगा. यह अस्पताल सारे सुविधाओं एवं आधुनिक उपकरणों से लैस होगा. उन्होंने कहा कि महागामा में कोल मंत्रालय के सीएसआर मद से निर्मित होने वाले 300 बेड वाले अस्पताल के साथ-साथ और मेडिकल कॉलेज को भी शुरू कराया जाएगा. इसके लिए प्रदेश में अपनी सरकार आने का इंतजार करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि हंसडीहा में एम्स का अतिरिक्त काउंटर खोलने की बात चल रही है, जो जल्द ही चालू हो जायेगा.

झारखंड उच्च न्यायालय का अतिरिक्त बेंच संताल परगना में खुले इस मुद्दे पर सांसद दुबे ने कहा कि बेंच दुमका में बने या अंयत्र यह राज्य सरकार को तय करना है. मौके पर विधायक अमित मंडल जिलाध्यक्ष राजीव मेहता सहित अन्य कई थे.

## भाजपा-झामुमो को छोड़ सैकड़ों लोगों ने मासस का दामन थामा

निरसा। निरसा प्रखंड के गुरदास भवन स्थित मासस पार्टी कार्यालय में सोमवार को मासस एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के दौरान भाजपा व झामुमो को छोड़कर सैकड़ों लोगों ने मासस का दामन थामा. कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने भाजपा-झामुमो को छोड़ मासस शामिल होने वाले साथियों का फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. चटर्जी ने कहा कि मासस के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है, इससे यह साबित होता है कि अन्य पार्टियों से यहां के लोगों का मोह भंग हो चुका है. कमल मरांडी, रवींद्र मरांडी, सुखलाल मुर्मू, सुखदेव हेम्ब्रम, सुनील हेम्ब्रम, फूलचंद टुडू, विजय टुडू, मनोज किस्कू, अजय मुर्मू, हेमलाल टुडू, संजय टुडू सहित अन्य ने मासस का दामन थामा.

## ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना में एलुमनी मीट का आयोजन



संवाददाता । रांची

ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया. सभी पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने शिक्षकों से मुलाकात कर पुराने दिनों को याद किया. एलुमनी मीट में वर्त्तमान में पढ़ रहे छात्रों ने पुराने छात्रों का जोरदार स्वागत किया. सभी ने स्वागत गान-नृत्य सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये. इसके बाद पुराने छात्रों ने अपना-अपना परिचय दिया और अपने अनुभव साझा किये. उन्होंने बताया कि अभी की गयी मेहनत कैसे उनके सुनहरे भविष्य के लिए मददगार साबित होती है. कार्यक्रम में राज अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर शुभम शेखर के अलावा, अंकित, आशीष, विक्रांत पांडेय, सास्वत, अनंत सहित कई पूर्ववर्ती छात्रों ने हिस्सा लिया.

## झारखंड लेखक संघ ने वाजपेयी की जयंती मनाई

रांची । झारखंड लेखक संघ की ओर से सोमवार को ऑड्रे हाऊस में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर अटल महोत्सव सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने अटल बिहारी वाजपेयी की पेंटिंग और रंगोली बनायी. कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ शामिल हुए. उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल को याद कराया. वहीं, मौके पर कार्यक्रम संयोजक शशांक राज ने वाजपेयी को ओजस्वी और सदैव अटल बताया. कार्यक्रम में झारखंड लेखक संघ के अध्यक्ष चंदन प्रजापति, भाजयुमो नेता संजय महतो, संजय जायसवाल, बबन बैठा, अमन प्रियदर्शी, ऋषभ सिंह, समर राज, हर्षित राज, नैतिक गुप्ता समेत अन्य की भूमिका सराहनीय रही.

# रांची के मोरहाबादी मैदान में उलगुलान डीलिस्टिंग माहरैली में जुटे आदिवासी, कहा

## सरकार धर्म परिवर्तन करने वाले आदिवासियों को चिह्नित कर उनका आरक्षण बंद करे

**बीते रविवार को मोरहाबादी मैदान में आदिवासियों का महाजुटान हुआ. आरएसएस और वनवासी कल्याण केन्द्र की शाखा जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले आदिवासियों का यह हुजुम उलगुलान डीलिस्टिंग माहरैली में भाग लेने पहुंचा था. ये लोग सिर्फ झारखंड के ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश,गुजरात, ओडिशा और बंगाल से यहां पहुंचे थे.रैली के बाद सभा में वक्ताओं ने आदिवासी और उनके हक अधिकार से जुड़ी बातें की और ईसाई आदिवासियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ईसाई कभी आदिवासी नहीं हो सकते हैं. जिसने धर्म परिवर्तन कर लिया. वे अब आदिवासी नहीं रहे. इसलिए जनजाति आरक्षण का लाभ उन्हें नहीं मिलना चाहिए. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है. सरकार इस मामले में कानून बनाए और ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनका आरक्षण समाप्त करे. उनकी यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी.कहा गया कि आदिवासी यहां अपनी एकता और अपनी पहचान को लेकर जुटे हैं. सभा में सरकार से सरना धर्म कोड की मांग भी की गई.कुछ लोगों ने इस रैली का विरोध भी किया. इसी महारैली में विभिन्न स्थानों से आए लोगों से शुभम संदेश की टीम ने उलगुलान डीलिस्टिंग माहरैली से जुड़ी बातें की. पेश है रिपोर्ट...**

- ✓ बहुत से लोग सिर्फ आरक्षण का लाभ लेने के लिए आदिवासी बनकर बैठे हैं
- ✓ सरना कोड हमारी पहचान, सरकार शीघ्र इसे जारी करे
- ✓ रैली के माध्यम से हम अपनी बात सरकार तक पहुंचा रहे हैं
- ✓ सरकार इस दिशा में शीघ्र पहल कर कार्रवाई करे
- ✓ हम रुकने वाले नहीं हैं, दिल्ली तक जाएंगे, कुछ ने रैली का विरोध भी किया



# धर्म छोड़ा तो आदिवासी नहीं रहे फिर आरक्षण क्यों?

### अधिकार और हितों की रक्षा : लक्ष्मण

रांची जिला के लक्ष्मण पाहन ने कहा कि यह रैली हम आदिवासियों के अधिकार और हितों की रक्षा के लिए बुलाई गई है. जो लोग दूसरे धर्म को मान चुके हैं. उन्हें हम आदिवासी नहीं मान सकते. इसलिए उनको आदिवासी जनजाति का आरक्षण नहीं मिलना चाहिए.

### रैली एकता का द्योतक : नील विजय केरकेटा

गुमला के नील विजय केरकेटा ने कहा कि यह डीलिस्टिंग रैली हमारी एकता को दिखाने के लिए बुलाई गई है. जिन लोगों ने सरना धर्म छोड़ दिया है, उन्हें आरक्षण लेने का हक नहीं है. दूसरा धर्मा ग्रहण करते ही उनका आदिवासी का अधिकार खत्म हो जाता है.

### रैली बहुत जरुरी थी: मंगल उरांव

लोहरदगा के मंगल उरांव ने कहा कि यह रैली करना हमारे लिए बहुत आवश्यक था. जो लोग सिर्फ आरक्षण के चक्कर में हमारे नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनका आरक्षण बंद होना चाहिए .जिन लोगों ने धर्म परिवर्तन कर लिया है वे तो आदिवासी ही नहीं रहे फिर उन्हें आरक्षण क्यों मिले.

### हम संदेश पहुंचाना चाहते हैं : सचिन उरांव

लोहरदगा के सचिन उरांव ने कहा कि हम लोग एक नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं और जो लोग धर्म परिवर्तन कर लिया है, वे तो आदिवासी नहीं रहे, फिर उन्हें आरक्षण मिलना बंद होना चाहिए. इस रैली के माध्यम से हम यही संदेश सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं इसलिए यह रैली कर रहे हैं.

### रैली हमारी एकता का प्रतीक : नरेश भगत

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला से आए नरेश भगत ने कहा कि यह रैली हमारी एकता को दिखाता है. जो लोग सिर्फ नाम का आरक्षण ले रहे हैं, उन्हें आरक्षण मिलना बंद होना चाहिए. आज इसी मकसद से हम यहां पर इकट्ठा हुए हैं .जिन लोगों ने धर्म परिवर्तन कर लिया उन्हें आरक्षण नहीं मिलना चाहिए.

### आरक्षण देना बंद करे : राम भगत

छत्तीसगढ़ के जशपुर के रहने वाले राम भगत ने कहा कि हम इस रैली के माध्यम से सरकार को यह बताना चाहते हैं कि जिन लोगों ने सरना धर्म छोड़ है, या दूसरे धर्म को अपना लिया है. उनको आरक्षण देना बंद किया जाए. यह तो हमारे अधिकारों का हनन है. इसे हम हम बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं.

### सिर्फ आरक्षण के लिए जुड़े हैं : रविंद्र

बोकारो जिला के पटवार निवासी रविंद्र मुर्मू ने कहा कि कुछ लोग सिर्फ हमारे आदिवासी जनजातीय से इसलिए जुड़े हैं ताकि वह सरकारी पदों पर आरक्षण का लाभ उठा सके. वैसे लोगों को अब आरक्षण देना बंद करना होगा. यह रैली इसी बात का संदेश सरकार तक पहुंचाने के लिए बुलाई गई है.

### यह एकता की रैली है : नारायण सिंह मुंडा

खूंटी जिला के रहने वाले नारायण सिंह मुंडा ने कहा कि ये रैली हम आदिवासियों की एकता को दर्शाती है. इस रैली के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि जिन आदिवासियों ने धर्म बदल दिया है, उन्हें आरक्षण देना बंद करना चाहिए. रैली के माध्यम से हम सरकार तक यह संदेश पहुंचा रहे हैं.

### आरक्षण का फायदा उठा रहे हैं : सत्री मुंडा

खूंटी जिला के सत्री मुंडा ने कहा कि बहुत से लोग आदिवासी के नाम पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण का फायदा उठा रहे हैं. जबकि हमारे बच्चे घर पर बेरोजगार बैठे हुए हैं. सरकार को अब यह सिस्टम बदलना होगा. जिन लोगों ने धर्म परिवर्तन कर लिया है उन्हें आरक्षण नहीं मिलना चाहिए.

### धर्म छोड़ने वाले को बाहर करें : पगनी

पगनी हेरेन ने कहा कि हम लोग यहां इसलिए आए हैं ताकि सरकार को बता सके कि जिन लोगों ने सरना धर्म छोड़ दिया है , उन्हें आदिवासी जनजातियों से बाहर किया जाए और उनका आरक्षण रोका जाए. यही संदेश देने के लिए हम लोग यहां रैली निकाल कर जमा हुए हैं.

### लालच में धर्म परीवर्तन : कोड़े देवी

रांची की रहने वाली कोड़े देवी ने कहा कि हम लोगों के हिस्से का आरक्षण जो लोग धर्म छोड़ चुके हैं उन्हें मिल रहा है. यह अच्छी बात नहीं है. बहुत सारे लोग अभी भी लालच में आकर धर्म परिवर्तन कर रहे हैं. इसे बंद करना चाहिए ताकि हमारे समाज को बचाया जा सके.

### आहत हो रहा है समाज : डब्लू मुंडा

कांके रोड सरना समिति के संयोजक डब्लू मुण्डा ने कहा कि हमेशा आदिवासी अपना हक अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे है .हिंदू,मुस्लिम, सिख,ईसाई जैसे अलग धर्म कोड की मांग कर रहे हैं .लेकिन केद्र सरकार नहीं दे रही है .डीलिस्टिंग रैली के माध्यम से जनजाति सुरक्षा मंच ने आदिवासी मुद्दों को लेकर कोई पहल नहीं की गई है. न ही अलग धर्म कोड को लेकर बात कही है. आदिवासी समाज को हिंदू कहा जा रहा है .ये कहकर आदिवासी समाज को आहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है.

### डीलिस्टिंग विभेद पैदा करने वाला : लक्ष्मी नारायण

आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि भाजपा,वनवासी कल्याण केन्द्र से संबद्ध जनजाति सुरक्षा मंच का डीलिस्टिंग महारैली असंवैधानिक और आदिवासी समुदाय में विभेद पैदा करने वाला कदम है .जनजाति सुरक्षा मंच के अनुसार आदिवासी ईसाई धर्म मानने वाले को बाहर करना है. यह इनलोगों का दोहरा मापदंड है .साजिश यह है कि आदिवासियों को इस विषय पर आपस में लड़ाकर कर उनके ज्वलंत मुद्दों और आदिवासियों के संवैधानिक हक-अधिकारों को हासिल करने के लिए जो संघर्ष और एकता बनती है, उसको किसी तरह तोड़ना है.




## छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री समेत दो के आज पुतले फूंके जाएंगे

**रांची । कांके रोड सरना समिति के संयोजक अनिल उरांव और डब्लू मुंडा ने कहा कि मंगलवार को शाम चार बजे कांके रोड स्थित सीएमपीडी आई के सामने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत समेत दो के पुतले फूंके जाएंगे. मालूम हो कि राष्ट्रीय संयोजक सह पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, राष्ट्रीय सह-संयोजक सह आरएसएस प्रचारक राजकिशोर हांसदा, भाजपा के पांडुरना, विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रकाश सिंह उइके ने पिछले दिन कहा था कि आदिवासी हिन्दू हैं. आदिवासी को धर्म कोड की कोई जरुरत नहीं है. यह कहकर देश के 12 करोड़ आदिवासियों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया है. इसलिए इसके विरोध में इन तीनों नेताओं के पुतला फूंके जाएंगे. ताकि भविष्य में कोई भी आदिवासी समाज को हिन्दू न कह सके.**

### धर्म परिवर्तन तो आरक्षण कैसा : शिवराम मुंडा

लोहरदगा से आए शिवराम मुंडा ने कहा कि यह रैली हम आदिवासियों की एकता को दिखाता है. बहुत सारे लोग हमारे समाज में धर्म परिवर्तन कर कर दूसरे धर्म में चले जाते हैं, लेकिन आरक्षण आदिवासियों का लेते रहते हैं .सरकार को इसे बंद करना चाहिए. इससे हमारा हक मारा जाता है.

### कानून बनाकर इसे रोके : सोमरा मुंडा

रांची निवासी सोमरा मुंडा ने कहा कि जो लोग धर्म परिवर्तन कर लिए हैं और सरना धर्म को नहीं मानते हैं. वे लोग भी आदिवासी जनजातियों से जुड़े आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं. वैसे लोगों को सरकार के द्वारा आरक्षण बंद करना चाहिए. इसके लिए सरकार को कोई कानून बनना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसा न हो सके.




### सरना धर्म कोड लागू किया जाए : बरसी हेरेन

बरसी हेरेन ने कहा कि सरना धर्मकोट लागू किया जाए. इसके साथ जो लोग अब सरना धर्म को नहीं मान रहे उन्हें आदिवासी जनजातियों से बाहर किया जाए. साथ ही वैसे लोगों को सरकार की ओर से आरक्षण भी बंद कर दिया जाना चाहिए. सरकार इस ओर ध्यान दे.

### दूसरे धर्म वालों को आरक्षण नहीं : भीमा

सिमडेगा के भीमा केरकेटा ने कहा कि बहुत सारे लोगों ने सरना धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अपना लिया है. वैसे लोगों का आरक्षण खत्म किया जाए और सारना धर्मकोट जल्द से जल्द लागू किया जाए. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है ताकि हमें अपना हक मिलना चाहिए.

### शीघ्र सरना धर्म कोड हो: रोडडाउन मुरमुर

कोलहान से आए रोडडाउन मुरमुर ने कहा कि सरना धर्म कोड लागू किया जाए .साथ ही गैर आदिवासियों को आरक्षण देना बंद किया जाए. इसके साथ जो लोग धर्म परिवर्तन कर रहे हैं उन पर रोक लगाई जाए और उन्हें जनजातीय आरक्षण का लाभ भी नहीं दिया जाए.

### दूसरे फायदा उठा रहे हैं : संजो देवी

रांची की रहने वाली संजो देवी ने कहा कि आदिवासियों का आरक्षण दूसरे लोग ले रहे हैं. जबकि हम लोग अपने घरों में बेरोजगार बैठे रहते हैं. इस रैली के माध्यम से हम सरकार को यही बताना चाहते हैं कि वैसे लोगों को चिह्नित कर आरक्षण देना बंद करना चाहिए. उसी उद्देश्य से यह रैली कर रहे हैं.

### आरक्षण देना बंद कर देना चाहिए : बंधना

गुमला जिले निवासी बंधना उरांव ने कहा कि जो लोग सरना धर्म छोड़ दिए हैं. उन्हें आरक्षण देना बंद कर देना चाहिए. इसके साथ सरना धर्मकोट को लागू किया जाए. जिससे कि हमारी पहचान बनी रहे. यह रैली हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए कर रहे हैं.

### रैली हमारी एकता का प्रतीक है : शगुन दास

गुमला के रहने वाले शगुन दास ने कहा कि इस रैली के माध्यम से हम अपनी एकता का प्रदर्शन कर रहे हैं. इसके माध्यम से सरकार को यह संदेश देना चाहते हैं कि धर्म परिवर्तन पर कोई ठोस कानून बनाएं और जो लोग धर्म परिवर्तन कर चुके हैं उनको आरक्षण बंद किया जाए.

### फायदा कोई और उठा रहा है : फगुआ

खूंटी निवासी फगुआ मुंडा ने कहा हम लोग नौकरी के चक्कर में दर-दर भटक रहे हैं. लेकिन हमारे हिस्से का आरक्षण कोई और ले रहा है. यह हमें बर्दाश्त नहीं है .सरकार को इसे तुरंत बंद करना चाहिए. जो लोग धर्म परिवर्तन कर चुके हैं, उन्हें आरक्षण भी नहीं मिलना चाहिए.

### आरक्षण क्यों दिया जा रहा है: मुनी उरांव

रांची की रहने वाली मुनी उरांव ने कहा कि हम लोगों के हिस्से का आरक्षण दूसरे लोग भी ले रहे हैं, जो धर्म परिवर्तन कर चुके हैं . जब वे जनजाति समाज का हिस्सा नहीं रहे तो उन्हें आरक्षण क्यों दिया जाए. सरकार को इस दिशा में कदम उठाना चाहिय, ताकि इस पर रोक लग सके.

### सरकार आरक्षण न दे : विकास मुंडा

गुमला के विकास मुंडा का इस मामले में कहना है कि इस रैली के माध्यम से हम वैसे लोगों को संदेश देना चाहते हैं जो धर्म परिवर्तन करने के बाद भी आरक्षण का फायदा उठा रहे हैं या उठाने का सोच रहे हैं .सरकार को चाहिए कि वैसे लोगों का आरक्षण अब बंद कर दे.



### बरगलाकर धर्म परिवर्तन : भाको

रांची जिले की भाको देवी ने कहा कि हम लोगों को बरगलाकर धर्म परिवर्तन कर दिया जाता है. इसके लिए सरकार कोई सख्त कानून लाएं ताकि हमारे समाज के लोगों को धर्म परिवर्तन करने से बचाया जा सके .इस रैली के माध्यम से हम अपनी एकता का प्रदर्शन कर रहे हैं.

### रैली हमारी एकता की प्रतीक : मांगो

खूंटी के रहने वाले मांगो मुंडा ने कहा कि यह रैली हमारा आदिवासियों की एकता के दर्शाता है. इस रैली के माध्यम से हम सरकार को बताना चाहते हैं कि संविधान में संशोधन कर सिर्फ आदिवासियों को आरक्षण दिया जाए. जिन लोगों ने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है. उनका आरक्षण बंद होना चाहिए.

### हमें सरना धर्म कोड चाहिए : सुनीता उरांव

खूंटी जिला से आए सुनीता उरांव ने कहा कि हम सारना धर्मकोट की मांग करने आए हैं. साथ ही हम सभी अपनी एकता को दिखाने यहां पर जुटे हैं. सरकार को हमारी मांग माननी ही पड़ेगी. जिन लोगों ने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है उन्हें आरक्षण नहीं मिलना चाहिए.

### लाभ दूसरे लोग उठा रहे : बसंती उरांव

सिमडेगा की रहने वाली बसंती उरांव ने कहा कि हम लोगों के हिस्से का आरक्षण दूसरे धर्म के लोग उठा रहे हैं. इसे बंद करना होगा और संविधान में संशोधन करना होगा. हम यहां रैली के माध्यम से अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं. सरकार हमारी मांगों पर ध्यान दे.

### हमें मिलना चाहिए आरक्षण : मंगला

खूंटी जिले के रहने वाले मंगला भगतिन ने कहा कि जो लोग आदिवासी धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अपना रहे हैं , साथ ही वे आरक्षण का लाभ भी लेना चाहते हैं. उन्हें यह लाभ बंद करना चाहिए .हमारे बच्चे घर पर बेरोजगार बैठे हैं, पहले उन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए.

### सरकार इस ओर ध्यान दे : भुकाली

भुकाली उरांव ने कहा कि हमलोगों के लिए सारना धर्मकोट लागू किया जाए और जो लोग आदिवासी धर्म छोड़कर दूसरे धर्म में चले गए हैं. उन्हें आरक्षण देना बंद किया जाए. हम यह रैली सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए कर रहे हैं. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए.

### आरक्षण देना बंद करे: वीरू राम

लोहरदगा से आए वीरू राम ने कहा कि हमारे जनजातीय समाज के लोगों को धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है. इसके साथ जिन लोगों ने धर्म परिवर्तन कर लिया है, वह अभी भी हमारे हिस्से का आरक्षण ले रहे हैं. जिसे बंद करना चाहिए. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है.

### एकता दिखाना चाहते हैं : सुखून

सिमडेगा से आए सुखून उरांव ने कहा कि इस रैली के माध्यम से हम अपनी एकता को दिखाना चाहते हैं. इसके साथ सरकार को यह भी बताना चाहते हैं कि जो हमारे हिस्से का आरक्षण ले रहे हैं, उन्हें आरक्षण देना बंद करें और धर्म परिवर्तन पर राज्य में रोक लगाया जाए.

### उनका आरक्षण बंद करना चाहिए: कैलाश

लोहरदगा से आए कैलाश उरांव ने कहा कि जो लोग हमारी जनजाति के नाम से गलत तरीके से आरक्षण ले रहे हैं उनका आरक्षण तुरंत बंद करना चाहिए . इसके साथ सरना धर्म कोर्ट राज्य में जल्द से जल्द लागू करना चाहिए. इस दिशा में सरकारी स्तर पर शीघ्र पहल करनी चाहिए.

### सरना छोड़ने वाले आदिवासी नहीं: जतरु

लोहरदगा के रहने वाले जतरु मुंडा ने कहा कि जो लोग सरना धर्म छोड़कर दूसरे धर्म को अपना चुके हैं,वे अब आदिवासी नहीं रहे. इसलिए आदिवासी के हिस्से का आरक्षण वे अब तक क्यों ले रहे हैं. ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनका आरक्षण बंद किया जाए. इसी मांग को लेकर हम इस रैली में जुटे हैं.

### एकता का प्रदर्शन कर रहे हैं : अनिल

रांची के अनिल उरांव ने कहा कि हम लोग रैली के माध्यम से अपनी एकता का प्रदर्शन कर रहे हैं. इसके साथ हम मांग करते हैं कि सरकार से जो लोगों ने आदिवासी धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अपना लिया है, उन्हें आरक्षण देना बंद किया जाए . इसके लिए संविधान में तत्काल संशोधन किया जाए.

### दूसरे उठा रहे हैं लाभ : राधेश्याम

गुमला के रहने वाले राधेश्याम लाल ने कहा कि हम लोगों के हिस्से का आरक्षण दूसरे धर्म के लोग उठा रहे हैं. जो लोग दूसरा धर्म अपना चुके हैं और आरक्षण का लाभ ले रहे हैं इसे बंद किया जाए. यही मांग लेकर हम आज इस रैली में आए हैं ताकि सरकार को बता सके कि हम आदिवासी बेवकूफ नहीं है.

### सरकार शीघ्र पहल करे : पप्पू उरांव

खूंटी जिला से आए पप्पू उरांव ने कहा कि हम लोग का आरक्षण दूसरा लोग ले रहा हैं. इसको बंद करना होगा. इसके साथ जो लोग आदिवासी धर्म छोड़कर दूसरे धर्म जा रहे हैं उनका आरक्षण खुद खत्म हो जाए ऐसी कोई व्यवस्था करनी होगी. सरकार इस दिशा में पहल करे.

### धर्म परिवर्तन बंद करना होगा : शंकर

रांची के शंकर टोपो ने कहा कि हम लोग के हिस्से का आरक्षण जो लोग धर्म छोड़ चुके हैं वह भी ले रहे हैं. सरकार को इसे बंद करना चाहिए. इसके लिए संविधान में संशोधन कर इस मामले में शीघ्र कदम उठाना चाहिए. ताकि धर्म परिवर्तन करने वालों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सके.

### इस पर ठोस कानून बने : बाजू भेंगरा

खूंटी के रहने वाले बाजू भेंगरा ने कहा कि इस रैली के माध्यम से हम अपनी एकता का प्रदर्शन कर रहे हैं. इसके साथ सरकार को यह संदेश दे रहे हैं कि जो लोग सरना धर्म छोड़कर दूसरे धर्म अपना रहे हैं उनका आरक्षण बंद करें और धर्म परिवर्तन पर राज्य में कोई ठोस कानून बने.

### आरक्षण का फायदा उठा रहे हैं : झरियो देवी

रांची की झरियो देवी ने कहा कि इस रैली के माध्यम से हम अपनी एकता दिखा रहे हैं. साथ में सरकार को यह संदेश देना चाहते हैं कि जो लोग धर्म परिवर्तन कर सरकारी नौकरियों में आरक्षण का फायदा उठा रहे हैं. उन्हें सरकार आरक्षण देना बंद करे. क्योंकि वह वह धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अपना चुके हैं.

# साक्षी और बजरंग के साथ है देश

यद्यपि खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया है, फिर भी कहा जा सकता है कि जिस दबदबे का डंका एक भाजपा सांसद के पुत्र बजा रहे थे, वह ठीक उसी तरह फट गया, जैसे किसानों के आंदोलन ने तीन कृषि कानूनों का डंका फोड़ दिया था. निलंबन का कारण वही बताया जा रहा है, जिसे लेकर तीन पहलवान आंदोलन कर रहे हैं. लेकिन वे सवाल जिसे साक्षी और बजरंग ने उठाया वे चीख चीख कर इंसाफ की मांग कर रहे हैं. प्रधानमंत्री निवास के ठीक सामने एक ओलंपियन अपना पद्मश्री सड़क पर छोड़ जाता और प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की प्रेस वार्ता में एक अन्य महिला ओलंपियन अपने जूते को 'हैंग' कर कुश्ती को अलविदा कह देती है. इन दो दृश्यों से पूरे देश को कांप जाना चाहिए. ऐसा नहीं होना चाहिए कि जो देश के गौरव हों, वे उपेक्षा और अन्याय का शिकार बना दिए जाएं और बेबसी ऐसी हो जाए कि उनकी आंखों में अश्रुधार के अलावा कुछ शेष न बचे. सपनों का मर जाना किसी इंसान के लिए ही नहीं, एक देश के लिए भी शर्म और चिंता का सबब है. यह पूछा जाना चाहिए कि इंसाफ न मिलने की नाउम्मीदी इतनी गहन अंधकार कैसे बना रही है. भारत एक ऐसे मुकाम पर खड़ा है, जहां हर दिन विकसित भारत की बात की जा रही है और बताया जा रहा है कि जल्द ही देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाली है. सत्ता में बैठे कुछ लोग देश में ओलंपिक के आयोजन कराने का सपना भी बेच रहे हैं. दूसरी ओर नाइंसाफी का आलम इतना गहरा है कि देश का युवा खून अपनी उपलब्धियों पर गर्व करने के बजाय भविष्य की गहरी निराशा का शिकार हो रहा है. साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने वह साहस दिखाया है, जो सर्वसत्तावाद के इस दौर में बड़े से बड़े लोग दिखा नहीं पा रहे हैं. कहावत है कि बिल्ली के गले में घंटी बांधने का जोखिम कोई नहीं उठाना चाहता. क्या देश इन तीनों साहसी नौजवानों की आंखों के आसुंओं की कीमत को समझ सकेगा. क्या इस देश की कोई लड़की पूरे विश्वास के साथ अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए आगे आने में किसी उलझन और बाधा का सामना तो नहीं करेगी. यही वह सवाल है, जिसका जवाब केंद्र में बैठी सरकार और अदालतों को अभी भी देना है. इन खिलाड़ियों की निराशा एक दिन में नहीं पैदा हुई. देश में इस समय जाट पहचान की बात उठा कर पूरे विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया जा रहा है, लेकिन इन जाट पहलवानों की पीड़ा और उससे जाट अपमान के सवाल पर छायी सियासी चुप्पी को क्या नाम दिया जाएगा. साक्षी मलिक और बजरंग जैसे विजेता इस देश के गौरव हैं. हो सकता है कि इस समय आपको निराशा ने जकड़ रखा हो, लेकिन देश के लोग आपके साथ हैं और आपके साथ होने वाले अन्याय के विरोध में हैं.

> भारत एक ऐसे मुकाम पर खड़ा है, जहां हर दिन विकसित भारत की बात की जा रही है. बताया जा रहा है कि जल्द ही देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाली है. सत्ता में बैठे कुछ लोग देश में ओलंपिक के आयोजन कराने का सपना भी बेच रहे हैं.

## सुभाषित

**यथा हि पथिकः कश्चित् छायामाश्रित्य तिष्ठति।**
**विश्रम्य च पुनर्गच्छेत् तद्वद् भूतसमागमः॥**

जिस प्रकार यात्रा करनेवाला पथिक थोड़े समय तक के लिए वृक्ष के नीचे विश्राम करता है और उसके बाद आगे निकल जाता है, उसी प्रकार अपने जीवन में अन्य मनुष्य थोड़े समय के लिए उस वृक्ष की तरह छांव देते हैं और फिर उनका साथ छूट जाता है.

# यह निलंबन जनता के लिए चेतावनी है?

**विधेयकों के क़ानूनी रूप लेते ही हर तरह की असहमति के ख़िलाफ़ क़ानूनों के मारक प्रभाव की असलियत सामने आने लगेगी. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले बार ऐसे चौंका देने वाले घटनाक्रम का देश को साक्षी बनना पड़ रहा है! दुनिया की किसी अन्य प्रजातांत्रिक व्यवस्था में इस तरह के निलंबन और बिना बहस-संशोधनों के विधेयकों को क़ानूनों में बदल देने की कार्रवाई कभी देखी नहीं गई. सिर्फ़ अधिनायकवादी हुकूमतों में ही एक व्यक्ति का राज चलता है. वही संसद होता है और उसका हर कहा क़ानून बन जाता है.**



• देश-काल



श्रवण गर्ग

देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था संसद से जिन 146 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था उन्हें अब क्या करना चाहिए? क्या उन्हें ऐसा मान लेना चाहिए कि वे अब सांसद नहीं रहे? संसदीय प्रजातंत्र के भविष्य को लेकर निराश हो जाना चाहिए? क्या इस बात की कोई गारंटी है कि बजट सत्र जब भी आयोजित होगा उन्हें इसी तरह के निलंबन का अपमान फिर से नहीं झेलना पड़ेगा? निलंबित किए गए सांसद सिर्फ़ हाड़-मांस के पुतले मात्र नहीं हैं! वे देश की लगभग एक-चौथाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं! सांसदों के निलंबन की कार्रवाई बताती है कि सत्तारूढ़ दल को न सिर्फ़ जनता की ओर से न्यायोचित माँगें उठाने वाले सदस्यों की ज़रूरत नहीं बची, उसका एजेंडा उस जनता के बिना भी पूरा हो सकता है जो सवाल करने वाले प्रतिनिधियों को चुनकर भेजती है! हुकूमत ने अब ऐसे प्रतिनिधियों की ग़ैर-मौजूदगी में भी देश के प्रजातांत्रिक भविष्य को प्रभावित करने वाले क़ानून बनाने की ताक़त अख़्तियार कर ली है.विपक्षी सांसदों की ग़ैर-मौजूदगी में नागरिक जीवन और प्रजातंत्र को प्रभावित करने वाले पैंतीस विधेयक लोकसभा और राजसभा द्वारा पारित कर दिये गए. इनमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे महत्वपूर्ण विधेयक भी शामिल हैं जिनके कारण पड़ने वाले प्रभावों का अनुमान अभी नहीं लगाया जा सकता. विधेयकों के क़ानूनी रूप लेते ही हर तरह की असहमति के ख़िलाफ़ क़ानूनों के मारक प्रभाव की असलियत सामने आने लगेगी. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले बार ऐसे चौंका देने वाले घटनाक्रम का देश को साक्षी बनना पड़ रहा है! दुनिया की किसी अन्य प्रजातांत्रिक व्यवस्था में इस तरह के निलंबन और बिना बहस-संशोधनों के विधेयकों को क़ानूनों में बदल देने की कार्रवाई कभी देखी नहीं गई. सिर्फ़ अधिनायकवादी हुकूमतों में ही एक व्यक्ति का राज चलता है. वही संसद होता है और उसका हर कहा क़ानून बन जाता है.संसद की नई इमारत के निर्माण और गरिमापूर्ण धार्मिक आयोजन के बीच संपन्न हुई ऐतिहासिक 'राजदंड' की स्थापना के साथ कल्पना यही की गई थी कि देश के संसदीय प्रजातंत्र में एक नए युग की शुरुआत हो रही है ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवर्तन के नायक के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाने वाले हैं! कल्पनाओं के विपरीत स्थापित यह होता दिखाई दे रहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पुराने से नए संसद भवन की तरफ़ पैदल मार्च करते हुए सत्तारूढ़ दल सिर्फ़ 1927 में निर्मित औपनिवेशिक इमारत को ही नहीं बल्कि धर्मनिरपेक्ष संविधान और लोकतांत्रिक परंपराओं को भी विदाई दे रहा था.विपक्षी सांसद सरकार से आख़िर माँग क्या रहे थे ? उनकी माँग सिर्फ़ इतनी थी कि 13 दिसंबर 2023 के दिन संसद भवन के सुरक्षा कवच में जो गंभीर सेंध लगी उस पर देश के शीर्ष नेतृत्व को सदन में वक्तव्य देना चाहिए. देश की जनता को बताया जाना चाहिए कि सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर दो युवा कैसे संसद के भीतर तक पहुँचने में कामयाब हो गए! विपक्ष की माँग का जवाब घटना पर कोई वक्तव्य देने के बजाय सांसदों के निलंबन की कार्रवाई से दिया गया. चिंता का विषय हो सकता है अगर विपक्ष के प्रति कार्रवाई की आड़ में जनता को भी कोई संदेश दिया जा रहा हो! संदेश यह कि पुराना जो कुछ भी है वह समाप्त किए जाने के कगार पर है! एक जीते-जागते प्रजातंत्र में विपक्ष के ख़िलाफ़ इस तरह की कार्रवाई के पीछे केवल दो कारणों की तलाश की जा सकती है : पहला कारण सत्तारूढ़ दल का यह आत्मविश्वास कि प्रधानमंत्री के तिलिस्म और पार्टी की कट्टर हिंदुत्ववादी विचारधारा में विश्वास रखने वाले मतदाताओं की संख्या में न सिर्फ़ कोई कमी नहीं हुई है उसमें वृद्धि हो रही है. दूसरा और ज़्यादा विश्वसनीय कारण सत्तारूढ़ दल का यह डर यह हो सकता है कि ग़ैर-भाजपा दलों को प्राप्त होने वाले साठ प्रतिशत से ज़्यादा मतों का आपस में विभाजन इस बार नहीं हो पाएगा. विपक्ष के मुक़ाबले कम मत प्राप्त होने के बावजूद बहुमत की सरकार बना पाना भाजपा के लिए कठिन साबित हो सकता है. लोकसभा के चुनाव नतीजे हाल के तीन हिन्दी भाषी राज्यों के बजाय तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल-पंजाब की तरह चौंकाने वाले प्राप्त हो सकते हैं. इंडिया गठबंधन की गतिविधियों ने भाजपा को चिंतित कर रखा है. सांसदों के निलंबन के विरोध में 22 दिसंबर को दिल्ली सहित सभी राजधानियों में हुए धरना-प्रदर्शनों का एनडीए जवाब ही नहीं दे पाया. चुनाव पूर्व प्रारंभ होने वाली राहुल गांधी की दूसरी 'भारत जोड़ो यात्रा' कर्नाटक और तेलंगाना के बाद भाजपा की रीढ माने जाने वाले इलाक़ों पर प्रहार कर सकती है.अमित शाह ने उम्मीद जताई है कि 2024 के चुनावों में भाजपा को 2019 के मुक़ाबले दस प्रतिशत ज़्यादा वोट प्राप्त हो सकते हैं. इस सिलसिले में उन्होंने तीन राज्यों में हुई जीत का हवाला दिया है .पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 37.4 प्रतिशत वोट और 303 सीटें प्राप्त हुईं थीं. विभाजित विपक्ष और अन्य दलों को बचे 62.6 प्रतिशत वोट और सीटें मिलीं थीं. भाजपा को 2019 के मुक़ाबले दस प्रतिशत अधिक मत मिलने का मतलब यही होगा कि 2024 के चुनावों में विपक्ष डेढ़ सौ से भी कम सीटों पर सिमट जाएगा. अमित शाह जो कह रहे हैं अगर वही सत्य है तो यह अभी से मान लेना चाहिए कि 2029 के चुनावों के बाद तो संसद पूरी तरह से विपक्ष-मुक्त और एक पार्टी की हुकूमत देश पर क़ाबिज़ हो जाएगी! क्या यह 'मुमकिन' हो पाएगा? क्या अमित शाह देश को अभी से डराना चाह रहे हैं?

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## क्रोध विकार

मानव मन के पांचों विकारों में से क्रोध ही एक ऐसा विकार है, जिसका दुष्प्रभाव क्रोध करने वाले और जिस पर क्रोध किया जा रहा ,है उभय पक्षों पर पड़ता है. इसके अलावा क्रोध सार्वजनिक रूप से दिखाई भी देता है. अर्थात उस क्रोध की प्रक्रिया को उन दोनों के अलावा अन्य लोगों द्वारा भी देखा जाता है. साथ ही क्रोध के दूसरे लोगों में संक्रमित होने की सम्भावनाएं प्रबल होती हैं. क्रोध आने से लेकर इसकी समाप्ति तक इसको चार भागों में बांटा जा सकता है. उनमें पहला है-क्रोध उत्पन्न होने का कारण. क्रोध उत्पन्न होने के कारणों में प्रमुख हैं मामूली सा अहं, ईर्ष्या या भय. (कभी-कभी तो बहुत ही छोटा कारण होता है). दूसरा क्रोध आने पर उसका रूप. क्रोध हर हाल में हानिकारक ही होता है. उसका स्वरूप अहित करना, स्वयं का, किसी दूसरे का और कभी निर्जीव चीजों को तोड़-फोड़ कर नुकसान करना ही होता है. तीसरा भाग है क्रोध के बाद का परिणाम. सच पूछा जाये तो क्रोध के बाद उसका जो परिणाम होता है वह पश्चात्ताप या अफसोस ही है. याद रखिए, क्रोध हमेशा पछतावे पर ही खत्म होता है. चौथा है क्रोध के परिणाम के बाद उसका निवारण. उसके निवारण का एक ही साधन है, वह है क्षमा, जो हमेशा समझदार लोगो द्वारा किया जाता है. बात-बेबात क्रोध करने वालों से लोग प्रायः दूरी बना लेते है. क्रोध करने वाले कभी भी दूसरों के साथ न्याय नहीं कर सकते. क्रोध वह आग है, जो अपने निर्माता को पहले जला देती है. विचार करें, क्या चाहते है आप? अपना और दूसरों का अहित या आनन्द अवस्था? जब आपका अहं स्वयं को स्वाभिमानी कहकर करवट बदलने लगे, सावधान होकर मौन मंथन स्वीकार कर लेना श्रेयस्कर हो सकता है. साधारणतया मौन को भयजनित प्रतिक्रिया कहकर कमजोरी समझा जाता है, पर सच्चाई यह है कि उस समय मौन धारण कर पाना वीरों के लिए भी आसान नहीं होता. वस्तुतः मौन के लिए विवेक को सुदृढ़ करना होता है और इसके लिए उच्चतम साहस चाहिए. क्रोध उदय के संकेत मिलते ही व्यक्ति जब मौन द्वारा अनावश्यक अहंकार पर विवेक पूर्वक सोच लेता है तो बुरे विचार, कटु वाणी और बुरे भावों के सही पहलू जानने, समझने, विचारने और हल करने का अवसर भी मिल जाता है.

# बदलाव के जुनून के साथ नए साल में प्रवेश

• बदलाव

कल्याणी

फ्रांसीसी द्रष्टा और ज्योतिषी नास्त्रेदमस ने पांच सौ साल पहले भविष्यवाणी की थी कि 2024 में जलवायु परिवर्तन के कारण भयंकर बाढ़ आयेगी. उन्होंने महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरणीय, राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तनों की भी भविष्यवाणी की. उन्होंने चीन के साथ संघर्ष और मध्य पूर्व में युद्ध की भविष्यवाणी की और कहा कि वेटिकन में एक नया पोप और इंग्लैंड में एक नया राजा होगा. जैसे-जैसे 2024 नजदीक आ रहा है, यह अतीत पर विचार करने और दुनिया, विशेषकर भारत के लिए भविष्य की आशा करने का समय है. अगले साल, बड़ी आबादी वाले सात राष्ट्रों सहित 40 से अधिक देशों में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं, जिससे संभावित रूप से नेतृत्व में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं. राष्ट्रपति बाइडेन और उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच आमना-सामना हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण में से एक है. राष्ट्रपति पुतिन रूस के राष्ट्रपति चुनाव में अपना पांचवां कार्यकाल चाह रहे हैं. यूक्रेन में राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की फिर से चुनाव लड़ सकते हैं, जबकि मैक्सिकन राष्ट्रपति पद के लिए दो महिला उम्मीदवार मैदान में हैं. जैसा कि भाजपा ने वायदा किया था, अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है. अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया गया है, और अब ध्यान समान नागरिक संहिता पर आम सहमति बनाने पर है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अंतरिम वार्षिक बजट पेश करेंगी.2024 का लोकसभा चुनाव पीएम मोदी के राजनीतिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा. नतीजे कांग्रेस में राहुल गांधी के नेतृत्व पर असर डालेंगे और विपक्ष की एकता की परीक्षा लेंगे. यह भाजपा के लिए दक्षिण में समर्थन हासिल करने और उत्तर में अपना महत्व बरकरार रखने का भी अवसर होगा. अगले साल जम्मू-कश्मीर समेत आठ राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे.अमेरिकी अर्थव्यवस्था के 2023 में 2.4 फीसदी और 2024 में 1.2फीसदी बढ़ने की उम्मीद है. हालांकि, विकास दर धीमी होने का अनुमान है, जिससे 2024 में हल्की मंदी आयेगी. रॉयटर्स का कहना है कि वैश्विक विकास दर अगले वर्ष 2.9 फीसदी से घटकर 2.6 फीसदी हो जायेगी. भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.3 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह देश के लचीलापन और बाहरी झटकों के प्रति कम संवेदनशीलता के कारण लगातार तीसरे वर्ष दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जायेगी. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि 2023 और 2024 में भारत की विकास दर 6 फीसदी से अधिक, जो चीन की 4-5 फीसदी विकास दर से अधिक होगी. 2030-31 तक, भारत की जीडीपी 6.7 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है, जो अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी. शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आईटी और पीएलआई उद्योग उल्लेखनीय रूप से बढ़ सकते हैं. चिंताओं में राजनीतिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति, प्रतिभा की कमी, साइबर हमले, जलवायु परिवर्तन और बदलती कार्यशैली शामिल हैं. वैश्विक शक्ति और दक्षिण के नेता के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 में उसके नेतृत्व से होती है. अगला शिखर सम्मेलन रियो डी जनेरियो में होगा. जनवरी में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन को 2024 में बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया है. अमेरिका-भारत संबंधों में लगातार सुधार हो रहा है और चुनाव नतीजों के दोनों देश अंतरिक्ष, रक्षा, सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, बहुपक्षीय सहयोग और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करते हैं. इसके अतिरिक्त, भारत और अमेरिका ने एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने की अपनी योजना की घोषणा की है. वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, अमेरिका के साथ भारत का व्यापार कुल 128.55अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिससे अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया. भारत ने अमेरिका को 78.31 अरब अमेरिकी डॉलर का सामान बेचा और उनसे 50.24 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीदारी की.भारत पश्चिम के साथ अपने रक्षा संबंधों का विस्तार करना चाहता है. वह यूक्रेन युद्ध पर तटस्थ है. पीएम मोदी ने इजराइल-हमास संघर्ष पर दुख जताया परन्तु इजराइल के साथ खड़े हैं.भारत अब विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश है, जिससे कार्यबल का आकार बढ़ेगा और उच्च आर्थिक वृद्धि हो सकती है.

> 2024 का लोकसभा चुनाव पीएम मोदी के राजनीतिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा. नतीजे कांग्रेस में राहुल गांधी के नेतृत्व पर असर डालेंगे और विपक्ष की एकता की परीक्षा लेंगे. यह भाजपा के लिए दक्षिण में समर्थन हासिल करने और उत्तर में अपना महत्व बरकरार रखने का भी अवसर होगा. अगले साल जम्मू-कश्मीर समेत आठ राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे.

# पिछड़ों-दलितों के खिलाफ क्यों बढ़ रहे अपराध

• सामयिकी

स्वदेश कुमार सिन्हा

आजादी के बाद बहुजन समाज के लोगों को संविधान में उच्च जातियों की तरह समान अधिकार दिए गए हैं, लेकिन उनके खिलाफ अपराध लगातार बढ़ते ही रहे हैं. 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद बहुजनों- विशेष रूप से दलित और आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में बहुत तेज वृद्धि हुई है. क्या इसका कारण यह है कि संघ परिवार के हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा में बहुजन समाज के लोगों का कोई स्थान नहीं है? अभी हाल में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि "राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2013 के बाद से दलितों के खिलाफ अपराध 46.11 प्रतिशत और आदिवासियों के खिलाफ 48.15 प्रतिशत बढ़ गए हैं." खड़गे ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर दलितों और आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में एक ग्राफ साझा किया और टिप्पणी की, कि "दलितों और आदिवासियों पर लगातार हो रहा उत्पीड़न भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पाखंड को उजागर करता है." खड़गे ने कहा कि, "दलितों और आदिवासियों का लगातार उत्पीड़न भाजपा-आरएसएस के 'सबका साथ' के पाखंड को उजागर करता है." कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि "राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के ये केवल आंकड़े मात्र नहीं हैं. यह एससी-एसटी समाज के जीवन को असुरक्षित बनाने का भाजपाई काला चिट्ठा है. खड़गे ने यह भी कहा कि "अन्याय, अत्याचार और दमन- पिछले एक दशक से भाजपा द्वारा समाज को बांटने के षड्यंत्रकारी एजेंडे का हिस्सा है." एनसीआरबी के आंकड़ों में कहा गया है, कि अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों के खिलाफ अपराधों और अत्याचारों में तेज वृद्धि हुई है. राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में 2022 में एससी-एसटी के खिलाफ मामलों में तो और वृद्धि देखी गई. पिछले कुछ वर्षों में लगातार एससी और एसटी समुदायों के खिलाफ अपराध और अत्याचार की सबसे अधिक घटनाओं के साथ मध्य प्रदेश और राजस्थान को शीर्ष पांच राज्यों में स्थान दिया गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे अपराधों के ऊंचे स्तर वाले अन्य राज्यों में बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पंजाब शामिल हैं. एनसीआरबी की सालाना क्राइम रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में अनुसूचित जाति के खिलाफ अपराध के लिए कुल 57,582 और एसटी समुदाय के खिलाफ अपराध के लिए कुल 10,064 केस दर्ज किए गए, जो 2021 की तुलना में क्रमशः 13.1% और 14.3% अधिक हैं. वास्तव में ये आंकड़े आधिकारिक हैं, जिनकी विभिन्न थानों में रिपोर्ट दर्ज़ होती है. दलित और आदिवासियों के उत्पीड़न के कई गुना मामले ऐसे हैं, जिनकी थाने में रिपोर्ट तक दर्ज़ नहीं की जाती, क्योंकि कानून लागू करने वाली एजेंसियां खुद ही इन अपराधों में लिप्त पाई जाती हैं. ये आंकड़े यह भी बतलाते हैं कि संघ परिवार के तथाकथित 'हिन्दूराष्ट्र' में दलित-आदिवासियों तथा अन्य बहुजन समाज के लोगों की क्या स्थिति होगी? इस संबंध में बात करने पर गोरखपुर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष राम बरन पटेल ने कहा कि, "भाजपा शासन में गांवों में भी दलित-पिछड़े लोगों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं तथा थानों में इनकी रिपोर्ट तक दर्ज़ नहीं की जाती है." सामाजिक आंदोलनों से जुड़े यूट्यूब चैनल चलाने वाले मनोज सिंह कहते हैं कि "भाजपा के शासनकाल में गांवों-शहरों, हर जगह बहुजन समाज के लोगों पर अत्याचारों में बढ़ोतरी देखी गई है. उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने इन वर्गों पर अत्याचार करने के लिए नौकरशाही को खुली छूट दे दी है." पासमांदा मुस्लिम संगठन से जुड़े इमामुद्दीन अंसारी कहते हैं, "यद्यपि भाजपा पासमांदा मुस्लिमों को अपने साथ जोड़ने की बात करती है, लेकिन इनके ऊपर उत्तर प्रदेश में राजकीय दमन बहुत ज़्यादा बढ़ गया है." भोपाल में आदिवासियों के बीच काम करने वाले एक स्वयंसेवी संगठन में कार्यरत जावेद अनीस बताते हैं, "भाजपा के शासनकाल में मध्य प्रदेश में आदिवासियों के खिलाफ अपराध बहुत तेजी से बढ़े हैं, विशेष रूप से उनकी ज़मीनों पर क़ब्ज़ा करने की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में उनकी रिपोर्ट तक दर्ज़ नहीं की जाती तथा उनकी आवाज़ उठाने वाले लोगों को भू-माफिया द्वारा डराया-धमकाया जाता है." अपराध की घटनाओं पर लगाम की जरूरत है, लेकिन इसके साथ ही उन कारणों को भी समझने की जरूरत है.

> कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि "राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के ये केवल आंकड़े मात्र नहीं हैं. यह एससी-एसटी समाज के जीवन को असुरक्षित बनाने का भाजपाई काला चिट्ठा है. खड़गे ने यह भी कहा कि "अन्याय, अत्याचार और दमन- पिछले एक दशक से भाजपा द्वारा समाज को बांटने के षड्यंत्रकारी एजेंडे का हिस्सा है."

## मीडिया में अन्यत्र

# बढ़ती असमानता के बीच असंतोष

अमेरिका और यूरोप की राजनीति बहुत बुरी तरह अप्रवासी विरोधी भावनाओं से संचालित है और इसमें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का घालमेल है (इटली की प्रधानमंत्री यूरोप में इस्लामिक संस्कृति के खिलाफ हैं, जबकि डॉनल्ड ट्रंप का कहना है कि प्रवासी अमेरिकी रक्त को 'विषाक्त' बना रहे हैं). इस बीच आर्थिक बहस बढ़ती असमानता और अच्छे रोजगारों की कमी को लेकर मौजूदा असंतोष के लिए वैश्वीकरण और 'नव उदारवाद' को उत्तरदायी ठहराती है. पश्चिम में इस बात को समझा जा सकता है, क्योंकि उसने अपनी नौकरियां तथा अवसर चुनौती देने वालों के हाथों गंवा दिए हैं और दोनों को वापस पाना चाहता है. परंतु उन देशों का क्या, जिन्हें वैश्वीकरण से लाभ हुआ है. उदाहरण के लिए चीन जो दुनिया की फैक्टरी बना और भारत जो उनका बैक ऑफिस और शोध केंद्र है, दोनों देशों का ध्यान अब भीतर की ओर अधिक है. जीडीपी में व्यापार की हिस्सेदारी कम हुई है जबकि भारत में राज्य का हस्तक्षेप, संरक्षणवाद और सब्सिडी आदि बढ़े हैं. इस बीच हालात नए नीतिगत प्रतिमानों की मांग करते हैं. जैसा कि होता है वैश्वीकरण की चौथाई सदी में वैश्विक गरीबी पिछली किसी भी अन्य तिमाही की तुलना में तेजी से कम हुई. तमाम बातों के बीच वैश्विक असमानता में भी कमी आई है. एक आकलन के मुताबिक वैश्विक गिनी गुणांक (असमानता का मानक) में बीती चौथाई सदी में काफी सुधार हुआ है, जिससे 20वीं सदी में बढ़ी वैश्विक असमानता में थोड़ी कमी आई है. इसके अलावा विश्व असमानता रिपोर्ट के अनुसार शीर्ष 10 फीसदी और अगले 40 फीसदी और यहां तक कि निचले 50 फीसदी लोगों के दरमियान आय गुणक में कमी आई है.यह वैश्विक तस्वीर है. देशों के भीतर असमानता का क्या? विश्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि गिनी गुणांक का खराब होता रुझान थैचर-रीगन युग के बाद से बदला है और बीते 20 से अधिक वर्षों से दुनिया के अनेक बड़े देशों में इसमें सुधार हुआ है. इसमें अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस जैसे विकसित और चीन, ब्राजील और मैक्सिको जैसे विकासशील देश भी शामिल हैं. तुर्की और नाइजीरिया में यह कमोबेश अपरिवर्तित रहा है लेकिन भारत और इंडोनेशिया में इसमें कुछ हद तक कमी आई है.असमानता की रैंकिंग में भारत अब भी मध्य से बेहतर स्थिति में है.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### बदन/वदन

**प्यास** भड़की है सरे शाम से जलता है बदन, इश्क़ से कह दो कि ले आए कहीं से सावन. यह स्वर सामाज्ञी लता मंगेशकर की आवाज में गाया हुआ एक प्यारे-से गीत का मुखड़ा है. लता दीदी ने इस गाने को 1982 में रिलीज फिल्म रजिया सुल्तान के लिए गाया था और आज तक इस गाने की लोकप्रियता में तनिक भी कमी नहीं आयी है. इस गीत में दिखता है बदन का प्रयोग. इससे मिलता-जुलता शब्द है वदन. दोनों का उच्चारण थोड़े से अंतर के साथ एक जैसा ही है. यही कारण है कि इनके प्रयोग में अक्सर लोग भूल कर बैठते हैं. वदन की जगह बदन लिख देते हैं तो वदन की जगह बदन. रामचरितमानस के सुंदरकांड में एक चौपाई है-जस-जस सुरसा वदन बढ़ावा, तासु दुगुन कपि रूप दिखावा. उसके निकट ही एक और चौपाई है-वदन पैठि पुनि बाहेर आवा, मांगी विदा ताहि सिरु नावा. यानी सर्पों की माता सुरसा ने जैसे जैसे अपना मुंह फैलाया, हनुमान जी ने अपना रूप उससे दोगुना कर लिया. हिंदी शब्द सागर के अनुसार बदन फारसी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है शरीर, देह. बदन शब्द से बने मुहावरों का लालित्य देखिए. तन-बदन में आग लग जाना. मतलब बहुत अधिक गुस्सा आना. तन-बदन की सुध न रहना मतलब अचेत रहना. बदन टूटना मतलब शरीर की ड्डियों में पीड़ा होना, जोड़ों में दर्द होना, जिससे अंगों को तानने और खींचने की इच्छा हो. बदन तोड़ना मतलब पीड़ा के कारण अंगों को तानना और खींचना. आपने यह गाना तो सुना ही होगा-पानी में जले मेरा गोरा बदन. दूसरा शब्द वदन संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार वदन का अर्थ है-मुंह, चेहरा, मुखड़ा, शक्ल, कथन, भाषण,किसी वस्तु का अग्रभाग, ज्यामिति में एक त्रिभुज का शीर्ष कोना, बीजगणित में एक श्रृंखला की पहली संख्या, नम्रता पूर्वक की जानेवाली वंदना या स्तुति, शरीर पर बनाये जाने वाले तिलक आदि चिह्न.

# सॉरी से पल में मिट जाते सारे क्लेश


• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



न जाने कितनी बार लोग वक्तव्य देते हैं. उस पर हंगामा होता है और फिर वह सॉरी बोल कर सारे मामले को समाप्त कर देते हैं. यह माना जाता है कि सॉरी शब्द से सारे मनमुटाव और क्लेश मिट जाते हैं. कुछ लोग सॉरी का इस्तेमाल चतुराई के साथ करते हैं. कुछ लोग अकड़ के साथ सॉरी बोलते हैं. कुछ लोग सॉरी बोलते समय भी अपने चेहरे को गुस्से से लाल-पीला किए रहते हैं.कुछ लोगों को उनके वकील बताते हैं कि तुम्हें सॉरी तो बोलना पड़ेगा. वरना बहुत नुकसान होगा. ऐसे में वे लोग सॉरी तो बोलते हैं, मगर उनके सॉरी बोलने में भी एक विवशता झलकती है. कुछ लोग इस तरह से सॉरी बोलते हैं, मानो सॉरी बोलकर कोई बहुत बड़ा एहसान कर रहे हों. कुछ लोगों को दूसरे लोग सार्वजनिक अपील करके सॉरी बोलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं. ऐसे में सॉरी बोलने का भी एक आधार व्यक्ति को मिल जाता है. वह कहता है "यह तो मैंने अमुक सज्जन के लिहाज में आकर तथा उनका सम्मान रखने के लिए सॉरी बोल दिया. वरना तुम तो चीज क्या थे ?" फिर भी सॉरी शब्द का एक अच्छा इतिहास है. इसके कारण अनेक झगड़े वृहद-आकार लेने से बच सके हैं. महाभारत रुकी है और सिर-फुटव्वल होते-होते बच गई है. समय पर सॉरी कहना अगर किसी को आ जाए तो वह बहुत भाग्यशाली माना जाता है, लेकिन कुछ लोग पैदा ही इस मिजाज के होते हैं कि वे सॉरी नहीं बोलेंगे. चाहे सिर फूट जाए, टांग टूट जाए, जन्म-भर मुकदमे बाजी चले और जेल में रहना पड़े, लेकिन सॉरी नहीं बोलते. वे समझते हैं कि सॉरी बोलने से उनकी नाक कट जाएगी. अतः वे रोज सुबह को अपनी नाक सही-सलामत होने की बात को चेक करते हैं और फिर दिनभर अपनी नाक पर हाथ रखकर उसे जीवन भर बचा कर चलते हैं. उनके घरवाले, मित्र और सगे-संबंधी उनके हाथ जोड़ते हैं. पैर पकड़ते हैं और कहते हैं " प्लीज ! आप एक बार सॉरी बोल दीजिए. सारा मामला शांत हो जाएगा." लेकिन कोई-कोई आदमी न जाने किस मिट्टी का बना हुआ होता है, वह सॉरी नहीं बोलता. ऐसे में प्लीज शब्द की भारी बेइज्जती होती है. उसकी सार्थकता भी समाप्त हो जाती है. कुल मिलाकर अगर जिंदगी को मजे से जीना है तो दो शब्द सीख लो. एक प्लीज, दूसरा सॉरी. कब कहां क्या बोलना है, यह तुम्हारे ऊपर निर्भर करता है ! मौका देखकर प्लीज बोलकर काम निकालो अर्थात अपना उल्लू सीधा करो और जब फँस जाओ तो सॉरी बोलकर पिंड छुड़ा लो और पतली गली से निकल जाओ.





## इनके शौक को रफ्तार देते
# ये प्राइवेट जेट विमान

*शौक को रफ्तार देने के लिए हमेशा जूनून ही काफी नहीं होता, कई बार जेब का गर्म होना भी जरूरी होता है. अपने देश में जहां एक लंबी आबादी बिना हवाई सफर किए जिंदगी गुजार देती है, वहीं इसी दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो महल या पांच सितारा होटल जैसी सुविधाओं वाले खुद के जेट विमान के मालिक हैं. आइए, आज देश दुनिया के ऐसे ही प्राइवेट जेट विमान मालिकों और उनके विमान की खासियत की करें चर्चा...*

### सिंहासन और अस्तबल वाला विमान

सऊदी अरब के प्रिंस अलवलीद बिन तलाल के पास दुनिया का सबसे महंगा प्राइवेट जेट एयरबस ए 380 है. इसकी कीमत 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के पार बतायी जाती है. इसमें 550 मीटर स्वायर में कॉन्सर्ट हॉल है. प्रिंस का सिंहासन है. उनके घोड़ों के लिए अस्तबल है. टर्किश बाथ व गैराज की सुविधा है. प्रार्थना के लिए ऐसा कमरा है जो हर दिशा से मक्का की तरफ ही घूमता है. यह जेट अधिकतम 1,050 किमी/आर की रफ्तार और से 15,700 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है. सीधे रियाद से न्यूयॉर्क पहुंचता है.

### स्लीपिंग क्वार्टर और लग्जरियस बाथरूम

ऑलिगार्च अलीशेर उस्मानोव रूस के सबसे अमीर शख्स के रूप में जाने जाते हैं. ये एयरबस ए 340-300 के मालिक हैं जिसकी कीमत 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर बताई जाती है. उनका प्राइवेट जेट में चमड़े की शानदार कुर्सियों वाला लिविंग रूम है, आरामदेह डाइनिंग रूम है, अत्याधुनिक बाथरूम और स्लीपिंग क्वार्टर हैं. अधिकतम 915 किमी घंटे की रफ्तार से यह 13,699 किलोमीटर की दूरी आसानी से तय कर सकता है.



### गेस्ट रूम, बार, जिम

जोसेफ लाउ जो कि हांगकांग रियल एस्टेट की जानी-मानी शख्सियत है, के बोइंग 747-8 प्राइवेट जेट है. इसकी कीमत 367 मिलियन अमेरिकी डॉलर बताई जाती है. यह दरअसल 445 स्क्वायर मीटर की डबल स्टोरी है जो शानदार स्पाइरल स्टेयर केस से जुड़ी है. इसमें गेस्ट रूम, बार, जिम और बोर्ड मीटिंग के ऑफिस आदि कई सुविधाएं हैं.



### गोल्ड इंटीरियर डेकोरेशन

रूसी कारोबारी रोमन अब्रामोविच बोइंग 767-33ए के मालिक हैं. इसकी कीमत 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर बताई जाती है. इस 30 सीटर विमान एंटी मिसाइल सिस्टम से लैस है. गोल्ड डेकोरेशन और चेस्टनेट का इंटीरियर इसे एलीगेंट लुक देता है. जेट अधिकतम 850 किमी/घंटा की रफ्तार से बगैर रुके लंदन से सिंगापुर तक उड़ान भर सकता है.



### 5 लिविंग रूम



दुनिया के सबसे अमीर में शुमार एलन मस्क भी प्राइवेट जेट के खासे शौकीन है. एलन मस्क के पास एक शानदार जेट जी 700 है जिसकी कीमत ने 640 करोड़ रुपए बताई जाती है. इस जेट में 5 लिविंग रूम हैं. दो रोल्स-रॉयस इंजनों से लैस है. सुरक्षित लैंडिंग के लिए दोहरे हेड-अप डिस्प्ले है. यह जेट 51,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है और इसमें 19 लोग बैठ सकते हैं.

## भारत में इन बॉलीवुड सेलेब्स के अपने जेट विमान

### अमिताभ बच्चन




अमिताभ बच्चन के पास पांच सितारा होटल की सुविधा वाला प्राइवेट जेट है जिसमें खाने से लेकर सोने तक और ऑफिस मीटिंग तक के लिए जगह बनाई गई है. बिग बी अपने परिवार के साथ भी अक्सर इसी जेट से यात्रा करते हैं.

### अक्षय कुमार



अक्षय कुमार के पास भी अपना प्राइवेट जेट है जिसकी कीमत260 करोड़ रुपये बताया जाता है. जब विदेशों में शूटिंग होती है तो इसी जेट से वे जाते हैं.

### प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा का भी अपना प्राइवेट जेट जिसमें कई बार चिल करती हुई अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं. भी दिखाई दीं हैं.

### सनी लियोन



एक्ट्रेस सनी लियोन के पास भी खुद का प्राइवेट जेट है. सनी अपने पति डेनियल और बच्चों के साथ इसी प्लेन से भारत और अमेरिका जाती हैं.

### शिल्पा शेट्टी




शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के पास भी खुद का जेट विमान है. हॉलीडेज में अक्सर वे इसी पर सपरिवार यात्रा करते हैं.

### राम चरण




राम चरण अपने प्राइवेट चार्टर प्लेन पर अक्सर छुट्टियों में जाते हैं और प्रमोशनल इवेंट पर भी उसी में निकलते हैं. राम चरण के पास अपने कई हवाई जहाज और एक एयरलाइन ट्रूजेट भी है.

### अल्लू अर्जुन



अल्लू अर्जुन के पास 6 सीटर प्राइवेट जेट जिससे सफर की तस्वीर अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते रहते हैं.

### जूनियर एनटीआर



जूनियर एनटीआर के पास 80 करोड़ रुपए का प्राइवेट जेट है जो शमशाबाद एयरपोर्ट पर पार्क रहता है.

---

*शाहिद कपूर का रफ्तार प्रेम छिपा नहीं. महंगी मोटरसाइकल और लग्जरी कारों से जुड़ी खबरें व तस्वीरें सामने आती रहती हैं. हाल ही शाहिद के एक और लग्जरी एसयूवी मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600 खरीदने की खबर सामने आई है. इस कार की कीमत 3 करोड़ रुपये से भी अधिक बताई जाती है. शाहिद कपूर ने एमराल्ड ग्रीन कलर की यह एसयूवी ली है. इस एसयूवी का मुकाबला रोल्स रॉयस कलिनन और रेंज रोवर स्पोर्ट के साथ ही बेंटले बेनटायगा जैसी लग्जरी गाड़ियों से होता है.*

### शाहिद के गैराज में आई
# ग्रीन एमरल्ड मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600



**दमदार इंजन, बेहतर सांउड इंसुलेशन :** जीएलएस मेबैक में स्टैंडर्ड जीएलएस की तुलना में अधिक शक्तिशाली इंजन मिलता है और यह एक माइल्ड हाइब्रिड के साथ 4.0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 है. कुल मिलाकर आपको 580 बीएचपी और लगभग 1000एनएम का टार्क मिलता है. एक स्टैंडर्ड 9-स्पीड ऑटोमेटिक है. जीएलएस मेबैक में बेहतर साउंड इन्सुलेशन है और यह बिना किसी आवाज के काम करता है.

**ये हैं फीचर्स :** यह विशाल एसयूवी अंदर से यह लक्जरी फीचर्स से भरी पड़ी है. मेबैक जीएलएस के पीछे का बड़ा और भारी दरवाजे को खोलते ही इलेक्ट्रिक फुट बोर्ड आसान एंट्री के लिए बाहर की ओर खिसकता है. फिर पीछे एक शानदार लाउंज है. मेबैक ने जो किया है वह यह है कि उन्होंने जीएलएस की तीसरी रॉ को हटा दिया है और इसके बजाय दूसरी रॉ को पीछे धकेल दिया है और इसे दो बड़ी सीटों के साथ 4-सीटर अधिक आरामदायक बना दिया है. आप जब बैठते हैं तो आपको हर जगह उचित मोटे कालीन और लेदर दिखाई देता है. सीटें प्राइवेट जेट स्टाइल की हैं जिन्हें 43.5 डिग्री तक रिक्लाइन किया जा सकता है. आप एक बटन दबाते हैं और जब आप एक झपकी के लिए झुकते हैं तो आगे की सीट लेग रेस्ट को बढ़ाते हुए पीछे की ओर चलती है. इसमें मसाज, हीटेड और कूलिंग फंक्शन है. जबकि एक रिमूवेबल टैबलेट भी एक कंट्रोल पैकेज के रूप में कार्य करता है जहां आप सभी कार्यों को नियंत्रित कर सकते हैं. केबिन में एंबिएंट लाइट, म्यूजिक मसाज यहां तक कि परफ्यूम भी है जो कि स्पा जैसे आराम का अनुभव देता है. 27 स्पीकर बर्मेस्टर ऑडियो सिस्टम, शैंपेन फ्लूट होल्डर, कपहोल्डर और एक फ्रिज भी है. अंत में सभी सामान्य विशेषताओं के साथ एक विशाल पैनोरमिक सनरूफ प्लस सनब्लाइंड है.

# 6 जनवरी को सूरज के एल वन प्वॉइंट तक पहुंच जाएगा आदित्य

*इसरो की तरफ से सूरज के अध्ययन के लिए भेजा गया आदित्य सोलर नए साल में 6 जनवरी को सूरज के एल वन प्वॉइंट तक पहुंच जाएगा. यह जानकारी इसरो चीफ एस सोमनाथ ने दी. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही आदित्य-एल1 मिशन की सफलता का पहला सबूत मिला था. इस सैटेलाइट के सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलिस्कोप ने सूरज की पहली बार फुल डिस्क तस्वीरें ली थी. ये सभी तस्वीरें 200 से 400 नैनोमीटर वेवलेंथ की थी जिसमें सूरज 11 अलग-अलग रंगों में नजर आया था.*



### क्या है आदित्य-एल वन?

आदित्य-एल वन भारत की पहली अंतरिक्ष आधारित ऑब्जरवेटरी है. यह सूरज से इतनी दूर तैनात होगा कि उसे गर्मी तो लगे लेकिन खराब न हो. क्योंकि सूरज की सतह से थोड़ा ऊपर यानी फोटोस्फेयर का तापमान करीब 5500 डिग्री सेल्सियस रहता है. केंद्र का तापमान 1.50 करोड़ डिग्री सेल्सियस रहता है. ऐसे में किसी यान या स्पेसक्राफ्ट का वहां जाना संभव नहीं है.


### क्या करेगा आदित्य-एल1 स्पेसक्राफ्ट?

सौर तूफानों के आने की वजह, सौर लहरों और उनका धरती के वायुमंडल पर क्या असर होता है, सौर हवाओं के विभाजन और तापमान, गर्म हवाओं आदि की स्टडी करेगा. साथ ही सौर वायुमंडल को समझने का प्रयास करेगा.

---

## वीर बाल दिवस आज
# इन पुत्रन के शीश पर, वार दिए सुत चार

**गुरुगोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों ने बाल अवस्था में ही देश और धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान दे दिया था. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष ही सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों को सम्मान देने हेतु 26 दिसम्बर को "वीर बाल दिवस" मनाने की घोषणा की थी. आज के दिन उन वीर बच्चों को याद किया जाता है.**



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों को सम्मान देने हेतु 26 दिसम्बर को "वीर बाल दिवस" मनाया जाता है, जिन्होंने बाल अवस्था में ही देश और धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान दे दिया.

गुरु गोबिंद सिंह जी के चार बेटे (साहिबजादे) थे. दो छोटे बेटों जोरावर सिंह नौ साल और फतेह सिंह सात साल, को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया और दो बड़े बेटे जुझार सिंह 17 साल और अजीत सिंह 14 साल, मुगलों के साथ युद्ध करते हुए शहीद हो गए.

औरंगजेब के शासन में हिंदुओं को जबरन मुस्लमान बनाया जा रहा था. जनता उसके अत्याचारों से त्रस्त थी. अत्याचारों के विरुद्ध लड़ने के लिए और लोगों में शारीरिक तथा आत्मिक बल का संचार करने के लिए गुरु गोबिंदसिंह जी ने 1699 ई में "खालसा" सेना तैयार की. मुगल साम्राज्य और आसपास के पहाड़ी राजाओं को सिख सेना से खतरा महसूस होने लगा. दस हजार सेना ने आनंदपुर पर धावा बोल दिया परन्तु गुरु जी की सेना



से हार कर वापस लौट आए लेकिन गुरु गोबिंद सिंह जी को समाप्त करने की आग सीने में जलती रही.1704 ई में सिरसा नदी पार करते समय दस हजार की मुगल फौज ने गुरु जी और उनके चालीस शिष्यों पर पीछे से धोखे से हमला कर दिया. भगदड़ में गुरु जी का परिवार अलग हो गया. दो छोटे बेटे और इनकी माता गुजरी जी बिछड़ गए और दो बड़े बेटे गुरु जी के साथ रह गये.

माता गुजरी और दो छोटे बेटों को गुरु जी का पुराना रसोइया गंगू ब्राह्मण अपने घर ले गया. लेकिन जब उसने माता जी के पास मोहरें देखीं तो बेईमान हो गया. उसने मोहरें भी चुरा लीं और इनाम के लालच में आकर सरहिंद के नवाब वजीर खां को खबर कर दी कि वो मेरे घर पर हैं. वजीर खां ने माता जी और बेटों को पूस के महीने में ठंडे बुर्ज में कैद कर दिया, जो सिर्फ सलाखों का बना बहुत ऊंचा था जहां चारों ओर से बर्फीली हवाएं चल रही थीं. तीन दिनों तक वजीर खां लगातार बच्चों को बुलाकर मुस्लमान बनने के लिए डराता, धमकाता रहा, लालच भी दिया. प्रतिदिन दादी उन्हें धर्म की रक्षा का पाठ पढ़ा कर, साहस की दसतार सजा कर वजीर खां के बुलावे पर, आंखों में आंसू लेकर जिगर के टुकड़ों को मजबूरन भेजती रही. लेकिन गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों ने सिर झुकाना और धर्म परिवर्तन करना मंजूर नहीं किया. 16 दिसम्बर 1704 को दोनों साहिबजादों जोरावर सिंह 9 साल और फतेह सिंह 7 साल को वजीर खां ने सरहिंद की दीवार में जिंदा चिनवा दिया.

कहते हैं कि जब छोटे के कंधे तक दीवार आई और उसका सिर काटने लगे तो उसने ऊपर मुंह कर बड़े को देखा कि उसकी आंखों में आंसू हैं. बोला -भैया आपको डर शोभा नहीं देता.

बड़े बेटे जोरावर ने कहा -" छोटे मेरी आंखों में इसलिए आंसू हैं कि दुनिया में आया था पहले मैं और जा रहा है पहले तू."

इस तरह नन्हें बच्चे देश और कौम की रक्षा करते हुए शहीद हो गए. ऐसा उदाहरण इतिहास में और कहीं नहीं मिलता. पोतों की मृत्यु की खबर सुनकर दादी ने भी प्राण त्याग दिए. वहां आज गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब है. वजीर खां ने तीनों का संस्कार करने हेतु जमीन देने से मना कर दिया तो सरहिंद के एक सेठ टोडरमल के अनुनय पर वजीर खां ने कहा कि जितनी मोहरें खड़ी कर के बिछाओगे उतनी जमीन दूंगा. इस तरह टोडरमल ने मोहरें बिछाकर जमीन खरीदकर तीनों का अंतिम संस्कार किया. वहां गुरुद्वारा ज्योति सरूप है.

गुरु जी के बड़े दो बेटे अजीत सिंह 17 साल और जुझार सिंह 14 साल चमकौर के युद्ध में लड़ते हुए शहीद हो गए. दस हजार मुगल फौज से सिर्फ चालीस सिखों ने युद्ध किया और गुरु गोबिंद सिंह जी के नेतृत्व में जीत हासिल की. गुरु जी ने मुगलों से 14 युद्ध किये और सभी में जीत का परचम लहराया.

21 दिसम्बर से लेकर 26 दिसम्बर तक गुरु जी का पूरा परिवार शहीद हो गया. इसलिए गुरु गोबिंद सिंह जी को "सरबंसदानी" कहा जाता है.

गुरु जी की पत्नी ने जब बेटों के बारे पूछा तो गुरु गोबिंद सिंह जी ने पूरे राष्ट्र को महत्व देते हुए कहा

**इन पुत्रन के शीश पर, वार दिए सुत चार,**
**चार मुए तो क्या हुआ, मेरे जीवत कई हजार।।**

धर्म और देश की रक्षा हेतु, अत्याचारों के विरुद्ध मानवता के कल्याण के लिए गुरु गोबिंदसिंह जी का बलिदान अद्वितीय है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### एसपी ने किया 4 पुलिस कर्मी को निलंबित

**मोतिहारी ।** पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने ड्यूटी के प्रति घोर लापरवाही व उदासीनता बरतने के आरोप में चार पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है. बताया गया कि बीते दिनों रामगढवा थाना क्षेत्र के हरिशंकर वर्मा कॉलेज के समीप 7.460 किलोग्राम चरस के साथ नेपाल के परसा जिला निवासी लालबाबू ठाकुर व सुदर्शन वर्णवाल नामक दो तस्कर को नेपाली नंबर के बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय में उपस्थापन हेतु वाहन से मोतिहारी ले जाने की जिम्मेदारी असलम अंसारी, हरेकृष्ण यादव, चंदन कुमार एवं सिपाही 1329 शालीग्राम कुमार को दिया गया था.

### चलती कार में लगी आग बाल-बाल बचे दंपती

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के ढाका-घोड़ासहन पथ पर रविवार रात एक बड़ी घटना होने से बाल-बाल बची. जहां चलती कार में अचानक आग लगने के बाद दंपती ने कूद कर अपनी जान बचायी. घटना ढाका थाना क्षेत्र के कसरहिया सेंट्रल बैंक के समीप की बतायी जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार झरौखर थाना क्षेत्र के कौरैया गांव के मुखिया पुत्र प्रभात कुमार सिन्हा रविवार की देर रात अपनी पत्नी के साथ मोतिहारी स्थित एमएस मेमोरियल स्कूल में चल रहे शिक्षक ट्रेनिग कर घर लौट रहे थे, इसी दौरान चलती कार में अचानक आग लग गयी.

### छोटे सरकार हत्याकांड में सप्लायर गिरफ्तार

**पटना ।** राजधानी पटना के दानापुर व्यवहार न्यायालय में गोलीबारी और हत्या के आरोपी को हथियार सप्लायी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दानापुर पुलिस ने नीतेश कुमार को एक पिस्टल और 15 जिन्दा कारतूस के साथ नौबतपुर से पकड़ा है. पिछले 15 दिसंबर को दिन दहाड़े कोर्ट परिसर में अपराधियों ने पेशी के लिए जाने के दौरान विचाराधीन कैदी अभिषेक सिंह उर्फ छोटे सरकार की हत्या कर दी गई थी. इस मामले में गिरफ्तार तहसीन के निशानदेही पर नौबतपुर से नीतेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है.

---

अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बोले-

# हम नाराज नहीं हैं, हमारी इच्छा है सब एकजुट रहें

**संवाददाता ।पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडी गठबंधन की बैठक को लेकर चल रही अटकलों पर लगाम लगा दिया था. इंडी गठबंधन की बैठक के बाद नाराजगी से सवाल पर सोमवार सुबह स्पष्ट कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक से हमें कोई नाराजगी नहीं है. हम जरा सा भी नाराज नहीं है. हमारी इच्छा है कि सब लोग (विपक्ष) एकजुट हो. गठबंधन में पद के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारी कोई इच्छा ही नहीं है इन सब के प्रति. हमारी इच्छा केवल यह है कि सब लोग एक साथ मिलकर देश का इतिहास बदलाने वालों के खिलाफ लड़ें. इधर, जदयू में टूट के सवाल पर कहा कि हमारी पार्टी एकजुट है. सबलोग साथ मिलकर काम कर रहे हैं. कोई टूट नहीं होने वाला है. कुछ लोग अंड बंड बोलते रहते हैं. बोलने से उन्हें पार्टी में कुछ नहीं मिल जाएगा. वहीं डीएमके के सांसद द्वारा बिहारियों पर दिए गए बयान के सवाल पर सीएम नीतीश कुमार चुप्पी साध गए.

दरअसल, सोमवार सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को पाटलिपुत्र अटल पार्क में श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे. मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि उनके प्रति मेरी श्रद्धा हमेशा रहेगी. उनके रहते दूसरे दलों के नेताओं को कोई दिक्कत नहीं थी. उनके प्रति मेरा भाव जीवन भर रहेगा. उनका काम अटल जी का काम बहुत अच्छा रहा है. किसी बात को वह तुरंत स्वीकार करते थे. वहीं बीपीएससी द्वारा शिक्षक बहाली के सवाल पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आपलोग देख रहे हैं न कितना अच्छा काम हो रहा है. बिहार में कितनी बहाली हो रही है. हमने दस लाख नौकरी देने का वादा किया था. इसमें दस लाख में से पांच लाख यानी आधा पूरा हो चुका है. हमलोग एक-एक काम कर रहें है. सब कुछ देख रहें है.

---

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला – **शेखपुरा**
जनसंख्या घनत्व – **1106 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर**
जनसंख्या घनत्व की दृष्टि से भारतीय राज्यों में स्थान – **प्रथम**
सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला – **शिवहर** (1880)
न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला जिला – **कैमूर**( 488)
सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला – **गोपालगंज**
न्यूनतम लिंगानुपात वाला जिला – **भागलपुर और मुंगेर**
साक्षरता प्रतिशत बिहार की साक्षरता % कितना है – 63.82%
बिहार की पुरुष साक्षरता % कितना है –73.39%
बिहार की महिला साक्षरता % कितना है –53.33%
साक्षरता दर के मामले में राज्य का स्थान –28 वां स्थान
बिहार की कुल साक्षरता दर – 61.80 %
पुरुष साक्षरता दर – 71.20 %
महिला साक्षरता दर – 51.5 %

---

नक्सलियों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के तीन स्टाफ का किया अपहरण

# दो को छोड़ा, एक के लिए मांगी 30 लाख रुपये की फिरौती

**संवाददाता ।गया**


पुल निर्माण कार्य में लगे थे मजदूर

गया में नक्सलियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है. नक्सलियों ने एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के तीन कर्मियों को किडनैप कर लिया था. दरअसल, जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र में हथियार से लैस नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ते ने पुल निर्माण कार्य में ड्यूटी कर रहे दो गार्ड और एक मुंशी को रविवार की रात अगवा कर लिया था. बाद में दोनों गार्ड को मारपीट कर छोड़ दिया गया. लेकिन नक्सलियों ने मुंशी को अब तक मुक्त नहीं किया है.

जानकारी के अनुसार मुंशी को मुक्त करने के एवज में नक्सलियों के द्वारा 30 लाख लेवी की डिमांड की जा रही है. जानकारी के अनुसार लुटुआ थाना के भुसिया गांव में असुराइन जाने के मार्ग में रविवार रात के वक्त नक्सली आए थे. बताया जा रहा है कि नक्सली का दस्ता हथियार से लैस था. इस क्रम में दर्जनों की संख्या में रहे नक्सलियों के दस्ते ने पुल निर्माण कार्य में ड्यूटी कर रहे दो गार्ड और एक मुंशी को अगवा कर लिया. अगवा करने के बाद नक्सलियों ने तीनों के साथ मारपीट की. जिसके बाद दोनों गार्ड को मुक्त कर दिया.

### पुलिस-अपराधियों में मुठभेड़ के दौरान दारोगा को मारी गोली

**पटना ।** पटना के बेउर थानांतर्गत कृष्ण विहार कॉलोनी में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ की घटना सामने आई है. हथियार से लैस अपराधियों ने दानापुर दारोगा को गोली मार दी, जिससे वो घायल हो गए हैं. फिलहाल दारोगा फुलन कुमार राम का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है. घटनास्थल से पुलिस ने तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है. मामला बीरपुर थाना क्षेत्र का है, जहां सूचना के आधार पर अपराधियों को पकड़ने पुलिस पहुंची थी. वहीं, दारोगा ने दो अपराधियों को दबोच लिया था लेकिन अपराधियों ने दारोगा के हाथ पर गोली चला दी. इसके बाद भी दारोगा ने दो अपराधियों को दबोचे रखा और मौके पर पहुंची अन्य पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, अपराधियों को पकड़ कर थाने लाया गया जहां उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है. बता दें कि कृष्ण विहार कॉलोनी में देर रात अपराधी टेलीकॉम टावर से बैटरी चोरी कर रहे थे, इसी दौरान बेउर थाना के एक दारोगा को अपराधियों ने गोली मार दी. पूरे घटना की जानकारी देते हुए एएसपी दानापुर विक्रम सिंह ने बताया कि बेउर थाना प्रभारी को सूचना मिली कि रविवार देर रात कृष्ण विहार कॉलोनी में कुछ चोर टावर में लगे बैटरी की चोरी करने में लगे हैं. इस मामले की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम के साथ बेउर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची गई, जहां सात की संख्या में अपराधी मौजूद थे.

---

वारंटी को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर हमला

## महिलाओं ने खौलता पानी फेंका, 4 गिरफ्तार

**संवाददाता ।पटना**

बिहार में अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं. आये दिन अपराधी अतिक्रमण हटाने या गिरफ्तार करने या जमीन नापी करवाने गयी पुलिस पर हमला करते हैं. ताजा मामला पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया थाना क्षेत्र स्थित बिजुलपुर पंचायत के चैनपुर गांव का है. जहां वारंटी को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर हमला किया गया. इतना ही नहीं लोगों ने उनपर खौलता हुआ पानी भी फेंका. जिसमें तुरकौलिया थानाध्यक्ष (एसएचओ) अनिल कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी व कर्मी घायल हो गये. घायल पुलिसकर्मियों को सीएचसी तुरकौलिया में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. पुलिस की टीम ने चार हमलावरों को खदेड़ कर पकड़ा है. इनमें नवल किशोर सिंह, कृष्णा कुमार, जमादार भगत व श्रीराम कुमार शामिल हैं. सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. दूसरी ओर इस मामले में थानाध्यक्ष के बयान पर केस दर्ज की गयी है.

**कोर्ट से जारी वारंट को लेकर गई थी टीम :** जानकारी के अनुसार, थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम रविवार देर रात कोर्ट से जारी वारंट के मद्देनजर वे टीम बनाकर नवल किशोर सिंह के घर छापेमारी करने पहुंची. तभी वारंटी नवल किशोर सिंह सहित कई लोगों ने उनपर हमला कर दिया. लोगों ने घर के अंदर से पुलिस टीम पर खौलता पानी फेंक दिया. इसके बाद उनपर लाठी डंडा व लोहे के रॉड से हमला किया. जिसमें थानाध्यक्ष अनिल कुमार सहित तीन दारोगा व दो पुलिसकर्मी जख्मी हो गये. पुलिसकर्मियों ने खदेड़कर चार हमलावरों को पकड़ लिया. बाकी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

### अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर एवं 6 बाइक जब्त

**किशनगंज ।** खान निरीक्षक किशनगंज एवं पोठिया थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध बालू खनन, परिवहन एवं चोरी के विरुद्ध जिले के पानबाड़ा में छापेमारी की. छापेमारी के क्रम में अवैध बालू खनन कर चोरी कर ले जा रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया. तत्पश्चात् अज्ञात 25 से 30 व्यक्ति एवं 10 से 15 बाइक पर सवार करीब 20 से 25 व्यक्ति मिलकर जब्त किये गये उक्त तीनों ट्रैक्टर को छुड़ाने हेतु गाली-गलौज करते हुए छापामारी दल को धक्का-मुक्की करने लगे. छापेमारी दल के अतिरिक्त बलों को देखकर अज्ञात व्यक्ति भागने में सफल रहे, घटना स्थल से 06 बाइक को जब्त किया गया.

## इंजीनियरिंग का छात्र निकला साइबर अपराधी, 3 पकड़ाए

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में साइबर फ्रॉड कर तीस लाख से अधिक की ठगी करने वाले इंजीनियरिंग के दो छात्र समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है. दो युवक मुजफ्फरपुर के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र हैं और दोनों इलेक्ट्रॉनिक्स के फोर्थ सेमेस्टर के बताए जा रहे हैं. तीसरा युवक इनका साथी है, इनके पास से मोबाइल समेत अन्य सामान जब्त किए गए हैं, पूछताछ में पता चला कि गिरोह के सरगना नालंदा व पटना में बैठे हैं.

मामले को लेकर साइबर थाना के अपर थानाध्यक्ष शमीम अख्तर हवाड़ी ने बताया कि पिछले दिनों लक्ष्मी चौक, सरैयागंज टावर समेत अन्य इलाके के आधे दर्जन सीएसपी संचालकों ने ठगी को लेकर पुलिस से शिकायत की थी. गिरफ्तार आरोपियों में अरवल जिले के मेलदईया का आकाश कुमार, राज कुमार और गया जिले के खिजरसराय का फैज्जन अली शामिल है. इसमें आकाश और फैजान इलेक्ट्रानिक्स के फोर्थ सेमेस्टर का छात्र बताया गया है, वहीं राज कुमार दोनों का दोस्त है. पुलिस का कहना है कि नालंदा व पटना वाले सरगना द्वारा इन सभी को नया सिम और डेबिट कार्ड दिया जाता था.

---

## कारोबार

### 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए उत्पादन बढ़ाएं

**नयी दिल्ली ।** भारत 2024 में अधिक कोयला आधारित बिजली परियोजनाएं स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा और साथ ही सभी के लिए चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति के लक्ष्य के वास्ते नवीकरणीय उत्पादन क्षमता भी बढ़ाता रहेगा, ताकि बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के इस दौर में आर्थिक विस्तार और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने अगले कुछ वर्षों में 7.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ 91 गीगावॉट कोयला आधारित थर्मल बिजली उत्पादन क्षमता की योजना बनाई है.

### पांच वर्षों में 40,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य

**अहमदाबाद ।** गुजरात सरकार की उद्योगों को पांच वर्षों में 40,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान करने के लक्ष्य के साथ अगस्त 2020 में शुरू की गई औद्योगिक नीति राज्य को एक वैश्विक व्यापार गंतव्य बनाने की उसकी प्रतिबद्धता दर्शाती है. हितधारकों ने यह बात कही. हितधारकों ने कहा कि पांच साल की अवधि के लिए लाई गई यह नीति 8,000 करोड़ रुपये के औसत वार्षिक परिव्यय का वादा करती है, जो उद्योगों के लिए पर्याप्त समर्थन का संकेत है.

### आम चुनाव से पहले विनिवेश हुआ धीमा


**नयी दिल्ली ।** आम चुनाव नजदीक आने के साथ ही सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी है और अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का विकल्प चुना है. कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने के विपक्षी दलों के आरोपों के बीच सरकार ने यह कदम उठाया है. हालांकि, इसके परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष 2023-24 के विनिवेश लक्ष्य से फिर चूकने की आशंका है. भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजीकरण योजनाएं पहले से ही ठंडे बस्ते में हैं.

---

डील के बाद रिलायंस को डिज्नी स्टार बिजनेस में कंट्रोलिंग स्टेक्स मिल जाएंगे

# रिलायंस ने डिज्नी से मिलाया हाथ, लंदन में हुई डील

**भाषा ।मुंबई**




**हुई डील**
- दोनों कंपनियों में लंदन में यह डील हुई है
- इसमें आरआईएल की हिस्सेदारी 51% होगी

भारत के उद्योगपति मुकेश अंबानी का कारोबार का विस्तार तेज गति से हो रहा है. अब इस कड़ी में एक नाम और जुड़ गया है. वह अमेरिकी मीडिया कंपनी वॉल्ट डिज्नी है.

टेलिकॉम के बाद मीडिया और एंटरटेनमेंट की दुनिया में तहलका मचाने की तैयारी में लगे मुकेश और उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने एंटरटेनमेंट सेक्टर की दिग्गज कंपनी वॉल्ट डिज्नी के साथ एक नॉन-बाइंडिंग डील की है. बता दें कि नॉन-बाइंडिंग डील एक एग्रीमेंट होता है, जिसमें शामिल पार्टियां या कंपनियां डील के टर्म को मानने के कानूनी रूप से बाध्य नहीं होती हैं. इस एग्रीमेंट का पर्पज नेगोशिएशन प्रोसेस के दौरान डील में शामिल पार्टियों के इरादे को जाहिर करना है. अगर दोनों पार्टियां नॉन-बाइंडिंग कॉन्ट्रैक्ट के टर्म और कंडीशन पर सहमत हो जाती हैं, तो उसके बाद फाइनल बाइंडिंग कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिया जाता है.

सूत्रों के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच पिछले हफ्ते लंदन में यह डील हुई. दोनों कंपनियों की प्लान देश की सबसे बड़ी मीडिया और एंटरटेनमेंट बिजनेस बनाना है. यह मर्जर स्टॉक और कैश में होगा और इसमें रिलायंस की 51 प्रतिशत और डिज्नी की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी. इस डील के फरवरी तक पूरा होने की उम्मीद है. हालांकि रिलायंस इसे जनवरी के अंत तक पूरा करना चाहती है.

सूत्रों के मुताबिक लंदन में हुई बैठक में केविन मेयर और मुकेश अंबानी की करीबी मनोज मोदी मौजूद थे. मेयर डिज्नी में काम कर चुके हैं और जुलाई में कंपनी के सीईओ बॉब इग्नर उन्हें एडवाइजर के रूप में वापस लाए थे. जानकारों के मुताबिक डील पर साइन होने के बाद बाकी प्रोसेस पर काम शुरू होगा. इसमें वैल्यूएशन भी शामिल है. इस डील के बाद रिलायंस को डिज्नी स्टार बिजनेस में कंट्रोलिंग स्टेक्स मिल जाएंगे, जिसकी एस्टिमेटेड वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर यानी 83,163 करोड़ रुपए है. डील पूरी होने के बाद डिज्नी की इस बिजनेस में केवल माइनॉरिटी स्टेक्स यानी मामूली हिस्सेदारी रह जाएगी.

जानकारी के अनुसार स्टार इंडिया के भारत में 77 चैनल और वायकॉम 18 के 38 चैनल हैं. कुल मिलाकर दोनों के 115 चैनल हैं. साथ ही इसमें दो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार और जियो सिनेमा शामिल हैं. फाइनेंशियल ईयर 2023 में डिज्नी स्टार का नेट प्रॉफिट 1,272 करोड़ रुपये रहा जबकि डिज्नी प्लस हॉटस्टार को 748 करोड़ रुपये का घाटा हुआ. वायकॉम 18 का नेट प्रॉफिट 11 करोड़ रुपये रहा. इस डील में 45 से 60 दिन के एक्सक्लूसिविटी पीरियड हो सकता है जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है. इस डील के लिए दोनों कंपनियों के बीच कई महीनों से बातचीत चल रही है.

जानकारों की मानें तो रिलायंस की सहयोगी कंपनी वायकॉम18 की स्टेप डाउन सब्सिडियरी बनाने की योजना है. इसें स्टॉक स्वैप के जरिए स्टार इंडिया का मर्जर किया जाएगा. मर्जर के बाद बनने वाली कंपनी में रिलायंस की दावेदारी बढ़ जाएगी. इस बीच जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और सोनी ग्रुप की लोकल कंपनी के बीच 10 अरब डॉलर की मर्जर डील अधर में लटकी है. इसकी घोषणा दो साल पहले हो गई थी.

---

**घोषणा** अडाणी ग्रीन ने टेंडर के लिए पूरा किया पीपीए समझौता

# 1,799 मेगावाट सौर बिजली आपूर्ति के लिए हुआ समझौता

**एजेंसी ।अहमदाबाद**



देश की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने 1,799 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं. अडाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस पीपीए पर हस्ताक्षर के साथ कंपनी ने 8,000 मेगावाट के विनिर्माण-संबद्ध सौर निविदा के तहत बिजली आपूर्ति का समझौता पूरा कर लिया है. कंपनी को जून, 2020 में सेकी से यह अनुबंध मिला था. कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित सिंह ने बयान में कहा, अडाणी ग्रीन एनर्जी न केवल देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य की दिशा में बल्कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में भी योगदान दे रही है. उन्होंने कहा, हमें सबसे बड़े हरित पीपीए को पूरा करने और एक भरोसेमंद ऊर्जा परिदृश्य को साकार करने में खुशी हो रही है. भारत के वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हरित ईंधन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप अडाणी ग्रीन 45 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है. यह हमारी मौजूदा परिचालन क्षमता का पांच गुना है. कंपनी ने सेकी की विनिर्माण से जुड़ी सौर पीवी निविदा की प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है. इसमें दो गीगावाट क्षमता की पीवी (फोटो वोल्टिक) सेल और मॉड्यूल विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करना शामिल है. अडाणी ग्रीन पहले ही अपनी सहयोगी कंपनी मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड (एमएसईएल) के माध्यम से दो गीगावाट सालाना क्षमता वाला एक सौर पीवी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण कारखाना चालू कर चुकी है. यह संयंत्र गुजरात के मुंद्रा में स्थित है. अडाणी ग्रीन के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग फोर लिमिटेड के माध्यम से मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड के 26 प्रतिशत शेयर हैं.

---

## यूएई को तेल का पहला भुगतान रुपये में किया

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से खरीदे गए कच्चे तेल के लिए भारत ने रुपये में पहला भुगतान कर अपनी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है. अधिकारियों ने कहा है कि भारत अन्य तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ भी इसी तरह के रुपया भुगतान सौदों की कोशिश में लगा हुआ है. लेकिन इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लागू करना एक प्रक्रिया है और इसके लिए कोई लक्ष्य नहीं रखा गया है. अपनी 85 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आयात पर निर्भर है. इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर डॉलर में भुगतान करना होता है. लेकिन पिछले साल से भारत ने तेल की खरीद का भुगतान डॉलर के बजाय रुपये में करने की व्यवस्था शुरू की है और इस दिशा में रिजर्व बैंक ने भी जरूरी कदम उठाए हैं. इस दिशा में भारत ने जुलाई में यूएई के साथ रुपये में भुगतान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद का भुगतान भारतीय रुपये में किया है. इसके अलावा रूस से आयात किए गए कच्चे तेल के कुछ हिस्से का भी भुगतान रुपये में किया गया है. एक अधिकारी ने कहा, हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि तेल खरीद का भुगतान रुपये में करने से लागत न बढ़े और इसका व्यापार पर किसी भी तरह से नुकसान न पड़े. उन्होंने कहा, जहां रकम अधिक नहीं है वहां रुपये में सौदा निपटान में ज्यादा समस्या नहीं होती है. लेकिन जब कच्चे तेल का हरेक जहाज लाखों डॉलर की कीमत का हो तो समस्याएं होती हैं.

भारत व्यापक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए स्थिति से निपट रहा है. अधिकारी ने कहा कि रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से डॉलर की मांग कम करने में मदद मिलेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्विक मौद्रिक झटकों का कम असर होगा. पिछले सप्ताह संसद में पेश संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रुपये में कच्चे तेल का भुगतान लेने की दिशा में प्रगति अच्छी नहीं है.

## कृषि निर्यात वैश्विक कीमतों को लेकर संवेदनशीलः रिपोर्ट

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

देश के कृषि निर्यात में चावल और चीनी समेत पांच जिंसों की ही प्रमुखता होने से यह क्षेत्र वैश्विक कीमतों एवं मांग में किसी भी उतार-चढ़ाव को लेकर संवेदनशील है. आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने एक रिपोर्ट में यह कहा है. ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि बासमती चावल, गैर-बासमती चावल, चीनी, मसाले और तेल खली की भारत के कुल कृषि निर्यात में सम्मिलित रूप से 51.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है. इसके अलावा घरेलू स्तर पर भारत को ढांचागत खामियों, गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े मुद्दों और गैर-शुल्क बाधाओं का भी सामना करना पड़ता है. ये सभी भारतीय कृषि क्षेत्र की वृद्धि और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं. रिपोर्ट कहती है, इस स्थिति में कृषि निर्यात वैश्विक जिंस कीमतों और मांग में होने वाली किसी भी उठापटक से प्रभावित हो सकता है. इसके अलावा समय-समय पर इन प्रमुख कृषि जिंसों के निर्यात पर अलग-अलग कारणों से बंदिशें भी लगती रहती हैं. इससे उनकी वैश्विक पहुंच और मांग पर असर पड़ता है. भारत ने फिलहाल घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाई हुई है. इसके अलावा चावल और गेहूं को सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली सब्सिडी का मुद्दा भी विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के पास विचाराधीन है.

## ब्रीफ खबरें

### सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या है: ठाकुर

**बेरमो ।** माकपा गोमिया लोकल कमेटी की बैठक मकपा नेता लखन महतो की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय स्वांग-गोमिया में हुई. बैठक में बीते दिनों संसद के भीतर 141 सांसदों के निलंबन की घोर निंदा की गई. बैठक में उपस्थित पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामचंद्र ठाकुर ने कहा लोकतंत्र के मंदिर में 141 सांसदों का निलंबन होना यह लोकतंत्र की हत्या है. उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसदों को जनता ने चुनकर संसद में भेजा है. उन्हें निलंबित कर देना गलत है.

### वृद्ध आश्रम में सुरभि शाखा ने बांटे स्वेटर

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए अपने सामाजिक कार्यों के तहत सोमवार को बाराद्वारी स्थित वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी लोगों के बीच स्वेटर, टोपी ओर मोजा का वितरण किया गया. स्वेटर पाकर सभी बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी. यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल की देखरेख में घाटशिला निवासी सांवरमल अग्रवाल के सौजन्य से संपन्न हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सुमन झाझरिया आदि का योगदान रहा.

### स्वामी स्वरूपानंद के जन्मोत्सव में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**आदित्यपुर।** स्वामी स्वरूपानंद परमहंसदेव जी के जन्मोत्सव में भक्तों का तांता लगा. पहले दिन के कार्यक्रम में आज अपराह्न 2 बजे से स्वामी जी के लिखे कविता की प्रतियोगिता, उनके संगीत तथा कीर्तन का कार्यक्रम हुआ. शाम 7 बजे विग्रह पर पुष्पांजलि अर्पण के बाद प्रसाद वितरण किया गया. आज के कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्त जन शामिल हुए. कल 26 दिसंबर को उनके जन्म दिन के उपलक्ष में प्रातः 6 बजे से काफी कार्यक्रम रखा गया है साथ हीं दोपहर 12 बजे से भोग वितरण का कार्यक्रम है.

### अवैध डिपो पर छापा 200 टन कोयला जब्त

**जरीडीह (बोकारो) ।** बोकारो जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र बाराडीह बलुआडीह में अवैध कोयला डिपो पर सोमवार को छापेमारी कर पुलिस ने करीब 200 अवैध कोयला जब्त किया. छापेमारी टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी अमित राय कर रहे थे. थाना प्रभारी ने बताया कि बलुआडीह गांव में अवैध कोयला डिपो के संचालन की उन्हें गुप्त सूचना मिली थी. पुलिस ने डिपो संचालक अमित सोरेन समेत अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 414, 34 और कोल माइंस एक्ट 30( ।।) के तहत मामला दर्ज कर कारवाई प्रारंभ कर दी है.

### वाजपेयी की जयंती पर किया गया रक्तदान

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी जी के 99वीं जयंती को समर्पित करते हुए पार्टी नेताओं ने सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया. जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में गोलमुरी अंतर्गत केबल वेलफेयर क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. बड़ी तादाद में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित रक्तदाताओं ने शिरकत की. इस दौरान कुल 497 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी भी शामिल हुए.

### क्रिसमस मानव प्रेम दिवस का प्रतीक है

**साहिबगंज।** सोमवार को शहर के बीचों बीच स्थित बिजली घाट रोड समीप कैथोलिक चर्च में धूमधाम से प्रभु येशु मसीह के जन्मदिन को लेकर विशेष प्रार्थना व आराधना किया गया. वहीं कई फादर एवं सिस्टम लोगों ने ईसा मसीह के बारे में बताए हुए मार्ग पर चलने का याद दिलाया. उनके जन्म दिवस पर उनकी कठिनाईयों और अच्छाइयों के बारे में लोगों को विस्तार से संबोधित किया. कैथोलिक चर्च बिजली घाट रोड में बरहरवा से आए फादर शुभम मरांडी ने लोगों को प्रभु ईसा मसीह के बारे में बताया.

### क्रिसमस पर लोगों ने किया सामूहिक नृत्य

**ललमटिया ।** क्रिसमस पर ललमटिया क्षेत्र एवं अगल बगल के इलाके में धूमधाम से त्योहार मनाया गया. सुबह से ही ईसाई धर्मावलंबी सभी चर्चों में पहुंचने लगे थे. क्षेत्र के ललमटिया के डकैता मिशन चर्च, बड़ा सिमडा चर्च, फुलवरिया मिशन चर्च व तेलगांमा चर्च सहित अन्य चर्चों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे. चर्च में फादर विलियन ने प्रभु यीशु के जन्म पर प्रकाश डाला. प्रार्थना सभा के बाद ललमटिया चर्च के प्रांगण में नृत्य संगीत में ईसाई समुदाय की महिलाएं और पुरुष मांदर के थाप पर झूमते नजर आए.

---

#### लोगों ने खंडोली पार्क और पहाड़ों में तफरीह का लिया आनंद, नौका विहार का भी उठाया लुत्फ

# क्रिसमस पर्व पर खंडोली में उमड़ी सैलानियों की भीड़

**संवाददाता । बेंगाबाद**



बड़ा दिन यानी क्रिसमस के अवसर पर गिरीडीह के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खंडोली में सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी. पूरा पर्यटन स्थल पर्यटकों की भीड़ से पटा रहा. सुबह से ही खंडोली में पिकनिक मनाने वालों और सैर सपाटा करने वालों का आगमन शुरू हो गया. शाम तक पर्यटक अपने परिवार वालों के साथ खंडोली में घूमने के साथ साथ पिकनिक का आनंद लेते रहें. इस दौरान लोगों ने खंडोली पार्क और पहाड़ों में तफरीह का आनंद लिया. साथ ही खंडोली के विशाल जलाशय में नौका विहार का लुत्फ उठाया. क्रिसमस के अवसर पर अन्य दिनों की अपेक्षा खंडोली में पर्यटकों की अप्रत्याशित भीड़ देखने को मिली. गिरीडीह के अलावे अन्य जिलों के सैलानी यहां पहुंचे और खंडोली की मनोरम वादियों का जम कर लुत्फ उठाया. वहीं खंडोली पर्यटन स्थल में सैलानियों को सुरक्षित माहौल देने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखी. सैलानियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किये गए हैं. पर्यटन स्थल में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है. क्रिसमस के मौके पर सोमवार 25 दिसंबर को जिला के एसपी दीपक कुमार शर्मा खुद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नज़र आये.

**सैलानियों को भयमुक्त माहौल देना प्राथमिकताः एसपी**

मौके पर एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि सैलानी भयमुक्त माहौल देना पुलिस प्रशासन की जिमेदारी है. इसी उद्देश्य के साथ खंडोली में पुलिस चौकी खोला गया है. किसी प्रकार की समस्या होने पर पर्यटक खंडोली पुलिस चौकी में फौरन सूचना दें. उन्होंने कहा कि पिकनिक के मौसम में जवानों को पर्यटन स्थल में घूमते रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि लोग अपने परिवार के बच्चों और महिलाओं के साथ सुरक्षित माहौल में सैर सपाटे का आनंद उठा सकें. एसपी ने कहा कि खंडोली पुलिस चौकी को ओपी बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है. फिलहाल चौकी में महिला बल समेत आई आर बी के 15 जवानों को तैनात किया गया है. मौके पर एसपी ने कहा कि पर्यटन स्थल में शराबियों और असामाजिक तत्वो पर नजर रखने की कड़ी हिदायत दी गई है.

## सामान्य ज्ञान

आओ जानें

- अमेरिका ने कौन–सा राज्य 1867 में रूस से खरीदा था – अलास्का
- नाथुला दर्रा किस राज्य में स्थित है – सिक्किम
- अरब सागर की रानी किस नगर को कहा जाता है – कोचीन
- अफ्रीका के किस अश्वेत राष्ट्र को सर्वप्रथम स्वाधीनता मिली – घाना
- होपमैन कप किस खेल से संबंधित है – टेनिस
- अकबर का जन्म कहां हुआ था – अमरकोट
- यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहां है – ब्रुसेल्स
- कटक किस नदी पर बसा है – महानदी
- कत्था बनाने में किस पेड़ की लकड़ी का प्रयोग होता है – खैर
- इजराइल की संसद को क्या कहा जाता है – नेसेट

---

#### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर एस टाइप में हुआ कवि सम्मेलन

# आज के वैश्विक दौर में सुशासन ही ऊर्जा का स्रोत है : अर्जुन मुंडा

**संजीव मेहता । आदित्यपुर**



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सोमवार को एस टाइप दुर्गा पूजा मैदान में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ. जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव, उप मेयर अमित सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए. केंद्रीय मंत्री का ढोल नगाडो के साथ अगुआंनी कर मंच तक लाया गया. कार्यक्रम में विनोद सिंह, सुनील श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष विजय महतो, महामंत्री राकेश सिंह, पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली, रमेश हांसदा, शकुंतला महाली, रितिका मुखी, सारथी महतो मंचासीन रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और बीएचयू के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुआ. मंच का संचालन सिंहभूम लोकसभा प्रभारी उदय सिंहदेव ने किया.

**सुशासन दिवस कई चीजों को संग्रहित कर देता है संदेश :** अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती व महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर पूरा देश सुशासन दिवस मना रहा है. सरायकेला खरसावां जिला इस आयोजन को बेहतर तरीके से किया जिसके लिए साधुवाद है. यह कार्यक्रम वास्तविक रूप से सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्र में काम कर रहे राष्ट्र भक्तों के लिए है. एक सामान्य नागरिक को देखकर आकलन कर सकते हैं कि सुशासन कितनी सटीक है, लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ सफल हो रहा है या नहीं. यह दिवस कई चीजों को संग्रहित करते हुए एक संदेश देता है. आज दो-दो भारत रत्न की जयंती है, जो दुनिया के लिए उदाहरण बने है कि देश की जनता को सामान्य रूप से कैसे देखा जा सके. दोनों ने निष्पक्ष और समरसता के साथ इसे प्रस्तुत किया. दोनों ने देश को झंझावातों से बचाया.

**जनता के पास पाई-पाई का हिसाब लेने का अधिकार**

देश की जनता के पास पाई पाई का हिसाब लेने का अधिकार है. यही सुशासन है. हम 2047 तक विकसित भारत की सपना देखें हैं. जिसकी शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की धरती उलिहातू से हो चुकी है. कार्यक्रम को रांची ग्रामीण के प्रभारी विनोद सिंह ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम के अंत में शहर के लब्ध प्रतिष्ठित कवियों ने अटल जी की कविताओं के साथ अपनी रचना सुनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया. कार्यक्रम में उद्यमी रूपेश कतरियार, मनोज कुमार, मनोज सिंह, रतन महतो, राकेश मिश्रा, पार्षद रंजन सिंह, बरजो राम हांसदा, निरंजन मिश्रा, ललन तिवारी, संजय शर्मा, अवधेश्वर ठाकुर, जगदीश मंडल, गणेश कालिंदी, गुरजीत सिंह, शीला पॉल, मोंटी सेनगुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष रश्मि साहू पूरी टीम के साथ मौजूद रहीं.

**पीएम मोदी सुशासन की व्यवस्था बनाए हुए हैं**

केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि आज के वैश्विक दौर में सुशासन ही हमारे ऊर्जा के स्रोत हैं. सुशासन आधारित व्यवस्था का निर्माण कैसे हो इसकी हमें चिंतन करनी चाहिए. आज तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी नक्शे कदम पर चलकर सुशासन की व्यवस्था बनाये हुए हैं. उन्होंने अपनी व्यवस्था से जनता को सहज लाभ देने के लिए व्यवस्था बनाई है, जिसे विश्व भी लोहा मान रही है. भारत को संपूर्णता में देखने की प्रवृत्ति हर स्तर पर होनी चाहिए. जिसे देखते हुए कार्य को गति देने की प्रक्रिया चल रही है.

### वनभोज को लेकर पर्यटकों से गुलजार रहा पर्यटन स्थल

**घाटशिला ।** प्रखंड के पर्यटन स्थल सोमवार को पर्यटकों से गुलजार रहा. खासकर बुरुडीह डैम, स्वर्णरेखा नदी मऊभंडार, गालूडीह बराज डैम सहित अन्य पर्यटन स्थल पर वनभोज के लिए पश्चिम बंगाल, ओड़िशा झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से सैलानियों की भीड़ वनभोज के लिए पहुंची है. बुरुडीह डैम पर वनभोज मना रहे कुड़मी विकास संघ के नरेन महतो ने बताया कि वनभोज सह वार्षिक मिलन समारोह में समाज के महिला पुरुष व बच्चों के शामिल होने से समाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी. इससे आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है. मौके पर मुख्य रूप से योगेश्वर महतो, भवतारन महतो, कृपासिंधु महतो, दीप नारायण महतो सुशील महतो कंचन महतो पवित्र महतो सहित समाज के अन्य लोगों उपस्थित थे.

### वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**चक्रधरपुर।** वीर शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती सोमवार को चक्रधरपुर के विभिन्न जगहों पर मनाई गई.इस अवसर पर शहर के राखा आसनतलिया स्थित शहीद निर्मल महतो कुड़मी भवन में उपस्थित होकर लोगों ने निर्मल महतो की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी. मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने निर्मल महतो को झारखंड आंदोलन का एक अग्रणी नेता एवं पथ प्रदर्शक बताया एवं युवाओं को उनके जैसा साहसी एवं निडर बनने का संदेश दिया. वहीं समाजसेवी बलराज हिंदवार ने कहा कि झारखंड राज्य तो हमें मिल गया है, लेकिन अभी भी निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना बाकी है. उन्होंने कहा की एक सुंदर झारखंड के निर्माण में सभी युवा प्रयासरत रहे.

## न्यूज अपडेट

### बीमार भाजपा नेता गंगा से मिलने उनके घर पहुंचे अर्जुन मुंडा



**आदित्यपुर।** केंद्रीय जनजातीय सह कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार की शाम आदित्यपुर दौरे के दौरान भाजपा के पूर्व नेता गंगा शर्मा के आवास पर आकर उनके स्वस्थ की जानकारी ली एवं हालचाल जाना. बता दें कि कुछ दिन पूर्व उन्हें अकस्मात अटैक आया था. उनके साथ रांची ग्रामीण के प्रभारी विनोद सिंह, सरायकेला जिला अध्यक्ष विजय महतो, गणेश महाली, पीएम विश्वकर्मा योजना के सरायकेला विधानसभा संयोजक संजय शर्मा, निवर्तमान उपमेयर बॉबी सिंह, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, देवेश महापात्रा, निरु सिंह, कुमुद रंजन साथ ही सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### बाउंड्री से मां नगर मंदिर की पेंटिंग विलोपित की गयी

**लातेहार।** प्रसिद्ध मां नगर मंदिर के सेवायत मुंतजिमकार गोविंद बल्लभ मिश्र की मांग पर नगर पंचायत ने समाहरणालय की चहारदिवारी से मां नगर भगवती मंदिर की पेंटिंग को विलोपित कर दिया है. श्री मिश्र ने पेंटिंग मिटाने की मांग को ले कर नगर पंचायत को एक पत्र लिखा था. उन्होने अपने पत्र में कहा था कि प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर समेत लातेहार के अन्य दर्शनीय स्थलों की जानकारी के लिए समाहरणालय की चहारदीवारी पर पेंटिंग बनायी गयी है. लेकिन यह चित्र गलत जगह पर बनाया गया है.

### शहीद निर्मल महतो के बलिदान से बना झारखंड : काशिफ

**जमशेदपुर।** आजाद समाज पार्टी ने साकची स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को झारखंड निर्माता शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई. पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को याद किया. इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कासिफ रजा ने कहा कि शहीद निर्मल महतो के बलिदान से झारखंड बना है उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. हरियाणा से आए राजनीतिक विशेषज्ञ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय नेता सरदार मनोज सिंह दुहन ने कहा कि शहीद निर्मल महतो को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब हम उनके सपनों का झारखंड बनाएंगे. यहां के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुसलमान, सिख, ईसाई और समस्त शोषित वंचितों को उनका हक अधिकार मिलेगा. सबको आगे बढ़ने का बराबर का अवसर मिलेगा और झारखंड के युवाओं को रोजगार मिलेगा और उनका पलायन बंद होगा.

### हेमंत सरकार में जो विकास हुआ, भाजपा नहीं कर सकती : चंपई



**जमशेदपुर ।** कदमा उलियान में सोमवार को शहीद निर्मल महतो के 73वें जयंती पर आयोजित होने वाला समारोह किसी कारणों से रद्द कर दिया गया. समाधि स्थल में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर मंत्री चंपई सोरेन ने इसकी घोषणा की. हालांकि इसकी पूर्व सूचना नहीं होने के कारण काफी संख्या में लोग सभा स्थल में पहुंच गए थे. अचानक कार्यक्रम रद्द कर देने की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में निराशा दिखाई दी. कई कार्यकर्ता दूर दराज इलाके से वहां पहुंचे थे जो वापस लौट गए. मंत्री चंपई सोरेन ने बताया कि मुख्यमंत्री के व्यस्त रहने के कारण कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा है. इस दौरान उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में जो विकास कार्य हुआ है वह भाजपा कभी नहीं कर सकती.

---

# निजी सिक्योरिटी गार्ड का शोषण चरम पर : नारायण



**संवाददाता । आदित्यपुर**

औद्योगिक इकाइयों, वाणिज्यिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों पर कार्यरत निजी सिक्योरिटी एजेंसी गार्ड का शोषण चरम सीमा पर है. इसके लिए एक तरफ जहां एजेंसी जिम्मेवार है, वही नियोक्ता भी कम जिम्मेवार नहीं है. उक्त बातें संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रभारी पूर्वी सिंहभूम पुरेंद्र नारायण सिंह ने कही. उन्होंने कहा कि 90% निजी सुरक्षा एजेंसी अपने सुरक्षा कर्मियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं देती है. उलटे 8 घंटा के बदले 12 घंटे काम लेती है. नौकरी से हटाए जाने और कोई दूसरे एजेंसी में काम नहीं मिलने के डर से निजी सुरक्षा गार्ड शिकायत नहीं कर पाते हैं. अगर कोई निजी सुरक्षा गार्ड न्यूनतम मजदूरी की शिकायत करता है, तो ज्यादातर मामलों में श्रम विभाग के पदाधिकारी एजेंसी मालिकों एवं नियोक्ताओं से मिलकर कानूनी दाव पेंच का चक्कर लगवाकर शिकायतकर्ता को समझौते के लिए मजबूर कर देते हैं. उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी नहीं दिए जाने के मामले में निजी सुरक्षा एजेंसियों से ज्यादा ज्यादातर मामलों में नियोक्ता जिम्मेवार है.

#### दलित परिवार के इलाज वाली खबर पर किसी ने नहीं लिया संज्ञान

# ब्रह्मजीत से मिले खान, की आर्थिक मदद

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

**संवाददाता । गढ़वा**



शुभम संदेश अखबार की खबर का असर एक बार फिर गढ़वा में देखने को मिला. एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एम एन खान रंका पहुंच कर ब्रह्मजीत भुइयां व उनके परिवार वालों से मुलाकात की. तत्काल आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया. वहीं, ब्रह्मजीत भुइयां की समुचित इलाज कराने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर डॉ एम एन खान ने कहा कि रंका प्रखंड स्थित रंका थाना मोड़ निवासी ब्रह्मजीत भुइयां छह माह पहले मकान छाने के क्रम में कंडी टूटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था.

सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स में रेफर कर दिया गया था. लेकिन, इनका समुचित इलाज नहीं हो पाया. बह्मजीत भुइयां की पत्नी अपने पति के इलाज के लिए कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पास मदद मांगने गई. लेकिन किसी ने उसका सहयोग करने का काम नहीं किया. उन्होंने कहा कि सुभम संदेश अखबार में छपी खबर के बाद उन्हें ब्रह्मजीत भुइयां की स्थिति के बारे में पता चला तो वे उनके घर पहुंच कर ब्रह्मजीत भुइयां को तत्काल आर्थिक मदद किया. डॉ एमएन खान ने कहा कि गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को जनता से कोई लेना देना नहीं है.

**पूरी जांच कर उचित व्यवस्था करें: डीसी**

वहीं, इस खबर पर गढ़वा उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रंका देवानन्द राम को फटकार लगाया है और आदेश दिया है कि जितना जल्द हो सके ब्रह्मजीत भुइयां को समुचित सरकारी लाभ एवं इलाज की व्यवस्था करें. उपायुक्त ने भी अंचल अधिकारी रंका शिवपूजन तिवारी को आदेश दिया है कि उसकी माली हालत क्या है. इस पर जांचकर उचित व्यवस्था करें.

---

#### मीटिंग | सिहोडी सामुदायिक भवन में उसरी नदी बचाओ अभियान के सदस्यों की हुई बैठक

# उसरी को बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा : राजेश सिन्हा

**संवाददाता । गिरिडीह**



सिहोडी सामुदायिक भवन में सोमवार को उसरी नदी बचाओ अभियान के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता बीके सिंह ने की. वहीं संचालन राजेश सिन्हा ने की. बैठक में 25 सदस्यों की कोर कमेटी का गठन किया गया. विचार विमर्श के बाद कोर कमेटी को 51 सदस्यों की बनाई जाएगी. बैठक को संबोधित करते हुए राजेश ने कहा कि उसरी को किसी हाल में बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा. इसे हर हाल में बचाना है. वहीं बैठक में 25 सदस्यों की कोर कमेटी का गठन किया गया. जिसमें राजेश सिन्हा,विनय कुमार सिंह, कृष्णमुरारी शर्मा, राम जी यादव, सोमनाथ केशरी, आलोक रंजन, कुसुम सिन्हा, सीमा देवी, प्रभाकर कुमार, रमेश यादव, महेश अमन, मुकेश चंद्रवंशी, बबलू सानू, अशोक राम, धर्मेंद्र यादव, मुर्शिद मिर्जा, सूरज नयन, आलोक मिश्रा, पवन यादव, अरविंद कुमार, गुड्डू सिंह, बासुदेव राम चंद्रवंशी, डॉक्टर शशि भूषण प्रसाद, रंजय कुमार बर्दियार, विकास सिन्हा को रखा गया है. बताया कि भविष्य में यह 51 की संख्या तक भी होगी. काम काज को देखते हुए संख्या घट बढ़ भी सकती है.

बैठक को संबोधित करते हुए राजेश सिन्हा ने कहा कि उसरी को किसी हाल में बर्बाद नहीं होने देंगे. इसके लिए आम और खास जनता को जोड़ रहे हैं. ताकि भविष्य में बड़ा आंदोलन भी करना पड़े तो पीछे नहीं हटेंगे. सिन्हा ने कहा कि सदर विधायक और सीसीएल जीएम की पहल सराहनीय है. बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीके सिंह ने कहा कि लगातार लगे हैं. आगे भी संघर्ष जारी रहेगा. कई विभाग से पत्राचार किया गया था किंतु जब किसी ने ध्यान नहीं दिया तो सभी ने मिलकर उसरी बचाओ अभियान के बैनर तले आंदोलन का निर्णय लिया. कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि उसरी के तट पर जाकर कमेटी का निर्माण कराया जाएगा. लोगों को जागरूक किया जाएगा. राम जी यादव ने कहा कि संघर्ष जारी है. आशा है कि सरकार तत्काल संज्ञान में रख कर काम शुरू भी कर दें. काम में तेजी हुई है. सीसीएल जीएम और सदर विधायक ने अपनी अपनी भूमिका शुरु कर दी है.

वहीं उसरी बचाव अभियान समिति की मांग है कि छिलका डैम जल्द बने. उसरी में गंदा पानी वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के जरिए जल्द ठीक हो. उसरी में बालू का उठाव टेंडर वाले जगह से हो.

**विचार-विमर्श**

- बैठक में 25 सदस्यों की कमेटी हुई गठित
- कोर कमेटी 51 सदस्यों की हो जाएगी

## पेज एक का शेष...

**57 ट्रक कोयला जब्त...**

पूरी छापेमारी में पांच चालक एवं एक खलासी की गिरफ्तारी हुई है. छापेमारी दल में डीटीओ राजेश कुमार, एसडीएम उदय रजक, खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली, मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार एवं निरसा, गोविंदपुर, बाघमारा के अंचलाधिकारी शामिल थे.

**जिला प्रशासन आज से करेगा अवैध मुहानों की डोजरिंग :** इस बीच, कोयले के अवैध कारोबार पर बुधवार से जिला प्रशासन की ओर से बुल्डोजर चलाया जाएगा. जिला प्रशासन कोयले की निकासी के लिए बने अवैध मुहानों की डोजरिंग कराएगा. सूत्रों के अनुसार महुदा के नगदा, भाटडीह, मुरलीडीह आदि क्षेत्रों में जितने भी कोयला निकासी के अवैध मुहाने हैं, उनकी डोजरिंग कराई जाएगी. बता दें कि इन मुहानों को पुनः खोलने की कोशिश करने पर इलाके के कुछ चिन्हित लोगों पर एफआईआर दर्ज कराएगी. कोयले के अवैध कारोबार पर जिला प्रशासन की दबिश लगातार जारी रहेगी.

**लापता बच्चा सकुशल बरामद...**

अब पुलिस तहकीकात कर रही है कि आखिर किस आधार पर उक्त दंपति ने इन लोगों से संपर्क साधा और इसका सूत्रधार कौन है. सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने सोमवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति करीना देवी का पहचान करने के बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में करीना देवी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि ज्योति रानी, उसका पति कन्हैया कुमार पासवान और नूतन देवी ने मिल कर बच्चे को चुराने के बाद कोडरमा में गीता देवी पति- रोहित रविदास के पास 2 लाख 95 हजार रुपये में बेच दिया था. उसने यह भी बताया गया कि ज्योति और कन्हैया कुमार पासवान अभी छत्तीसगढ़ गए हैं. रविवार को रांची रेलवे स्टेशन आएंगे. सूचना के आधार पर रांची रेलवे स्टेशन के आसपास होटलों में छापेमारी की गई. इस क्रम में मीरा होटल से दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया.

**19 दिसंबर को घर से लापता हुआ था बच्चाः** हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत ओकनी सांई मंदिर के पास से बीते 19 दिसंबर की दोपहर 4 साल का बच्चा पप्लू कुमार घर से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था. इस संबंध में घरवालों ने लोहसिंघना थाना में बच्चे की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था. बच्चा नहीं मिलने पर तीन दिन पहले माता-पिता और समाज के लोगों ने झंडा चौक को घंटे जाम कर दिया था. उस दौरान प्रशासन ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त भी किया था कि इस पूरे मामले में की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है और बहुत जल्द बच्चा बरामद कर लिया जाएगा. लेकिन परिजन इस बात को लेकर अड़े हुए थे कि जल्द से जल्द बच्चा उन्हें सकुशल वापस किया जाए. इस बीच आठ दिनों की तफ्तीश के बाद तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने लापता पप्लू को सकुशल बरामद कर लिया.

**इन लोगों को किया गया गिरफ्तारः** बच्चा चोरी के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों में हजारीबाग जिले के लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर रोड काली मंदिर के पास रहने वाली करीना देवी (19) व शिवपुरी अनवर एकराम गली निवासी नूतन देवी (45), रांची जिला अंतर्गत न्यू पुंदाग निवासी कन्हैया कुमार पासवान (38) और उसकी पत्नी ज्योति रानी (37), कोडरमा जिला अंतर्गत तिलैया थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी मुहल्ला निवासी रोहित रविदास (42) और उसकी पत्नी गीता देवी (38) शामिल है.



### मैनचेस्टर की सफलता को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से रैटक्लिफ 300 मिलियन डॉलर निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं

# जिम रैटक्लिफ ने मैनचेस्टर यूनाइटेड में 25% हिस्सेदारी खरीदी

भाषा। नयी दिल्ली

पिछले कुछ दिनों से इंग्लैंड के प्रीमियर लीग के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड में कुछ हिस्सेदारी की नीलामी चल रही थी. कई ग्रुप ने इस दिग्गज फुटबॉल क्लब में हिस्सेदारी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी. आखिर में ब्रिटिश अरबपति जिम रैटक्लिफ इसमें सफल रहे. रैटक्लिफ ने मैनचेस्टर यूनाइटेड में 25% हिस्सेदारी हासिल कर ली है, जिसका मूल्य ऋण सहित $6.3 बिलियन है. क्लब की सफलता को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से $300 मिलियन के निवेश के लिए प्रतिबद्ध है. रविवार को

**करेंगे धमाल**

- 25% हिस्सेदारी का मूल्य डॉलर 6.3 बिलियन है
- एलेक्स के हटने के बाद से टीम का प्रदर्शन गिरा था
- मैनचेस्टर के कार्यकारी अध्यक्ष हैं अवराम ग्लेजर

घोषित किए गए लेन-देन में रैटक्लिफ का आईएनईओएस (ईनोस) समूह इंग्लिश प्रीमियर लीग टीम में फुटबॉल संचालन का प्रबंधन ग्रहण करेगा. यह खरीद 2005 से क्लब के बहुसंख्यक मालिकों, ग्लेज़र परिवार द्वारा, क्लब के लिए रणनीतिक विकल्पों का पता लगाने के लिए नवंबर 2022 में अपनी मंशा व्यक्त करने के बाद हुई है. 2013 में दिग्गज मैनेजर एलेक्स फर्ग्यूसन की सेवानिवृत्ति के बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट को लेकर ग्लेज़र्स को प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ा है.

मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्व-घोषित आजीवन प्रशंसक रैटक्लिफ ने सौदे के बारे में कहा कि एक स्थानीय लड़के और क्लब के आजीवन समर्थक के रूप में, मुझे बहुत खुशी है कि हम मैनचेस्टर यूनाइटेड बोर्ड के साथ एक समझौते पर सहमत हो पाए हैं, जो हमें क्लब के फुटबॉल संचालन की प्रबंधन जिम्मेदारी सौंपता है. रैटक्लिफ का लक्ष्य क्लब के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए ईनोस स्पोर्ट से विशेषज्ञता लाकर क्लब की क्षमता को अनलॉक करना है. जिसके बारे में उनका मानना है कि हाल के वर्षों में इसे पूरी तरह से साकार नहीं किया गया है. बता दें कि ईनोस एक रासायनिक कंपनी है. इसने खेल में विस्तार किया है. इसके पास फ्रेंच क्लब नीस और स्विस क्लब एफसी लुसाने-स्पोर्ट शामिल है. समूह ग्रेनेडियर्स साइकिलिंग टीम का भी समर्थन करता है. रैटक्लिफ के निवेश के साथ, मैनचेस्टर यूनाइटेड को उच्च प्रदर्शन वाले खेलों में ईनोस के व्यापक अनुभव का लाभ मिलना तय है. सौदे की शर्तों में बंद होने पर $200 मिलियन का प्रारंभिक भुगतान शामिल है और 2024 के अंत तक अतिरिक्त $100 मिलियन का पालन करना है. यह कतर के शेख जसीम बिन हमद अल थानी द्वारा क्लब के लिए $6 बिलियन की पेशकश वापस लेने के बाद आता है. मैनचेस्टर यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष, अवराम ग्लेज़र और जोएल ग्लेज़र ने रैटक्लिफ और ईनोस के वाणिज्यिक जानकार और वित्तीय समर्थन का स्वागत किया.

बताया जाता है कि हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण निवेश के बावजूद, मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपने अतीत के गौरव की ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए संघर्ष किया है, जिसमें फर्ग्यूसन के जाने के बाद से केवल कुछ ही घरेलू कप जीत और यूरोपा लीग का खिताब है. क्लब का शुद्ध ऋण भी विवाद का विषय रहा है, जो $600 मिलियन से ऊपर है. वर्तमान प्रबंधक एरिक टेन हैग के तहत, टीम प्रीमियर लीग में आठवें स्थान पर है, जो नेताओं से एक महत्वपूर्ण अंतर है. रैटक्लिफ की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के साथ, मैनचेस्टर यूनाइटेड को अंग्रेजी और वैश्विक फुटबॉल के शिखर पर बहाल करने के लिए इन चुनौतियों का समाधान करने की उम्मीद है.

## ब्रीफ खबरें

### ज्योति की निगाहें अब भारतीय टीम पर टिकीं

**नयी दिल्ली।** युवा फारवर्ड ज्योति छेत्री के लिए हाल का स्पेन दौरा अनुभव हासिल करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा. अब उनकी नजर अगले साल रांची में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाने पर है. उन्नीस वर्षीय ज्योति वेलेंसिया में खेले गए पांच देशों के टूर्नामेंट में भारतीय टीम का हिस्सा थी. इससे पहले वह जूनियर टीम का अहम हिस्सा रह चुकी है. इस साल महिला जूनियर एशिया कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. ज्योति ने कहा कि वेलेंसिया के दौरे से एक खिलाड़ी के रूप में मेरा आत्मविश्वास काफी बढा है.

### पीसीबी ने अराफात को कोच नियुक्त किया

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व ऑलराउंडर यासिर अराफात को न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम का 'हाई परफॉर्मेंस कोच' नियुक्त किया है. यासिर लंदन से लाहौर पहुंचेंगे और पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम में शामिल खिलाड़ियों के साथ न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे. जहां 12 जनवरी से पांच मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी. पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने पहले ही न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. इस श्रृंखला को अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है.

### पीएचएफ को निलंबित कर सकता है एफआईएच

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) निलंबित कर सकता है क्योंकि कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर द्वारा पीएचएफ के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को उनके पूर्ववर्ती खालिद सज्जाद खोकर ने चुनौती दी है. खोकर 2015 से पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हैं. उन्होंने कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को चुनौती देंगे. खोकर ने कहा कि मैं अदालत की शरण में जाऊंगा और जब तक यह असंवैधानिक और गैर कानूनी फैसला नहीं बदला जाता.

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली मैचों के लिए टीम का ऐलान

# भारतीय महिला टीम तैयार

भाषा। नयी दिल्ली

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली टी20 सीरीज़ के लिए उसी टीम का चयन किया है, जो इस महीने के शुरुआत में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ खेली थी. हालांकि भारत ने अपने वनडे टीम में कुछ अहम बदलाव किए हैं. जुलाई में बांग्लादेश के ख़िलाफ़ खेली गई वनडे सीरीज़ के दौरान, जिस टीम का चयन किया गया था, उसमें लगभग आठ बदलाव किए गए हैं. 28 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ शुरू होने वाली इस वनडे सीरीज़ के लिए ऋचा घोष, साइका इशाक़, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, रेणुका ठाकुर और तिताश साधु को टीम में जगह दी गई है. जाहिर है भारतीय महिला टीम का आत्मविश्वास अभी सातवें आसमान पर है. उन्होंने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों टीमों को टेस्ट हराया है. हालांकि अभी उन्हें लंबे प्रारूप से छोटे फ़ॉर्मेट की तरफ़ शिफ़्ट करना है.

इसमें वनडे टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष और तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर की वापसी हुई है. वनडे 28 दिसंबर से दो जनवरी के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे, जबकि टी20 मैच पांच से नौ जनवरी के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे. ऋचा घोष को इस जुलाई में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए नहीं चुना गया था. अब पांच महीने बाद उनकी वनडे टीम में वापसी हुई. ऋचा को वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है. वहीं, तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और तितास साधु और बाएं हाथ की स्पिनर साइका इशाक को भी टीम में शामिल किया गया है. श्रेयांका पाटिल, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में प्रभावी प्रदर्शन किया था, उन्हें पहली बार वनडे टीम में भी शामिल किया गया है.

वहीं स्मृति मांधना, दीप्ति शर्मा, शेफ़ाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्स, स्नेह राणा, पूजा वस्त्रकर उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो टी20 और वनडे दोनों टीमों में हैं. देखा जाय तो मौजूदा वनडे टीम उस टीम से ज़्यादा मज़बूत दिख रही है, जिन्होंने बांग्लादेश 1-1 से ड्रॉ कराई थी. ऋचा और रेणुका ने ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ खेले गए टेस्ट मैच में भाग लिया था. उस मैच में ऋचा ने काफ़ी अच्छा प्रदर्शन किया था. इसके अलावा श्रेयांका, इशाक़, मन्नत और तिताश भारतीय टीम के युवा चेहरे हैं. बांग्लादेश के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ में उमा क्षेत्री, प्रिया पुनिया, देविका वेद्य, अंजली सरवानी, बी अनुषा, मेघना सिंह, राशि कनौजिया और मोनिका पटेल भारतीय टीम में थीं, टी20 सीरीजी टीम में उन्हीं खिलाड़ियों को मौक़ा दिया गया है, जो दो टेस्ट मैचों से पहले इंग्लैंड के ख़िलाफ़ खेली सीरीज़ का हिस्सा थीं.



**ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ वनडे के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों की सूची**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), जेमिमाह रोड्रिग्स, शेफ़ाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, साइका इशाक़, रेणुका ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, स्नेह राणा, हरलीन देओल

**ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की सूची जारी**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), जेमिमाह रोड्रिग्स, शेफ़ाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, साइका इशाक़, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, कनिका अहूजा, मिन्नू मणि

**खिलाड़ी उत्साहित**

- 28 दिसंबर से शुरू होने वाली है वनडे की सीरीज
- विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष की टीम में वापसी हुई
- गेंदबाज रेणुका ठाकुर को टीम में शामिल किया गया

### फीफा ने सीबीएफ को दी निलंबित करने की धमकी

**रियो डी जेनेरियो।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफ़ा ने ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर उसकी फुटबॉल संस्था के हस्तक्षेप के कारण जनवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह उसकी राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है. फीफा ने ब्राज़ील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) को कहा कि अगर उसने एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नये अध्यक्ष का चयन करने के लिए चुनाव कराने में जल्दबाजी दिखाई तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- बुलफाइटिंग किस देश का राष्ट्रीय खेल है – स्पेन
- बृजमोहन बिड़ला मेमोरियल कप संबंधित है – पोलो
- पॉकेट डायनेमो के नाम से प्रसिद्ध खिलाड़ी – केडी जाधव
- पोलो भारत के किस राज्य में प्रचलित था – मणिपुर
- बेसबॉल टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं – 9
- टेबल टेनिस को के नाम से जाना जाता है – पिंग पोंग
- प्रत्येक फुटबॉल विश्व कप में खेलने वाला एकमात्र देश – ब्राजील
- ग्रेट डिले के नाम से जाने जानेवाले क्रिकेट अंपायर – डिकी बर्ड
- ग्रैंड स्लैम किताब जीतने वाले पहले भारतीय – महेश भूपति
- राहुल द्रविड़ का उपनाम क्या है – मिस्टर रिलायबल

# फुटबॉल टूर्नामेंट में 16 टीमें शामिल



संवाददाता। ललमटिया (गोड्डा)

बडा दिन के शुभ अवसर पर नवयुवक संघर्ष क्लब रोहडी नारायणपुर क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. रायडीह, ललमटिया,जेएनएमसी हुर्रासी, एफसी मारांडी बोआरीजोर, एफसी नारायणपुर, एएससी हाट डुमरिया, सीबी गोपालपुर बरहेट, सीबी गोपालपुर बारहेट, एसएस गोराडीह, किसकू रपाज, बीवायएफसी अमरा तुलसीपुर, एफसी फुलवरिया, एफसी जवान टीम, जेजेएससी लीलाहरीपुर, रोहडीनारायनपुर, जेएमडी हाहाजोर, एफसी मंडीहाट बारहेट समेत कूल सोलह टीमों ने भाग लिया. फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन पंचायत के मुखिया ललिता टुडू ने फीता काटकर किया. प्रतियोगिता के पहले दिन उद्घाटन का पहला मैच रायडीह व ललमटिया टीम के साथ खेला गया. जिसमें रायडीह टीम ने ललमटिया टीम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाया. जिसमें विजेता टीम को क्लब द्वारा फाइनल मैच के दौरान पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा. प्रतियोगिता के आयोजन में कमेंटेटर के रूप में तुषार सोरेन और मनोज हांसदा थे. प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम होंगे. क्लब के अध्यक्ष सोनालाल किस्कू ने बताया कि विजेता टीम को 70 हजार उपविजेता टीम को 50 हजार तृतीय स्थान टीम को 15 हजार तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 15 हजार नगद राशि देकर पुरस्कार किया जाएगा. प्रतियोगिता के आयोजन में अध्यक्ष सोना लाल किसके, मनोज किस्कू, उपाध्यक्ष बेंजामिन बेसरा, उप सचिव नरिकुदिमुस सोरेन, मरीयानुस किस्कू, पुलिस हेंब्रम, भीमसेन मरांडी अहम भूमिका निभा रहे हैं.

# वाइपर्स ने नीवा का अनुबंध किया समाप्त

भाषा। कंपाला (युगांडा)

मौजूदा युगांडा प्रीमियर लीग चैंपियन वाइपर्स एससी ने अपने ब्राजीलियाई कोच लियोनार्डो मार्टिंस नीवा का अनुबंध समाप्त कर दिया है. नीवा के कार्यभार संभालने के केवल पांच महीने बाद क्लब ने रविवार को यह घोषणा की.

यह निर्णय वाइपर्स एससी द्वारा लीग लीडर बीयूएल जिंजा एफसी से 3-2 की घरेलू हार के दो दिन बाद आया. वाइपर्स एससी के एक बयान में कहा गया कि वाइपर्स स्पोर्ट्स क्लब अपने हितधारकों और जनता को सूचित करता है कि उसने आपसी सहमति से 23 दिसंबर को लियोनार्डो मार्टिंस नीवा के साथ अपने अनुबंधात्मक संबंध को समाप्त कर दिया है.



क्लब वेनोम्स परिवार में रहने के दौरान नीवा को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद देना चाहता है. जुलाई में अपने अनावरण समारोह के दौरान, दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले नीवा ने कहा कि वह वाइपर्स एससी के साथ और अधिक खिताब जीतने के लिए युगांडा में थे. नीवा इससे पहले उत्तरी अमेरिका, कैरेबियन, दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका के कई अन्य देशों के साथ बतौर कोच काम कर चुके हैं.

# कमिंस ने ख्वाजा के 'लोगो' लगाने का किया समर्थन

भाषा। मेलबर्न

आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने सोमवार को अपने साथी उस्मान ख्वाजा का समर्थन करते हुए कहा कि इस सलामी बल्लेबाज का गाजा में मानवीय दुर्दशा को सामने लाने का प्रयास 'आक्रामक नहीं' है. क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने ख्वाजा के पाकिस्तान के खिलाफ 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के दौरान अपने बल्ले और जूते पर जैतून के पेड़ की शाखा पकड़े काले 'डव' (कबूतर) का स्टिकर लगाने की मांग खारिज कर दी थी. कमिंस ने कहा कि उन्हें ख्वाजा के अपने बल्ले



और जूते पर 'डव लोगो' लगाकर मानवीय मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और साथी मार्नस लाबुशेन के धार्मिक व्यक्तिगत संदेश दर्शाने के लिए अपने बल्ले पर चील का लोगो लगाने में कोई अंतर नहीं दिखता. कमिंस ने एमसीजी पर होने वाले दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा कि हम वास्तव में उज्जी (उस्मान ख्वाजा) का समर्थन करते हैं. वह जिसमें विश्वास करता है, उसी पर अडिग है और मुझे लगता है कि उसने बहुत ही सम्मानजनक तरीके से यह प्रदर्शित किया है. उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने पिछले हफ्ते कहा कि 'सभी की जिंदगी समान है' में मुझे नहीं लगता कि यह बहुत आक्रामक संदेश है और मैं 'डव' के बारे में भी यही कहूंगा. पाकिस्तान के इस्लामाबाद में जन्में 37 साल के ख्वाजा का समर्थन करते हुए कमिंस ने कहा कि लेकिन निश्चित रूप से कुछ नियम बनाये हुए हैं और मुझे लगता है कि आईसीसी ने कह दिया है कि वे इसे मंजूर नहीं करेंगे. वे नियम बनाते हैं और आपको इसे स्वीकार करना होगा. आईसीसी ने पर्थ में आस्ट्रेलिया की पाकिस्तान पर 360 रन की जीत के दौरान ख्वाजा को काली पट्टी बांधने के लिए फटकार लगायी थी.

**चुनौतीपूर्ण**

### दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला जीतने के 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए उतरेगी भारतीय टीम

# रोहित शर्मा के नेतृत्व में सेंचुरियन में अब उतरेगी भारतीय टीम

भाषा। सेंचुरियन

वनडे विश्व कप के फाइनल में 36 दिन पहले मिली हार की निराशा को भुलाकर भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने के अपने 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला मंगलवार से शुरू होगी.

यह 1992 से लेकर अब तक भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट श्रृंखला होगी, लेकिन अभी तक वह इस देश में एक भी श्रृंखला नहीं जीत पाया. यही वजह है कि हमेशा की तरह वर्तमान श्रृंखला को भी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए 'अंतिम किला' कहा जा रहा है. लेकिन



सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है.

सेंचुरियन के विकेट से तेजी और असमान उछाल मिलती है जिससे मुकाबला कड़ा होने की संभावना है. वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी करने का मौका था लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के कारण वह विश्व विजेता कप्तान नहीं बन पाए. अब उनके पास दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का मौका है और वह इसे हाथ से नहीं जाने देंगे.

दक्षिण अफ्रीका में मोहम्मद अज़हरुद्दीन (1992), सचिन तेंदुलकर (1996) और सौरव गांगुली (2001) की कप्तानी में भारत को नाकामी हाथ लगी. राहुल द्रविड़ (2006-07), धोनी (2010-11 और 2013-14) और विराट कोहली (2018-19 और 2021-22) ने टेस्ट मैच जीते लेकिन कोई भी टीम श्रृंखला नहीं जीत पाई. भारत के कुछ स्टार क्रिकेटरों का यह दक्षिण अफ्रीका का अंतिम दौरा हो सकता है.

**होगा मुकाबला**

- दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला मंगलवार से शुरू होगी
- भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट श्रृंखला होगी
- मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की है संभावना

**टीम इस प्रकार है**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट).

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी ज़ोरज़ी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम.

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे साजिद

संवाददाता। कराची

पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर साजिद खान को टीम में रखने का फैसला किया है. पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने इस मैच के लिए 12 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है लेकिन सूत्रों के अनुसार साजिद का खेलना तय है.

उनके अलावा पाकिस्तान तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा जबकि सलमान अली आगा पांचवें गेंदबाज की भूमिका निभाएंगे. साजिद को अबरार अहमद के कवर के रूप में टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह पहले टेस्ट मैच में नहीं खेले थे. उन्होंने अब तक



पाकिस्तान की तरफ से तीन टेस्ट मैच में चार विकेट लिए हैं. दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीमः शान मसूद (कप्तान), इमाम उल हक, अब्दुल्ला शफीक, बाबर आजम, सऊद शकील, मुहम्मद रिजवान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, हसन अली, मीर हमजा, साजिद खान, आमेर जमाल.

## ब्रीफ खबरें

### बिंद्रा की सोसाइटी में पुलिस ने जांच की

**नोएडा।** पत्नी से मारपीट करने के मामले में रविवार को नोएडा पुलिस मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के सेक्टर-94 स्थित उनकी सोसाइटी के आवास पर पहुंची और घटना के संबंध में सोसाइटी के लोगों से कई अहम जानकारी ली. पुलिस ने उस जगह का भी निरीक्षण किया जहां का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था. बताया जाता है कि जांच के दौरान विवेक बिंद्रा वहां मौजूद नहीं थे. पुलिस ने बताया कि मामले में उन्हें बिंद्रा की पत्नी यानिका की चिकित्सकीय रिपोर्ट मिल गई है और अब उसके आधार पर जांच होगी.

### मप्र में 28 मंत्रियों ने ली शपथ दिलाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने सोमवार को राजभवन में एक समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल के 28 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. शपथ लेने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व सांसद राकेश सिंह और उदय प्रताप सिंह शामिल हैं. अधिकारी ने कहा कि 28 मंत्रियों में से 18 कैबिनेट रैंक के हैं, छह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं और चार राज्य मंत्री हैं.

### साइबर ठगों 84 लाख रुपये की ठगे

**नोएडा।** नोएडा में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति और उसके परिवार से 84 लाख रुपये की ठगी कर ली. पीड़ित ने घटना की शिकायत साइबर अपराध थाने में दर्ज कराई है. पुलिस ने यह जानकारी दी. साइबर अपराध थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सेक्टर 50 निवासी संजय शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया तथा निवेश का झांसा देकर उन्हें अपने जाल में फंसाया. शर्मा ने शिकायत में कहा कि आरोपियों ने निवेश के बाद मोटी रकम मुनाफे के रूप में देने का आश्वासन दिया था.

### रूसी परमाणु पोत सेवमोर्पुट में लगी आग

**मॉस्को।** रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि मरमंस्क के उत्तरी बंदरगाह में परमाणु ऊर्जा से चलने वाले एक कंटेनर जहाज और आइसब्रेकर में आग लग गई, हालांकि इस पर तुरंत काबू पा लिया गया. मंत्रालय ने 'टेलीग्राम' ऐप पर बयान में कहा कि आग रविवार देर रात सेवमोर्पुट जहाज के एक केबिन में लगी और लगभग 30 वर्ग मीटर क्षेत्र तक फैल गई. इसमें बताया गया कि शुरुआती जानकारी के करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ. बयान में यह खुलासा नहीं किया गया कि आग किस कारण लगी.

### हाफिज सईद की पार्टी ने उम्मीदवार उतारे

**लाहौर।** मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के एक नए राजनीतिक संगठन ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए अधिकांश राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं. आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का संस्थापक सईद प्रतिबंधित जमात-उद-दावा (जेयूडी) से जुड़े आतंकी वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से कुछ अन्य नेताओं के साथ 2019 से ही जेल में है. सईद ने पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीगनाम से राजनीतिक दल बनाया है.

## कोहरे के बीच स्वर्ण मंदिर



अमृतसर में कोहरे के बीच स्वर्ण मंदिर में पवित्र सरोवर की सफाई करते हुए एक सेवादार. फोटो : पीटीआई

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में मिला चेक

# 32 साल बाद मिल मजदूरों को 224 करोड़ रुपये मिले

इंदौर

आगामी लोकसभा चुनावों से पहले, विपक्ष द्वारा देश में जातिगत जनगणना की मांग तेज करने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि गरीब, युवा, महिलाएं और किसान उनके लिए सबसे बड़ी चार जातियां हैं. मोदी ने इंदौर में राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'मजदूरों के हित, मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस से शामिल होते हुए कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि मेरे लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी हैं. ये चार जातियां हैं- गरीब, युवा, महिलाएं और किसान. उन्होंने 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाई जाने वाली, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में, इंदौर में 32 साल पहले बंद हुई हुकुमचंद कपड़ा मिल के करीब 5,000 मजदूरों के 224 करोड़ रुपये के बकाया का बटन दबाकर सांकेतिक भुगतान किया. परिसमापक के जरिये इस मामले के कानूनी निराकरण के लिए राज्य सरकार ने पहल की.

**इंदौर को उसका पुराना औद्योगिक गौरव लौटाने का प्रयास :** प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है. प्रधानमंत्री ने इंदौर में कपड़ा उद्योग के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार इंदौर को उसका पुराना औद्योगिक गौरव लौटाने का प्रयास कर रही है जो पहले की सरकारों की गलत नीतियों के कारण धूमिल हो गया था. उन्होंने इंदौर-भोपाल निवेश गलियारा, इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक गलियारा, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और पीएम मित्र पार्क जैसी परियोजनाएं गिनाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के राज में इंदौर के आस-पास हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है. जिससे रोजगार के हजारों नये अवसर पैदा होंगे. मोदी ने इंदौर के पड़ोसी खरगोन जिले में 220 एकड़ जमीन पर 308 करोड़ रुपये की लागत वाले 60 मेगावॉट के सौर ऊर्जा संयंत्र के निर्माण की नींव भी रखी.

**खास बातें**

- वर्षों की तपस्या का फल श्रमिकों को मिला
- पीएम मोदी ने 224 करोड़ का चेक जारी किया
- दिसंबर 1991 में बंद हो गई थी हुकुमचंद मिल



### ईसाई समुदाय के साथ मेरा बहुत पुराना नाता : पीएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईसाई समुदाय के लोगों से मुलाकात की. इसके अलावा बच्चों ने क्रिसमस दिवस के मौके पर कार्यक्रम में हिस्सा लिया. जहां पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे. वहीं दूसरी तरफ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल कैथोलिक चर्च पहुंचे. यहां वह प्रर्थना में शामिल हुए. उन्होंने ईसा मसीह को मानवता के लिए प्रेरणास्रोत बताया. यह चर्च दिल्ली के गोल डाकखाना में स्थित है. पीएम आवास पर नरेंद्र मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईसाई समुदाय के साथ मेरा बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है. गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए मैं ईसाई समुदाय और उनके लीडर्स से अक्सर मिलता रहता था. पीएम मोदी ने आगे कहा कि सरकार के तौर पर हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि विकास का फायदा हर किसी तक पहुंचे और कोई इससे अछूता न रहे. ईसाई समुदाय के लोगों तक विशेषकर गरीब और वंचितों तक भी आज देश में हो रहे विकास का लाभ पहुंच रहा है. 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य साथ हम अपनी विकास यात्रा को तेज गति से आगे बढ़ा रहे हैं.

### महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना से संक्रमित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं. राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को यह जानकारी दी. पवार ने संवाददाताओं से कहा कि कोविड-19 से घबराने की जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा कि मेरे एक कैबिनेट सहयोगी - धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं. हालांकि, प्रशासन राज्य में सावधानी बरत रहा है और इसके प्रसार को रोकने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं. मुंडे के कार्यालय ने भी मंत्री के संक्रमित होने की पुष्टि की है. मंत्री के कार्यालय के एक कर्मचारी ने कहा कि वह नागपुर में आयोजित राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन (20 दिसंबर) संक्रमित पाए गए. उन्होंने कहा कि मंत्री 21 दिसंबर को घर गए, पृथकवास में रहे और चिकित्सकों द्वारा बताई गई दवा ली.

## आओ जानें

### सेवानिवृत्ति आयु पुरुष/जीवन प्रत्याशा

| | | | |
|---|---|---|---|
| डेनमार्क | 67 / 80.8 | ब्राज़ील : | 65 / 76.6 |
| ग्रीस | 67 / 82.8 | कनाडा : | 65 / 82.3 |
| आइसलैंड : | 67 / 82.9 | मेक्सिको : | 65 / 75.4 |
| इज़राइल : | 67 / 82.8 | फ्रांस : | 64 / 82.7 |
| इटली : | 67 / 83.4 | स्वीडन : | 62 / 82.7 |
| यूएसए : | 67 / 78.9 | वियतनाम : | 60.5 / 76.7 |
| ऑस्ट्रेलिया : | 66.5 / 83.9 | चीन : | 60 / 77.1 |
| स्पेन : | 66.17 / 83.4 | भारत : | 60 / 69.7 |
| यूके : | 66 / 81.4 | सऊदी अरब : | 60 / 75.7 |
| जर्मनी : | 65.83 / 81.2 | द. अफ्रीका : | 60 / 64.1 |
| ऑस्ट्रिया : | 65 / 81.6 | द. कोरिया : | 60 / 83.3 |

## केरल में कोविड के 128 नए मामले आए, एक की मौत

भाषा। तिरुवनंतपुरम

केरल में कोविड-19 128 नए मामले आए और पिछले 24 घंटे संक्रमण से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर सोमवार सुबह आठ बजे अद्यतन जानकारी के अनुसार केरल में 128 नए मामले आए हैं और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,128 हो गई है. राज्य में संक्रमण से एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है जिससे तीन साल पहले महामारी शुरू होने के बाद से संक्रमण से मारे गए लोगों की संख्या अब बढ़कर 72,064 हो गई है. संक्रमण की पुष्टि होने के बाद बीमारी से उबर चुके, अस्पताल से छुट्टी पा चुके या राज्य से जा चुके लोगों की संख्या 247 है. इसे मिला कर राज्य में संक्रमण से उबर चुके इस श्रेणी के लोगों की संख्या बढ़कर अब तक 68,38,529 हो चुकी है. मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य के लोगों को आश्वस्त किया कि केरल में कोविड-19 के मामले बढ़ने के बावजूद घबराने की कोई जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा कि अस्पतालों में इस संक्रामक रोग से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं.

**खास बातें**

- उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,128
- अस्पतालों में रोग से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम

### बीड में कोविड-19 के तीन नए मामले आए

महाराष्ट्र के बीड जिले में तीन लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और जिला स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को कोविड-19 संबंधी आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी है. अधिकारी ने कहा कि रविवार को तीन लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई. उन्होंने कहा कि हमने वायरस के जेएन.1 उपस्वरूप की जांच के लिए नमूनों को पुणे में जांच के लिए भेजा है. संक्रमित लोगों में से दो बीड तालुका से जबकि एक वडवानी से है. उन्होंने कहा कि मरीजों की स्थिति स्थिर है और वे गृह पृथक-वास में हैं.

## बृजभूषण के समर्थन में लगे होर्डिंग हटे

भाषा। गोंडा

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित किये जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के समर्थकों में निराशा छा गयी है और उनके समर्थन में लगाये गये 'दबदबा' वाले पोस्टर व होर्डिंग हटा दिये गये हैं.

'दबदबा' का दावा कर खुशियां मनाने वाले बृजभूषण के समर्थकों की आवाज उस समय कमजोर पड़ गई, जब खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित कर दिया और व्यवस्था संचालन के लिए इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन को नयी संस्था गठित करने का निर्देश दिया. सरकार के इस फैसले के बाद जगह-जगह लगाए गए 'दबदबा' वाले पोस्टर और होर्डिंग उतारे जाने लगे. चार पहिया वाहनों से भी स्टीकर हटा दिए गए हैं.

### 'दबदबा तो था, है और रहेगा'

डब्ल्यूएफआई के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे जिसमें बृजभूषण के विश्वासपात्र संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी. संजय सिंह 'बबलू' के निर्वाचन के बाद सांसद के खेमे में उल्लास का माहौल था. बृजभूषण शरण सिंह और उनके गोंडा सदर सीट से विधायक पुत्र प्रतीक भूषण शरण सिंह ने अपने समर्थकों के समक्ष स्वयं 'दबदबा तो था, है और रहेगा' का नारा बुलंद किया था.

### छह बार के सांसद हैं ब्रजभूषण सिंह

ब्रजभूषण छह बार के सांसद हैं और उनके बेटे प्रतीक भूषण सिंह गोंडा सदर से लगातार दूसरी बार भाजपा विधायक हैं. स्थानीय लोग इस मुद्दे पर बोलने में संयम बरत रहे हैं, लेकिन सिंह के समर्थक निराश दिखे. सिंह के इस दावे के बाद कि वह कुश्ती को अलविदा कह रहे हैं, पहलवान गोंडा और पड़ोसी अयोध्या के अखाड़ों में दैनिक अभ्यास से दूर रहे.

## नकारात्मक हालातों के लिए भाजपा ही जिम्मेदार : अखिलेश

भाषा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि देश में नकारात्मक हालात के लिए केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार ही ज़िम्मेदार है. सपा प्रमुख ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि एक चिंतनीय प्रश्न ये है कि भाजपा के राज में लोग देश छोड़कर जाने को क्यों मजबूर हो रहे हैं. अभी अवैध रूप से अमेरिका जाने के रास्ते में, जो 303 भारतीय फ्रांस में पकड़े गए हैं, उनमें से 96 लोग अकेले गुजरात के हैं. अगर गुजरात सही मायनों में विकास का मॉडल है तो फिर वहाँ के लोग बाहर जाने के लिए क्यों मजबूर हो रहे हैं? उन्होंने कहा कि ऐसी ख़बरों के आने से पूरी दुनिया में देश की छवि को दोहरा नुक़सान होता है.... एक तो यह कि देश में रोज़गार नहीं है और दूसरा यह कि हमारे देश के लोगों को विकसित देश अपना वीज़ा नहीं देना चाहते. इन नकारात्मक हालात के लिए भाजपा सरकार ही ज़िम्मेदार है.



## लोन माफी के लिए किसान चाहते हैं सूखा पड़े : मंत्री

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक के शर्करा और कृषि विपणन मंत्री शिवानंद पाटिल के उस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है जिसमें उन्होंने कहा कि किसान राज्य में बार-बार सूखा पड़ने की कामना करते हैं ताकि उनका कर्ज माफ हो जाए. विपक्ष ने सोमवार को इसे कृषक समुदाय का 'अपमान' बताया और उन्हें मंत्रालय से हटाने की मांग की.

मंत्री की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से उनका इस्तीफा लेने का आग्रह किया है. पाटिल ने सितंबर में अपने एक और बयान से विवाद खड़ा कर दिया था कि मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजा राशि दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने के बाद किसानों की आत्महत्या के मामले बढ़ने लगे हैं. रविवार को बेलगावी में एक कार्यक्रम में पाटिल ने कहा कि कृष्णा नदी का पानी मुफ्त है, धारा भी मुफ्त है. मुख्यमंत्री ने बीज और खाद भी दिया. किसान तो यही चाहेंगे कि बार-बार सूखा पड़े, क्योंकि उनका कर्ज माफ हो जायेगा.

### जब किसान संकट में होंगे तो सरकार उनकी मदद के लिए आएगी

राज्य सबसे खराब सूखे की मार झेल रहा है और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पहले ही मध्यम अवधि के ऋणों पर ब्याज माफ करने की घोषणा कर चुके हैं. इसे रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ (मुख्यमंत्रियों) ने स्वयं ऋण माफ कर दिया था, मुझे आपको यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि, चाहे सिद्धरमैया हो, कुमारस्वामी या येदियुरप्पा (मुख्यमंत्री के रूप में) ने अतीत में कृषि ऋण माफ किया है. उन्होंने कहा कि जब किसान संकट में होंगे तो सरकार उनकी मदद के लिए आएगी, लेकिन किसी भी सरकार के लिए हमेशा ऐसा करना मुश्किल है. उन्होंने कहा कि इन सभी पूर्वविचारों के साथ यदि हम आगे बढ़ते हैं, तो निश्चित रूप से हमारा भविष्य बहुत अच्छा होगा.

## छठी कक्षा उत्तीर्ण होकर दुखी हैं अफगानिस्तान में छात्राएं

भाषा। काबुल

साल भर पढ़ाई करने के बाद किसी कक्षा में उत्तीर्ण होना आमतौर पर छात्रों के लिए खुशी का सबब होता है लेकिन अफगानिस्तान में स्थिति इसके विपरीत है जहां तालिबान के दमनकारी शासन में रह रही छात्राएं छठी कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आगे नहीं पढ़ सकतीं. अफगानिस्तान की बहारा रुस्तम (13) काबुल स्थित बीबी रजिया स्कूल में 11 दिसंबर को आखिरी बार स्कूल गई. उसे पता है कि उसे अब आगे पढ़ने का अवसर नहीं दिया जाएगा. तालिबान के शासन में वह फिर से कक्षा में कदम नहीं रख पाएगी. दो दशक तक चले युद्ध के बाद अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के बलों के सितंबर 2021 में अफगानिस्तान से लौटने के एक महीने पश्चात तालिबान ने घोषणा की कि लड़कियों के छठी कक्षा से आगे पढ़ने पर प्रतिबंध होगा.

### भविष्य को लेकर चिंतित हैं छात्राएं

ओटुनबायेवा ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इन मदरसों में आधुनिक विषयों को पढ़ाया जाएगा या नहीं. बहारा ने कहा कि छठी कक्षा उत्तीर्ण करने का अर्थ होता है कि हम सातवीं कक्षा में पढ़ेंगे लेकिन हमारी सभी सहपाठी रोईं और हम बहुत निराश थे.

### सुशासन दिवस | योगी आदित्यनाथ ने फूल चढ़ाकर राजनीति के 'अजातशत्रु' को किया नमन

# अटल जी के विचार सुशासन की नींव हैं : आदित्यनाथ

भाषा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राज्य के कई प्रमुख नेताओं ने 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी के विचार सुशासन की नींव हैं, जो हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे.

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह अपने सहयोगियों के साथ 'लोकभवन' में वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे. लोक भवन प्रांगण में मुख्यमंत्री योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि अटल जी भारत की राजनीति के 'अजातशत्रु' थे और उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को उभारने के साथ देश के अंदर राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान स्थापित किया था. योगी ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा और सुशासन के जो नये प्रतिमान स्थापित किये हैं, उसकी आधारशिला अटल जी ने अपने शासनकाल में ही रख दी थी. मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समेत अन्य सरकारें वाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में मना रही हैं.



### भारत की आत्मा को झंकृत करने वाले जननेता अटल

योगी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि भारत की आत्मा को झंकृत करने वाले जननेता, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! अटलजी के विचार सुशासन की नींव हैं, जो हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे. सभी को 'सुशासन दिवस' की शुभकामनाएं. उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर अपने संदेश में वाजपेयी की एक कविता 'आओ फिर से दीया जलाएं,' साझा करते हुए कहा कि वैश्विक पटल पर देश को सशक्त पहचान दिलाने वाले प्रखर राजनेता, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, ओजस्वी वक्ता, हमारे प्रेरणा स्रोत, भारतीय जनता पार्टी के पितामह, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन! समस्त देश व प्रदेशवासियों को 'सुशासन दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं.

## प्रधानमंत्री मोदी का 2024 में कोई विकल्प नहीं : अजित पवार

ऊाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को दावा किया कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फिलहाल कोई विकल्प नहीं है. पवार ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा मोदी के नेतृत्व को चुनौती देने की योजना बनाए जाने के संबंध में पूछे गए पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फिलहाल कोई विकल्प नहीं है.

ऐसा निर्णय सिर्फ एक या दो चीजों के आधार पर नहीं बल्कि विभिन्न पहलुओं के आधार पर लिया जाता है. उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि आप लोग बहुत दुष्प्रचार करते हैं. पवार ने कहा कि लेकिन देश के हितों की रक्षा कौन करेगा, देश किसके हाथों में अधिक सुरक्षित एवं मजबूत रहेगा और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि किसने सुधारी, जैसे सवाल बहुत मायने रखते हैं. उन्होंने कहा कि हमने (हाल के विधानसभा चुनावों के) तीन राज्यों - छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में परिणाम भी देखे हैं. चुनाव से पहले अनुमान लगाने का मतलब यह नहीं है कि परिणाम समान होंगे.



### 290 बलूच कार्यकर्ता को पाकिस्तान में हुए रिहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी पुलिस ने सोमवार को 290 बलूच कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया, जिन्हें पिछले हफ्ते राजधानी इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार किया गया था. उनकी रिहाई, अधिकारियों को हिरासत में लिए गए सभी लोगों को रिहा करने की समय सीमा देने के कुछ दिनों बाद हुई. कार्यकर्ता उग्रवाद से प्रभावित दक्षिण पश्चिम प्रांत में जबरन गायब किए जाने और न्यायेतर हत्याओं का विरोध करने के लिए बृहस्पतिवार को बलूचिस्तान प्रांत के एक शहर तुरबत से 1,600 किलोमीटर की यात्रा कर यहां पहुंचे थे. प्रदर्शनकारियों में अधिकतर महिलाएं थीं और कुछ लोग अपने सात से 12 साल के बच्चों को भी साथ लाए थे. सुरक्षा बलों ने उन्हें तितर-बितर करने और गिरफ्तार करने के लिए उन पर लाठियां भांजीं और पानी की बौछार की.

16 जनवरी 2024 को सरयू की जलयात्रा के साथ अयोध्या में पूजा शुरू होगी

# पीएम करेंगे रामलला की पहली आरती




एजेंसी। अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी. इसकी तैयारी अंतिम चरण में है. जोर-शोर से काम पूरा किया जा रहा है. रात-दिन कारीगर काम पर लगे हुए हैं. प्राण-प्रतिष्ठा पूजा की शुरुआत 16 जनवरी को सरयू की जलयात्रा के साथ होगी. वहीं 17 जनवरी को गणेश पूजा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत होगी. 22 जनवरी को भगवान की मूर्ति स्थापित होगी और रामलला की पहली आरती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उतारेंगे. अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किए जाने वाल अतिथियों को लेकर बड़े दावे किए जा रहे हैं. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से 22 जनवरी को होने जा रहे रामलला के नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण पत्र भेजा जाना शुरू कर दिया गया है. इस कार्यक्रम में राजनीति से लेकर खेल, कला और अन्य विभिन्न क्षेत्र की शीर्ष हस्तियों को निमंत्रण भेजा गया है. लेकिन, राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों को इस कार्यक्रम से अलग रखने का निर्णय लिया गया है. प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आएंगे. इसके अलावा वीवीआईपी का भी आगमन होगा. इस स्थिति में राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उचित सम्मान देने में ट्रस्ट सफल नहीं हो पाएगा. समारोह के बाद राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों को रामलला मंदिर में दर्शन कराया जाएगा. प्रोटोकॉल के तहत यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में शामिल होंगे.

### करीब सात हजार लोगों को न्योता भेजा जा रहा

राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से देश भर के करीब सात हजार लोगों को न्योता भेजा जा रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सीएम योगी आदित्यनाथ वीवीआईपी लिस्ट में शामिल हैं. भाजपा के अलावा विपक्षी दल कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, एचडी देवेगौड़ा समेत अन्य नेताओं को न्यौता भेजा गया है. वहीं, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा और एक्टर्स अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, कंगना रानौत का भी लिस्ट में शामिल है. इनके अलावा देश भर से 4000 साधु- संतों को राम मंदिर उद्घाटन समारोह के लिए बुलावा भेजा जा रहा है.



- 17 जनवरी को गणेश पूजा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होगा
- 22 जनवरी को भगवान की मूर्ति स्थापित होगी
- यूपी के अलावा अन्य राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों को इस कार्यक्रम से अलग रखा जाएगा

### पहले तीन दिन बंद रहेंगे दर्शन

अयोध्या नगरी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के लिए पूरी तरह से तैयार है. राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भारत का सबसे बड़ा धार्मिक अनुष्ठा होगा. ऐसे में मंदिर और आंगतुकों की सुरक्षा को देखते हुए मंदिर में तीन तक दर्शन बंद रहेंगे. 20 जनवरी से 22 जनवरी तक आम लोग मंदिर के दर्शन नहीं कर पाएंगे. लेकिन 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से मंदिर में सभी लोगों को दर्शन की अनुमति होगी.

### 84 सेकेंड का शुभ मुहूर्त निकाला है काशी के पंडितों ने

प्राण प्रतिष्ठा पूजा के लिए काशी के पंडितों ने शुभ मुहूर्त निकाला है. द्रविड़ बंधु पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पंडित विश्वेश्वर शास्त्री ने मुहुर्त के समय की गणना की है. यह कार्यक्रम एक मिनट 24 सेकेंड में पूरा करा लिया जाएगा. दोनों पंडित ने कहा है कि 22 जनवरी दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से मूल मुहूर्त की शुरुआत होगी. 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक यह मुहुर्त चलेगा. इसी एक मिनट 24 सेकेंड में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को कराया जाएगा. इस मुहूर्त की शुद्धि भी की जाएगी. काशी के विद्वान पंडितों की मौजूदगी में पूरे कार्यक्रम को संपन्न कराया जाएगा. राम जन्मभूमि अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर देश-दुनिया में चर्चा में है. फिलहाल मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों जोरों पर है. इसके लिए 22 जनवरी 2024 की तारीख निर्धारित की गयी है. लेकिन खास बात यह है कि, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा केवल 84 सेकंड के सूक्ष्म मुहूर्त में ही की जाएगी. बताया जा रहा है कि, 84 सेकंड का यह मुहूर्त बहुत ही शुभ है जो कि भारत के लिए संजीवनी का काम करेगा. प्राण प्रतिष्ठा के इस मुहूर्त को विद्वानों और ज्योतिषाचार्यों द्वारा बहुत ही शुभ बताया गया है. कहा जा रहा है कि इस मुहूर्त के 16 में से 10 गुण अच्छे हैं.

### शॉपिंग मॉल में लगेगी राम मंदिर की प्रतिमूर्ति

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में मशहूर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को कहा कि उन्होंने स्थानीय लोगों से शॉपिंग मॉल, प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति लगाए जाने का आग्रह किया है. महापौर ने कहा कि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव के चलते उन्होंने यह अनुरोध किया है. भार्गव ने बताया, मैंने पत्र लिखकर संबंधित लोगों से आग्रह किया है कि वे 15 जनवरी से 22 जनवरी तक शहर के शॉपिंग मॉल, प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति लगाएं. उन्होंने कहा कि पत्र में यह आग्रह भी किया गया है कि उक्त अवधि में इन स्थानों पर वैसी ही रोशनी और सजावट की जाए, जैसी दीपावली के त्योहार पर की जाती है. अधिकारियों ने बताया कि देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में भार्गव ने लोहे के 21 टन कबाड़ से राम मंदिर की प्रतिकृति बनवाई है.

## आओ जानें

### 26 दिसंबर का इतिहास

- 1904 : दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली 'क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली' की शुरुआत
- 1908 : जैक जॉनसन ने कनाडा के टोनी बर्न्स को हराया और वह विश्व हैवीवेट मुक्केबाजी चैंपियनशिप जीतने वाले अफ्रीकी मूल के पहले अमेरिकी बने.
- 1978 : भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया. मोरारजी देसाई की सरकार ने 19 दिसंबर को इंदिरा गांधी को गिरफ्तार किया था
- 1997 : ओडिशा के प्रमुख नेता बीजू पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना की
- 1925 : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना
- 2003 : ईरान के दक्षिणी पूर्वी शहर बाम में रिक्टर पैमाने पर 6 .6 की तीव्रता वाले भूकंप से जान और माल का भारी नुकसान
- 2004 : शक्तिशाली भूकंप के बाद भारत, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और आसपास के क्षेत्रों में सुनामी ने भारी तबाही मचाई. लगभग दो लाख 30 हजार लोगों की मौत
- 2006 : आस्ट्रेलिया के फिरकी गेंदबाज शेन वार्न ने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेकर इतिहास रचा
- 2012 : चीन की राजधानी बीजिंग से देश के एक अन्य प्रमुख शहर ग्वांग्झू तक बनाए गए दुनिया के सबसे लंबे हाई स्पीड रेलमार्ग की शुरुआत

## कविता-संग्रह 'महुआ और पलाश' का हुआ लोकार्पण

संवाददाता। रांची



युवा कवि राकेश कुशवाहा के नवीनतम व द्वितीय कविता-संग्रह 'महुआ और पलाश' का लोकार्पण रामगढ़ के रांची रोड स्थित 'स्वतंत्र प्रकाशन' के कार्यालय में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद बलराम सिंह ने की. वरिष्ठ साहित्यकार कालेश्वर गोप मुख्य अतिथि एवं रामगढ़ महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. शारदा प्रसाद, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नीलोत्पल रमेश, सर्वधर्म समन्वय परिषद के संयोजक आचार्य आदित्य नारायण त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित थे. स्वतंत्र प्रकाशन के संस्थापक सुशील स्वतंत्र ने लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन किया. कालेश्वर गोप ने कहा कि राकेश कुशवाहा की कविताएं अंतिम जान की कविताएं हैं. वे एक संवेदनशील कवि हैं जो समाज में मौजूद विसंगतियों और गैर-बराबरी को गहराई से समझते हैं.

बलराम सिंह ने कहा कि पुस्तक का शीर्षक 'महुआ और पलाश' यह बताता है कि कवि झारखंड की धरती से कितनी गहराई से जुड़ाव रखता है. इस किताब की सारी कविताएं पठनीय, जनपक्षधर एवं धारदार हैं. उन्होंने 'कलयुग आया' व 'धीरे-धीरे' कविता का पाठ भी किया. डॉ. नीलोत्पल रमेश ने राकेश कुशवाहा की रचनाओं को बदलाव के लिए प्रेरित करने वाली कविताओं की संज्ञा दी. डॉ. शारदा प्रसाद ने कहा कि इस पुस्तक का और युवा कवि का स्वागत होना चाहिए.

## झारखंड ग्रैंड यूट्यूबर मीटअप में पहुंचे 100 से ज्यादा ब्लॉगर

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले के जैनामोड़ स्थित रॉयल गार्डन पार्क में सोमवार को झारखंड ग्रैंड यूट्यूबर मीटअप का आयोजन किया गया. मीटअप के संचालक नायक ब्लॉग ने बताया कि इस मीटअप में बतौर चीफ गेस्ट अमित एफएफ, डांसर सनातन और विजय रिया ब्लॉग्स भी पहुंचे थे. एक सौ से ज्यादा की संख्या में यूट्यूबर इस कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान विजय रिया ब्लॉग, डांसर सनातन व अमित एफ ने कहा कि इस तरह से मीटअप बोकारो में लगातार



होनी चाहिए, इसके लिए संगठन को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है. सभी ने जिले में ज्यादा से ज्यादा यूट्यूबर की संख्या बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम तय किया. मौके पर नायक ब्लॉग, गुप्ता जी टेक्निकल, आर नायक, सौरव झा ब्लॉग्स, केडी सुपर, देव महतो, अशोक महतो, रीना ब्लॉग्स, सोमा की दुनिया, मनोज ब्लॉगर, अमित स्टार आदि शामिल हुए.

## सावधान ! स्वाद-गंध ही नहीं आवाज भी छीन सकता है कोरोना!



शुभम संदेश नेटवर्क

कोरोना संक्रमण बेहद खतरनाक होता जा रहा है. अब तक कई बीमारियों का खतरा बन रहा कोविड 19 का इंफेक्शन अब आपकी आवाज भी छीन सकता है. हाल में आई एक स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. वैज्ञानिकों ने पाया कि कोरोना का संक्रमण स्वाद और गंध ही नहीं गले की आवाज भी छीन सकता है. कोविड 19 की वजह से वोकल कार्ड पैरालिसिस का पहला मामला भी सामने आया है.

**आवाज के लिए कितना खतरनाक कोरोना:** अमेरिका में मैसाचुसेट्स आई और ईयर हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं ने पाया है कि कोरोना इंफेक्शन तंत्रिका तंत्र से संबंधित या न्यूरोपैथिक समस्याएं भी हो सकती हैं. इसी वजह से वोकल कार्ड यानी आवाज की नली में पैरालिसिस का मामला मिला है. जर्नल पीडियाट्रिक्स में पब्लिश एक स्टडी रिपोर्ट में कोरोने से होने वाली दूसरी गंभीर समस्याओं को लेकर अलर्ट किया गया है.

**कोरोना से छिनी बच्ची की आवाज:** रिपोर्ट्स के अनुसार, सार्स-सीओवी-2 वायरस के इंफेक्शन के कुछ दिनों बाद ही 15 साल की एक लड़की को अचानक से सांस लेने की परेशानी होने लगी. जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो जांच में पाया गया कि तंत्रिका तंत्र पर कोविड के दुष्प्रभाव की वजह से लड़की को वोकल कॉर्ड पैरालिसिस हो गया. उसे पहले से ही अस्थमा और एंग्जाइटी की समस्या भी थी. शोधकर्ताओं ने बताया कि इस केस के एंडोस्कोपिक जांच में उसके वॉयस बॉक्स में पाए जाने वाले दोनों वोकल कॉर्ड में परेशानी देखी गई.

**वोकल कॉर्ड पैरालिसिस का पहला केस:** इस स्टडी को लिखने वालों का कहना है कि कोविड-19 की शुरुआत के बाद इस उम्र में वोकल कॉर्ड पैरालिसिस का यह पहला केस है. हालांकि वयस्कों में इस तरह की परेशानी पहले देखने को मिल चुकी है. हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में प्रोफेसर क्रिस्टोफर हार्टनिक का कहना है कि कोरोना संक्रमण से सिरदर्द, हार्ट अटैक और पेरिफेरल न्यूरोपैथी जैसी कई तरह की न्यूरोलॉजिकल समस्याएं देखने को मिल सकती हैं. इससे पता चलता है कि वोकल कॉर्ड पैरालिसिस का खतरा भी कोरोना वायरस से हो सकता है. इसलिए इसे गंभीरता से लेकर समय पर इलाज करवाना चाहिए.

कॅरियर-काउंसिलिंग

# मेटियोरोलॉजी की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

एजुकेशन रिपोर्टर। रजनीश प्रसाद

मेटियोरोलॉजी का अर्थ है अंतरिक्ष-विज्ञान. मेटियोरोलॉजी वायुमंडलीय विज्ञान का एक सब डिसिप्लिन है, जो मुख्य रूप से मौसम प्रक्रियाओं और फॉरकास्ट पर केंद्रित है. इस क्षेत्र में मौसम और जलवायु दोनों शामिल हैं और इसका संबंध भौतिकता, गतिशीलता और पृथ्वी के वायुमंडल की रासायनिक अवस्था से है. वायुमंडल और पृथ्वी की सतह के बीच परस्पर जो क्रिया होती है, उससे भी इसका संबंध है. भविष्य में मौसम कैसा रहेगा? इस बात को जानने के लिए मौसम का हाल पहले से जानना ही मौसम की भविष्यवाणी कहलाता है, जिसे मेट्रोलॉजी भी कहते हैं. मानव के लाभ के लिए भविष्यवाणियां करने के लिए वातावरण की निगरानी और अध्ययन करने वाले जिम्मेदार व्यक्ति को मौसम वैज्ञानिक कहा जाता है. स्पेस रिसर्च और डेवलपमेंट एजेंसीज सहित विभिन्न सरकारी उद्योगों में मौसम विज्ञानी अत्यधिक मांग में हैं. डिफेंस रिसर्च और डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन वेदर फोरेकास्टिंग डेवेलपमेंट और माइनिंग डिपार्टमेंट में भी मेटियोरोलॉजिस्ट की मांग बहुत है.

### मौसम विज्ञानी कौन होते हैं

मौसम विज्ञानी वह व्यक्ति हैं, जो मौसम का पूर्वानुमान लगाते हैं. इनका कार्य मौसम का अध्ययन करने के साथ-साथ वायुमंडल के बारे में पूर्वानुमान लगाना भी होता है. मौसम विज्ञानी पृथ्वी के वायुमंडल और भौतिक वातावरण का पृथ्वी पर प्रभाव और परिणाम का अध्ययन करते हैं. अक्सर मानसून के समय हम देखते हैं कि समाचार में लगातार मौसम को लेकर भविष्यवाणी आती रहती है कि किस क्षेत्र में कितने समय तक कितनी बारिश होगी, कहां ओले गिरेंगे. सर्दी के मौसम में कहां ठंड ज्यादा होगी, कहां सुनामी आ सकती है, कहां सूखा पड़ सकता आदि. मौसम की इस प्रकार की भविष्यवाणी मौसम विज्ञानी द्वारा की जाती है. पर्यावरण में बदलाव होने की प्रक्रिया का अध्ययन मौसम विज्ञानी द्वारा किया जाता है.

### मेटियोरोलॉजी कोर्सेज

- डिप्लोमा इन मेटियोरोलॉजी
- बीएससी इन मेटियोरोलॉजी
- बीटेक इन मेटियोरोलॉजी
- एमएससी इन मेटियोरोलॉजी
- एमटेक इन मेटियोरोलॉजी
- पीएचडी इन मेटियोरोलॉजी

### मेटियोरोलॉजी की ब्रांच

- क्लाइमेटोलॉजी
- साइनोटिक मेट्रोलॉजी
- डायनामिक मेटियोरोलॉजी
- अप्लाइड मेटियोरोलॉजी
- एविशन मेटियोरोलॉजी
- हाइड्रो मेटियोरोलॉजी



### मेटियोरोलॉजी की पढ़ाई करने के लिए टॉप यूनिवर्सिटीज

- द यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी
- मोनाश यूनिवर्सिटी
- डरहम यूनिवर्सिटी
- कर्टिन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग
- वर्जीनिया टेक
- यूनिवर्सिटी ऑफ केप टाउन
- आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी
- विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ऑफ वेलिंगटन
- फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

- कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, केरला
- आंध्र यूनिवर्सिटी, विशाखापट्टनम
- शिवाजी यूनिवर्सिटी, विद्यानगर
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर
- बीयू भोपाल
- एसआरएम यूनिवर्सिटी, अमरावती
- संत जेवियर्स कॉलेज, मुंबई
- डीजी वैष्णव कॉलेज, चेन्नई
- टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई

### रोजगार के अवसर

- मेटियोरोलॉजिकल रिसर्च सेंटर
- मेटियोरोलॉजी डिपार्टमेंट इन स्टेट एंड सेंटर
- एग्रीकल्चरल प्लानिंग डिवीजन
- एयर क्राफ्ट एंड मिसिल मैन्युफैक्चरर्स
- वेदर कंसलटिंग ऑर्गेनाइजेशन
- नेवी
- एयर फोर्स

### मेटियोरोलॉजिस्ट के लिए भर्ती एजेंसियां

- इंडियन मेटियोरोलॉजी डिपार्टमेंट
- डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइज़ेशन
- नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी
- स्पेस एप्लीकेशन सेंटर
- इंडियन एयर फोर्स
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेटियोरोलॉजिस्ट
- डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन
- डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन
- यूनिवर्सिटीज एंड कॉलेज
- एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज़

### मेटियोरोलॉजी के क्षेत्र में काम

- **इंडस्ट्रियल मेटियोरोलॉजी:** इंडस्ट्रियल मेटियोरोलॉजी औद्योगिक प्रदूषण और उत्सर्जन का अध्ययन करने और ऐसे उत्सर्जन और औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक समाधान खोजने के लिए जिम्मेदार हैं, क्योंकि उनका पर्यावरण पर एक बड़ा प्रभाव पड़ता है।
- **फिजिकल मेटियोरोलॉजी:** फिजिकल मेटियोरोलॉजी वातावरण की भौतिक और रासायनिक प्रकृति, और इसके ऑप्टिकल, ध्वनिक और विद्युत गुणों की पढ़ाई करते हैं। वे वातावरण के इन गुणों से संबंधित समस्याओं का पता लगाते हैं और अध्ययन और शोध के आधार पर समाधान की योजना बनाते हैं.
- **रिसर्च मेटियोरोलॉजी:** रिसर्च मेटियोरोलॉजी जलवायु और मौसम के पैटर्न का अध्ययन करके वर्षा, आर्द्रता, हवा और तापमान से संबंधित डेटा का विश्लेषण और व्याख्या करना.
- **मेटियोरोलॉजी प्रोफेसर और लेक्चरर:** मेटियोरोलॉजी प्रोफेसर और लेक्चर्र बैचलर और मास्टर्स स्तर के छात्रों को मेटियोरोलॉजी के बारे में पढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं. यूजीसी-नेट पास करने के बाद, उम्मीदवार मेटियोरोलॉजी व्याख्याता या शीर्ष आईआईटी या अन्य कॉलेजों में प्रोफेसर बन सकते हैं जो मेटियोरोलॉजी पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं.




### जॉब अलर्ट

1. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने जूनियर असिस्टेंट, सीनियर असिस्टेंट के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया हैं. इसका आवेदन प्रक्रिया शुरू है.
   - एएआई जूनियर सीनियर असिस्टेंट भर्ती 2023 डिटेल्स
   - संगठन – भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
   - पद नाम – जूनियर सीनियर असिस्टेंट
   - पद संख्या – 119
   - सैलरी – 92,000/-
   - योग्यता – डिग्री
   - नौकरी का स्थान – सम्पूर्ण भारत
   - आवेदन मोड – ऑनलाइन
   - ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 26 जनवरी 2024
   - ऑफिसियल साईट – https://www.aai.aero/

2. सेंट्रल बैंक में सफाई कर्मचारी भर्ती 2023 नोटिफिकेशन जारी हो गया है. इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है. इच्छुक उम्मीदवार इस पर आवेदन कर सकते हैं.
   - बैंक का नाम – सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
   - पद नाम – सफाई कर्मचारी, सब स्टाफ
   - पद संख्या – 484
   - वेतन – 28,145 रुपये
   - योग्यता – 10वीं
   - नौकरी का स्थान – सम्पूर्ण भारत
   - आवेदन मोड – ऑनलाइन
   - ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 09 जनवरी 2024
   - ऑफिसियल साइट – https://centralbankofindia.co.in/

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में शिवा साई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा, रांची- 83522 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)